शिवायनम्

प्रो॰ बलजिन्नाथपण्डितव्याख्यान



प्रधान सम्पादक प्रो॰ विश्वमूर्ति शास्त्री

प्राचार्य राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय, श्री रणवीर परिसर, कोट-भलबाल, जम्मू काश्मीर-181122

॥ शिवायनम् ॥

प्रो० बलजिन्नाथपण्डितव्याख्यान

•प्रकाशनम् –

राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम् , नवदेहलीद्वारोपपादितवित्तानुदानेन प्रकाशितम्।

•सम्पादकमण्डली–

प्रो०विश्वमूर्तिशास्त्री
प्रो०वैद्यनाथझा
डॉ०नारायणन् ई०आर०
डॉ०सतीशकुमारकपूरः

•© श्रीरणवीरपरिसरः, जम्मूः ।

•प्रथम संस्करण मई–2010

•मुद्रक हांडा प्रिर्टस, किगंरा गेट,
जालन्धर, पञ्जाब
☎ 09888395881

विषयानुक्रमणिका

क्रमांक	विषय	पृष्ठ
1–	अभिनवगुप्तकृत भगवद्गीतार्थसंग्रह के परिप्रेक्ष्य में काश्मीर शैवदर्शन	1–15
2–	शैव सम्प्रदायों में काश्मीर शैव सिद्धान्त के दार्शनिक पक्ष	16–24
3–	Kashmir Shaivism	25–31
4–	Professor Baljinnath Pandit :More than a Memory	32–36
5–	Prof. (Dr.) B.N. Pandit A Saiva Philosopher of Kashmir	37–40
6–	Prof.(Dr) Baljinnath Pandit A life Sketch	41–46
7–	शैवागमे निहित प्रकृति–पुरुषयोः मनोविश्लेषणवादात्मकविवेचनम्	47–49
8–	शैवागम में शाक्तदर्शन	50–59
9–	शैवदर्शन का ईश्वराद्वयवाद	60–64
10–	काश्मीर शैव दर्शन के अनुसार जीव की अवधारणा	65–71
11–	काश्मीर शैव दर्शन के अनुसार जगत्	72–78
12–	नीलमतपुराणस्य ऐतिहासिकं सांस्कृतिकं च महत्त्वम्	79–82
13–	भाषा विज्ञान के आदि आचार्य महर्षि पाणिनि	83–95
14–	Flander's Interaction Analysis Technique	96–101

सम्पादकीयम्

काश्मीरशैवदर्शनं हि जम्मूकाश्मीरप्रान्तस्य किमपि प्रातिस्विकममूल्यं निधानं वरीवर्त्ति। तत्राचार्यसोमानन्दस्य शिवदृष्टिः, आचार्योत्पलदेवस्य ईश्वरप्रत्यभिज्ञा सिद्धित्रयी च, आचार्याभिनवगुप्तस्य च तन्त्रालोकप्रमुखा ग्रन्थाः काश्मीरशैवदर्शनस्याधारभूमेर्दार्शनिकनिबन्धनं विद्यन्ते। आधारभूमावस्या–माचार्यक्षेमराजस्य प्रत्यभिज्ञाहृदयम्, स्पन्दसन्दोहः, पराप्रवेशिका बोधविलासश्च, आचार्ययोगराजस्य परमार्थसारटीका, कौलसम्प्रदाये च गोरक्षनाथमहेश्वरानन्दस्य महार्थमञ्जरी, शितिकण्ठस्य महानयप्रकाशः, पुण्यानन्दनाथस्य कामकलाविलासः, स्वतन्त्रानन्दनाथस्य मातृकाचक्रविवेकः, वातूलनाथस्य सूत्रम्, चक्रपांणिनाथस्य भावोपहारश्चेति सुतरामुपादेयमहिमानोऽद्वितीया ग्रन्था विलसन्ति।

सप्तदश–शताब्द्यां सिद्धपुरुषेण श्रीसाहिबकौलेन कल्पवृक्षप्रबन्धः, सच्चिदानन्दकन्दली, शिवजीवदशकं चैत्यादयो नैके ग्रन्थाः प्रणिन्यिरे। अष्टादश–शताब्द्यां श्रीशिवोपाध्यायेन श्रीविद्याग्रन्थो विज्ञानभैरवटीका च विरचयाञ्चक्राते। इत उत्तरं शैवाचार्यनागार्जुनस्य चित्तसन्तोषत्रिंशका, परमार्चनत्रिंशिका चेति स्तोत्रद्वयी, कालिदासनामधेयस्य सिद्धपुरुषस्य चिद्गगनचन्द्रिका, विरूपाक्षनाथस्य विरूपाक्षपञ्चाशिका चापि परमरमणीयानि शैवस्तोत्राणि वर्तनते।

इत्थं काश्मीरेषु शैवदर्शनग्रन्थप्रणयनपरम्परा ह्यासाम्प्रतं प्रवर्ततेतराम्। अस्यामेव परम्परायामाचार्यबलजिन्नाथपण्डितप्रवरस्यापि महदवदानं चकास्ति। पञ्चदशोत्तरैकोनविंशतिशततमे वर्षे दक्षिणकाश्मीरस्थकुलगामनामग्रामे लब्धजनेः काश्मीरशैवदर्शनदृङ्निपातमणिमरीचिचर्चनाभिर्भुवमलञ्चक्रुषो महाविदुषो डॉ० बलजिन्नाथपण्डितस्य नाम नूनमविस्मरणीयं विद्यते। महामनीषिणोऽमुष्य रचनात्मकं कृत्यं हिन्दीसंस्कृताङ्ग्लत्रिवेणीवगाहनपटीयः प्रतितिष्ठति। अमुना हि चतुर्दश ग्रन्था जग्रन्थिरे येषु किल स्वातन्त्र्यदर्पणो मूर्ध्नि विराजते। मनसा वाचा कर्मणा च शैवदर्शनमात्मसात्कृतमिव प्रतिभाति खल्वमुष्य जीवने। ईदृशो वैचारिकवैभवस्य नितरामविस्मरणीयतामपरिहार्यतां च विचार्य प्रवर्तिता तन्नामधन्या व्याख्यानमाला राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानस्य श्रीरणवीरपरिसरं गहनचिन्तनचर्चासुगन्धैरामोदयतितराम्।

महतः सौभाग्यस्य विषयोऽयं यद्राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानस्य कुलपतयो मान्याः प्रोफेसरराधावल्लभत्रिपाठिनः खल्वीदृग्व्यतिकरेषु निरवधि बद्धपरिकरा

एव तिष्ठन्ति। न केवलं श्रीरणवीरपरिसरे प्रत्युत प्रायः सर्वेष्वपि सांस्थानिकपरिसरेषु विषयवैविध्यमनुध्याय विविधाः परियोजनाः प्रवर्तयितुं प्रवृत्तपूर्वाश्च ताः प्रवर्धयितुं महताऽभियोगेन ते संनह्यन्ति। श्रीरणवीरपरिसरे प्रवर्तमानायां शैवदर्शनकोशपरियोजनायामेव प्रो०बलजिन्नाथपण्डित–व्याख्यानमालायाः सप्रकर्षं परिपोषणार्थमार्थिकमनुदानमुपपाद्य तैर्वदान्यैर्वस्तुतः सार्थक्यमस्या उपकल्पितमित्यायतावपि प्रत्यक्षमपेक्ष्यमाणदृगुन्मेषाः सविशेषं तत्रभवन्तो धन्यवादार्हाः।

ऐषमः खल्वेतस्यां व्याख्यानमालायामारादाराच्च समुपस्थितानां मनीषिणां वैचारिकनिबन्धनैरुपनिबद्धय प्रस्तुतानि काश्मीरशैवदर्शनचर्चा पवित्राणि शोधव्याख्यानपत्राणि सङ्कलय्य हि शोधपत्रिकास्वरूपमिव निरूपयितुमिह समुपक्रम्यते। संस्कृते, हिन्द्यामाङ्गलभाषायां चोपनिबद्धेष्वेतेषु व्याख्यानेषु क्वचित् काश्मीरशैवदर्शन चर्चा, क्वचिदन्यदर्शनतारतम्यचिन्तनं, क्वचिच्चायार्यबलजिन्नाथपण्डितस्य शैवसमर्पणं जीवनदर्पणं विराजते।

अथैषमोऽवसाने समायोजितायां विशिष्टव्याख्यानमालायां प्रस्तुतानि व्याख्यानान्यापि सममेव विभज्य समुपन्यस्तानि किलैकत्रिकसङ्कलन–सौकर्यैकप्रयोजनात्।

प्रो० वेदकुमारीघई, डॉ० बदरीनाथकल्ला, डॉ० प्रकाशपाण्डेय, डॉ० ब्रजमोहन शर्मन, डॉ० गिरिजाशर्मा, कश्मीरीपण्डितसभासदस्यानाम् अस्य कार्यक्रमस्य सञ्चालकानां श्रीमतां **प्रो०यशःपालखजूरिया** महोदयानां हृदेयन कार्तज्ञं विभर्मियैरस्य कार्यक्रमस्य साधु निर्वहनं विहितम् । अस्मिन् अवसरे अन्येऽपि परिसरीय सदस्याः प्रत्यक्षं परोक्षं वा साहाय्यमर्पितवन्तो ध्रुवं धन्यवादार्हाः। तत्र **प्रो० वैद्यनाथझा, डॉ० नारायणन् ई०आर०, डॉ० सतीशकुमारकूपरश्चेत्येतैः** पृथग्विस्तीर्णानां समेषां शोधनिबन्धानाम् एकत्रोपन्यसने सुव्यवस्थितग्रंथने सम्पादनसंशुद्धौ च महान् सहयोगो विहित इति तेऽपि धन्यवाद भागः। कार्यालयपक्षतः **श्रीमगतसिंह, श्री सुमनलाल** महोदययोरपि खल्वस्मिन्नुपक्रमे प्रकाशनादिव्यवस्थापरिश्रमः सार्धायान् प्रशस्यतां भजते।

सोऽयं प्राञ्जलः प्रयासः शैवदर्शनानुग्रहजुषां मनीषिणामपरेषामपि च विदुषां मनोमोदमुद्भावयन्नुत्तरोत्तरं साफल्याय कल्पतामिति–

प्रो०विश्वमूर्तिशास्त्री
प्राचार्यः

प्रो.राधावल्लभ त्रिपाठी
कुलपति
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान
मानित विश्वविद्यालय
(मानवसंसाधनमंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)

Prof. Radhavallabh Tripathi
Vice-Chancellor
RASHTRIYA SANSKRIT SANSTHAN
Deemed University
(Under ministry of HRD, Govt. of India)

।। शुभाशंसा ।।

श्रीवैष्णवीचरणधूलिपवित्रधाम्नि जम्मूकाश्मीरप्रान्ते काश्मीरशैवदर्शनस्य चिरन्तनपुण्यश्रियः सुतरां समुल्लसन्ति। तत्र विशिष्य राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानस्य श्रीरणवीरपरिसरे शैवदर्शनकोषपरियोजना पुनरिमाः परिपुष्णाति। वार्षिकी शैवदर्शनव्याख्यानमालाऽध्यात्म–सुगन्धैस्तन्महिमानमुत्तरोत्तरमिह समेधयति। ऐषमः खलु व्याख्यानमालायाः सकलान्यपि

मननकुसुमान्यवचित्यावचित्य काश्मीरशैवदर्शनसन्दर्भा सुविचारगर्भा पत्रिकाऽपि दिष्ट्या प्रादुरस्ति। संस्कृते हिन्द्याम् आङ्ग्ल्यां चेति त्रिवेण्यामिव निष्णातेयं पत्रिकोत्तरोत्तरमायतावुत्कर्षानात्मनि समुद्भरिष्यति श्रेयांसि च विकसन्मनांसि वितरिष्यति समन्तादिति दृढमाशासे।

कुलपतिः
प्रो॰ राधावल्लभ त्रिपाठी
राष्ट्रिय–संस्कृत–संस्थानम्
(मानित विश्वविद्यालयः)
नई दिल्ली

प्रो.रामानुजदेवनाथः
कुलसचिवः
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान
मानित विश्वविद्यालय
(मानवसंसाधनमंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)

Prof. Ramanujadevanathan
Registrar
RASHTRIYA SANSKRIT SANSTHAN
Deemed University
(Under ministry of HRD, Govt. of India)



।। शिवसङ्कल्पमस्तु ।।

अथ कश्मीरशैवदर्शनमनितरसाधारणं स्थानं भजते दर्शनेषु। आचार्यवसुगुप्तादारभ्य प्रवर्तित एषः सम्प्रदाय आचार्योत्पलदेवा– भिनवगुप्ताभ्यां समवर्धि। कश्मीरदेशीयैराचार्यैर्न किञ्चिद्वाङ्मयं पर्यत्याजि यत्र तेषां वैदुष्यमुद्रा प्रतिष्ठापिता नैवाभवत्। अभिनवगुप्तस्य श्रीमद्भगवद्गीताया व्याख्यानं कश्मीरशैवदर्शनेऽनुपमं स्थानमावहति।

न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः।
न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते।।

इति गीताश्लोकव्याख्यानावसरे यच्च प्रातिभं प्रादर्शि अभिनवगुप्तेन, तच्च बुद्धेः पराकाष्ठाया निदर्शनं परममिति न पुनर्वक्तव्यम्। सृजति प्रभुः, स्वभावस्तु प्रवर्तत इति द्वे वाक्ये आधृत्य स्वातन्त्र्य–स्वभाववादौ सुपुणं प्रस्तोतुं कोऽन्यश्शक्नुयादभिनवगुप्तात्।

एतादृशशैवदर्शने पटिष्ठा आचार्या विद्वांसो बलजिन्नाथपण्डिता बहुमुखप्रतिभासम्पन्ना व्यराजन्त इत्यत्र विद्वल्लोक एव प्रमाणम्। तेषां स्मृतौ समायोजितायां व्याख्यानमालायां प्रस्तुतानां प्रबन्धानां सङ्कलनं विधाय ग्रन्थरूपेण प्राकाश्यन्नीयत इति विदित्वा मोमुदीति नश्चेतः। स्वीयशोधप्रबन्धैरमुं शोधग्रन्थं मण्डितवद्भ्यो विद्वद्भ्यो धन्यवादं व्याहर्तुं हर्षमनुभवामः। शिवायनन्नाम्ना प्रकाश्यमानः एषः ग्रन्थः परिसरप्राचार्याणां विद्वन्मणीनां राष्ट्रपतिसम्मानपत्रेण विभूषितानां कुशलप्रशासकानां श्रीमताम् आचार्यविश्वमूर्तिशास्त्रिणां परिश्रमस्य फलमिति तेभ्यः सनमोवाकं कृतज्ञतावचांसि व्याहरामः। सम्पादनकर्मणि विद्वत्साहाय्यमाचरितवद्भ्यः समेभ्यः साधुवादान् आविष्कुर्महे। ग्रन्थोऽयन्नूनं सर्वैरादृतो भूयादित्याशास्महे।

अशेषविघ्नशमनोऽनीकेश्वरोऽव्यात्। इत्थं विदुषां वचनकरः
विकृति–मिथुन–कृष्ण–द्वितीया – रामानजदेवनाथः
श्रवणायुतो मङ्गलवासरः

1

अभिनवगुप्तकृत भगवद्गीतार्थसंग्रह के परिप्रेक्ष्य में काश्मीर शैवदर्शन

प्रो॰ वेद कुमारी घई

उत्पलाचार्य के प्रशिष्य अभिनवगुप्त साहित्यशास्त्र और दर्शनशास्त्र के अप्रतिम विद्वान् थे। साहित्यशास्त्र के क्षेत्र में उन की अमरकृतियाँ अभिनवभारती और लोचन हैं तथा काश्मीर शैवदर्शन के क्षेत्र में उन्होंने ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी, तन्त्रालोक, तन्त्रसार, मालिनीविजयवार्तिक, परमार्थसार, परात्रिंशिका–विवृति ग्रन्थों की रचना कर के अमिट ख्याति प्राप्त की है। भारत के प्रसिद्धतम धार्मिक ग्रन्थ भगवद्गीता पर भी उन्होंने संक्षिप्त टीका भगवद्गीतार्थसंग्रह लिखी है। प्रत्येक अध्याय के अन्त में उन्होंने एक स्वरचित पद्य दिया है जिसे उनकी दृष्टि में उस अध्याय का सार कहा जा सकता है। ये अठारह पद्य भगवद्गीता के तत्त्वार्थ को प्रकट करने के साथ–साथ काश्मीर शैवदर्शन के सिद्धान्तों का भी गीता के साथ समन्वय उपस्थित करते हैं।

भगवद्गीता के अक्षरब्रह्मयोग नामक आठवें अध्याय के अन्त में अभिनवगुप्त ने एक पद्य दिया है –

सर्वतत्त्वगतत्वेन विज्ञाते परमेश्वरे।
अन्तर्बहिर्न सावस्था न यस्यां भासते विभुः।।

सार श्लोक 8

अर्थात् सभी तत्त्वों में परमेश्वर की व्याप्ति को जान लेने पर भीतर बाहर कहीं ऐसी अवस्था नहीं दीखती जहां परमेश्वर प्रकाशित न हो रहा हो। अभिनवगुप्त की इस उक्ति का आधार इसी अध्याय के तृतीय और चतुर्थ श्लोक हैं जिनमें कभी न विनष्ट होने वाले अक्षर ब्रह्म को ही जीवात्मा बताया गया है। अध्यात्मरूप जीवात्मा परमात्मा का ही स्वभाव या स्वरूप होता है। जीवात्मा परमात्मा से पृथक् नहीं

अभिन्न है। वही देह में अधियज्ञ है।[1]

भगवद्गीता के ग्यारहवें अध्याय में श्रीकृष्ण अर्जुन को विश्वरूपदर्शन करवाते हैं। कृष्ण द्वारा दी गई दिव्य दृष्टि से अर्जुन भगवान् के विश्वरूप में समस्त जगत् को देखते हैं। दिव्यदृष्टि ही ज्ञानदृष्टि है जिसके द्वारा अनेकरूप जगत् में एक ब्रह्म को देखा जाता है। परमात्मा एक, अद्वैत, अखण्ड और एकरस है। इसी अद्वैत का वर्णन करते हुए अभिनवगुप्त कहते हैं –

शुद्धाशुद्धविमिश्रोत्थसंविदैक्यविमर्शनात्।
भूर्भुवःस्वस्त्रयं पश्यन्समत्वेन समो मुनिः।।[2]

शुद्ध प्रमाता, अशुद्ध प्रमेय और शुद्धाशुद्ध प्रमाण पर विचार करके ऐक्य विमर्श से भूः भुवः और स्वः इन तीनों लोकों को समत्व से देखते हुए साधक सम हो जाता है अर्थात् शिव से एकाकार हो जाता है। विश्वात्मक वासुदेव का स्वरूप सहज में ही विमर्शात्मक बोध में परिणत हो जाता है।[3]

काश्मीर शैवदर्शन के अनुसार शिव विश्वोत्तीर्ण भी है और विश्वमय भी हैं। विश्वोत्तीर्ण रूप में यह प्रकाशमयरूप में जड़ चेतन सम्पूर्ण प्रपञ्च को आत्मसात् किये रहता है और विश्वमय रूप में स्वातन्त्र्य शक्ति द्वारा शिवादि से पृथिवी पर्यन्त जगद्रूपता को धारण करता है। शिव जब विश्वोन्मीलन की इच्छा करता है तो उसकी स्वातन्त्र्य शक्ति से सद्विद्या पर्यन्त पञ्च तत्त्वों की उत्पत्ति होती है –

शिव, शक्ति, सदाशिव, ईश्वर और सद्विद्या। यह शुद्ध सृष्टि कही गई है। शिवतत्त्व और शक्तितत्त्व तो अभेद की अवस्था में आते हैं, भेदाभेद की दशा में सदाशिव, ईश्वर, सद्विद्या के प्रमाता आते हैं। इसके आगे माया तत्त्व से लेकर पृथिवी पर्यन्त की सृष्टि अशुद्धसृष्टि कही जाती है। इस सृष्टि में भेदज्ञान की प्रधानता होती है। माया रूप भेदबुद्धि से आच्छादित हुआ प्रमाता प्रमेय जगत् को अपने से पृथक्

देखता है। माया से प्रादुर्भूत कलातत्त्व, विद्यातत्त्व, रागतत्त्व, कालतत्त्व, नियतितत्त्व इन पञ्च कञ्चुकों में पशुभाव (जीव) को प्राप्त हुए शिव की सर्वकर्तृत्व, सर्वज्ञत्व, पूर्णत्व, नित्यत्व व्यापकत्व शक्तियाँ संकुचित रूप में प्रकट होती हैं। "मैं इतना ही कर सकता हूँ , मैं इतना ही जानता हूँ" इस प्रकार किञ्चित् कर्तृत्व, किञ्चिद् ज्ञत्व आदि सीमित शक्तियों की अनुभूति (पशु) जीव को होती है। इस अवस्था में वह पुरूष कहलाता है।[4] जब वह अपने असली रूप को पहचान लेता है तब प्रमाता, प्रमेय़, प्रमाण के भेद को समाप्त कर समदृष्टि हो जाता है। परमानन्द से भरपूर हुआ वह अनायास ही सब अवस्थाओं में ब्रह्मसत्ता की अनुभूति करता है। इसी भाव को अनुभव करते हुए वह शिव से एकाकार हो आता है। गीता के बारहवें अध्याय की टीका करते हुए अभिनवगुप्त ने अन्त में स्वरचित निम्न पद्य में यही बात कही है–

परमानन्दवैवश्यसञ्जातावेशसम्पदः।
स्वयं सर्वास्ववस्थासु ब्रह्मसत्ता ह्ययत्नतः।।

सारश्लोक 12

जिसे परम आनन्द से बेबस होकर भावावेश का धन मिल गया हो उसे स्वयं सभी अवस्थाओं में ब्रह्म की सत्ता सहज प्राप्त हो जाती है। आगे चलकर गीता के तेरहवें अध्याय के अन्त में अभिनवगुप्त लिखते हैं –

पुमान्प्रकृतिरित्येष भेदः संमूढचेतसाम्।
परिपूर्णास्तु मन्यन्ते निर्मलात्ममयं जगत्।।

सारश्लोक 13

अर्थात् यह पुरुष है, यह प्रकृति है, यह भेद अज्ञानावृत जीवों के लिए है। परिपूर्णता को प्राप्त हुए साधक जगत् को निर्मल आत्मरूप अर्थात् शिवमय मानते हैं ।

सांख्य दर्शन के अनुसार पुरुष और प्रकृति अनादि हैं तथा स्वतन्त्र

हैं। भगवद्गीता में भी पुरुष और प्रकृति को अनादि कहा है। राग द्वेष आदि विकारों तथा त्रिगुणात्मक पदार्थों को भी प्रकृति से ही उत्पन्न माना गया है। परन्तु यहाँ प्रकृति सांख्य की प्रकृति की तरह स्वतन्त्र न होकर परमेश्वर की परतन्त्र शक्ति है। सांख्य प्रकृति और पुरुषों (जीवात्माओं) को स्वतन्त्र तत्त्व मानता है किन्तु गीता में दोनों परमेश्वर के ही रूप है।[5] इस तेरहवें अध्याय में प्रकृति को क्षेत्र कहा है और जीवात्मा को क्षेत्रज्ञ कहा है। सातवें अध्याय में प्रकृति को जड़रूपा अपरा प्रकृति कहा है। जीवात्मा अथवा क्षेत्रज्ञ परमेश्वर की पराप्रकृति है। दोनों ही परमात्मा के रूप हैं। इस प्रकार गीता समन्वयात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है जो काश्मीर शैवदर्शन के निकट हैं।

शैवदर्शन की दृष्टि से भगवद्गीता के तेरहवें अध्याय के दूसरे तथा तीसरे श्लोकों की व्याख्या करते हुए अभिनवगुप्त कहते हैं – संसारी जीवों का शरीर ही क्षेत्र है जिसमें कर्मरूपी बीज अंकुरित होते हैं। इसीलिए उन संसारियों की आत्मा अपनी इच्छा से आने वाले पाप पुण्य से ढका हुआ क्षेत्रज्ञ कहलाता है। बुद्धिमानों के लिए वह जीवात्मा ही क्षेत्र है और परमात्मा वासुदेव क्षेत्रज्ञ है। इसके अतिरिक्त विशेष अर्थ यह है कि सीमित व्यापकता का आश्रय लेकर जीवात्मा (क्षेत्रज्ञ) कहलाता है। व्यापक रूप से सभी शरीरों में ठहरा हुआ परमात्मा भगवान् वासुदेव (क्षेत्रज्ञ) है।[6] वह क्षेत्रज्ञ परमात्मा त्याग और ग्रहण रूप फल की इच्छा से सांसारिक जीवों का सृजन, पालन, संहार नहीं करते। यह सब स्वात्म महेश्वर के स्वभाव का ही विकास है। गीता में कहा है –

न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः।
न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते।। 5.14

भगवद्गीता के इसी श्लोक की व्याख्या करते हुए अभिनवगुप्त

काश्मीर शैवदर्शन के स्वातन्त्र्य सिद्धान्त की चर्चा करते हुए लिखते हैं–

संविद् रूप भगवान् जो प्रकाश आनन्द तथा स्वातन्त्र्य से पूर्ण पारमार्थिक स्वभाव वाले हैं, वे अपने ही स्वरूपविकास से सभी जगत् की सृष्टि, स्थिति और संहार करते हैं। ऐसा करने पर भी उनकी अपने स्वभाव से तनिक भी च्युति नहीं होती।[7] शिव के इसी नैसर्गिक स्वभाव और स्वातन्त्र्य का उल्लेख डॉ. बलजिन्नाथ अपनी पुस्तक स्वातन्त्र्यदर्पण में इस प्रकार करते हैं – परमशिव स्वयं ही सृष्टि आदि पञ्चकृत्यों को करते हैं। इनके सम्पादन में उन्हें अपने से भिन्न किसी उपादान की आवश्यकता नहीं होती। यही उनकी स्वतन्त्रता है।[8]

भगवद्गीता के इस श्लोक की व्याख्या में अभिनवगुप्त ने काश्मीर शैवदर्शन के दो प्रमुख सिद्धान्तों स्वातन्त्र्यवाद और स्वभाववाद को प्रस्तुत किया है।

जड़ वस्तुओं के परिणाम में हम देखते हैं कि जब कोई प्रकृति विकृति में परिणत होती है तो प्रकृति अदृश्य हो जाती है। दूध प्रकृति है जब वह दही के रूप में बदलता है तो दूध नहीं रहता। जड़ वस्तुओं के परिणाम का यही नियम है परन्तु परमेश्वर जब जीव और जगत् के रूप में प्रकट होता है तो उसकी परमेश्वरता उसी प्रकार बनी रहती है। "परम शिव की इच्छा से उसी के प्रकाश के भीतर दर्पण में पड़े हुए प्रतिबिम्बों के न्याय से जब उसी की अपनी ही शक्तियों के प्रतिबिम्ब अभिव्यक्त हो जाते हैं तो शिवतत्त्व से लेकर पृथ्वीतत्त्व तक और उनमें रहने वाले प्रमाता, प्रमेय, प्रमाण के प्रपञ्च की सृष्टि हो जाती है। इसे परिणाम न कहकर स्वातन्त्र्य कहते हैं।[9] परमशिव स्वयमेव अपने से ही अपने भीतर, अपनी ही महिमा से अपने को अनन्त वैचित्र्यपूर्ण जगत् के रूप में प्रकट करता है। जैसे निर्मल दर्पण में नीले पीले आदि विविध प्रतिबिम्बों के पड़ने पर दर्पण की निर्मलता में कोई अन्तर नहीं आता उसी प्रकार शिव की परमेश्वरता में कोई अन्तर नहीं आता। दर्पण को प्रतिबिम्ब धारण करने के लिए

अपने से भिन्न बिम्बों की आवश्यकता होती है परन्तु शिव को अपने से भिन्न किसी उपादान की आवश्यकता नहीं होती। यह उसके स्वातन्त्र्य की महिमा है। पूर्णस्वतन्त्र परमशिव की प्रकाशात्मकता उसकी ज्ञानस्वरूपता है और उसकी विमर्शात्मकता उसकी क्रियास्वरूपता है। यह सारा जगत् प्रपञ्च उसकी क्रियास्वरूपता है। प्रश्न उठता है कि परमशिव ऐसा करता क्यों है ? वह असीम अनन्त अपने को सीमित जैसा क्यों प्रकट करता है ? इस प्रश्न का उत्तर शैवदर्शन के स्वभाववाद में है। आग गर्म क्यों होती है ? गर्मी आग का स्वभाव है। इसी प्रकार परमेश्वर का नैसर्गिक स्वभाव है कि वह अपनी इच्छा से, अपने स्वातन्त्र्य की क्रीड़ा में अपने को जीवभाव में प्रकट करता हुआ शिवभाव को भुला देता है तथा देश, काल तथा आकार की सीमाओं से परे होने पर भी देश, काल, आकार की कल्पित सीमाओं में बाँध कर अपने आप को सीमित जैसा प्रकट कर देता है।[10]

इस जीवावस्था में भेदबुद्धि उत्पन्न होती है। गीता के पन्द्रहवें अध्याय के अन्त में अभिनवगुप्त लिखते हैं –

हत्वा द्वैतमहामोहं कृत्वा ब्रह्ममयीं चितिम्।
लौकिके व्यवहारेऽपि मुनिर्नित्यं समाविशेत्।।

सारश्लोक 15

भेद के भयंकर मोह को हटाकर और अपनी संवित्ति को ब्रह्ममयी बनाकर मननपरायण साधक लौकिकव्यवहार में भी ईश्वर के समावेश से युक्त होता है। उसका लौकिक व्यवहार भी मोक्ष का हेतु बन जाता है क्योंकि वह सब प्राणियों को समदृष्टि से देखता है। अभिनवगुप्त लिखते हैं –

सर्वाण्येवात्र भूतानि समत्वेनानुपश्यतः।
जडवद्व्यवहारोऽपि मोक्षायैवावकल्पते।। सारश्लोक–5

भगवद्गीतार्थसंग्रह के पंचम अध्याय के अन्त में दिया यह सार श्लोक ऊंच नीच के भाव को त्याग कर सब प्राणियों को समभाव से देखने की तथा कर्तव्यभाव से कर्म करने की प्रेरणा देता है। जाति सम्प्रदाय आदि ऊंच नीच के भेद को अस्वीकार करती हुई यह समदृष्टि की अवधारणा काश्मीर शैवदर्शन की विशेषता है जिसे आचार्य अभिनवगुप्त ने भगवद्गीता में नवम अध्याय के अन्तिम तीन श्लोकों की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया है। गीता के इस अध्याय का तेतीसवां श्लोक इस प्रकार है –

मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः।
स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम्।।

इस श्लोक की व्याख्या करते हुए बहुत से व्याख्याकारों ने स्त्रियों वैश्यों और शूद्रों को पापयोनियों में सम्मिलित कर दिया है जबकि अभिनवगुप्त ने पापयोनि की व्याख्या पशु पक्षी सर्प आदि भोगयोनि में जकड़े हुए जीवों तक सीमित की है तथा स्त्रियों, वैश्यों, शूद्रों को उस कोटि से बाहर रखा है। कश्मीर के प्राचीन संस्कृत साहित्य नीलमतपुराणादि में नारी जाति के प्रति उदार दृष्टिकोण मिलता है। वैसा ही उदारभाव आचार्यप्रवर की इस व्याख्या में उपलब्ध है। उन्होंने संकुचित दृष्टिकोण रखने वाले उन लोगों को फटकार लगाई है जो स्त्रियों को मोक्ष का अधिकारी नहीं मानते। आचार्य का विचार है कि जातिभेद पर जोर देने वाले ऐसे लोग वस्तुतः ईश्वर की सब पर अनुग्रह करने वाली शक्ति का ही खण्डन करते हैं तथा ईश्वर की परमकृपालुता को ही नकारते हैं। अनेक युक्तियों से सिद्ध हुए ईश्वर के अद्वैत स्वरूप पर जबरदस्ती भेद का आरोपण करते हुए वे लोग जाति भेदादि भयंकर ग्रह से घिरे हुए अन्तःकरणों वाले, ईर्ष्या को छुपाकर असत् प्रलाप करते हुए लोगों को उपहास के पात्र बनते हैं। लज्जा से उनके मुँह तथा नज़रें नीची हो जाती हैं।[11] इसी समदृष्टि और ईश्वर की सर्वानुग्रहशालिनी शक्ति की चर्चा नवम अध्याय के अन्त में दिए सार श्लोक में की गई है –

अद्वैतब्रह्मणि परा सर्वानुग्रहशालिनी।
शक्तिर्विजृम्भते तेन यतनीयं तदाप्तये।। – सार श्लोक 9

सब पर अनुग्रह करने से शोभित हुई पराशक्ति जो अद्वैत ब्रह्म में ठहरी हुई है, वही विकास को प्राप्त हो रही है। अतः उसी को पाने का यत्न करना चाहिए। भगवद् भजन और कर्तव्यभाव से कर्मों का निर्वाह उसी अनुग्रह को प्राप्त करने के उपाय हैं। चतुर्थ अध्याय क अन्तिम श्लोक की टीका में अभिनवगुप्त का कथन है – **"त्वं स्वव्यापारं कर्तव्यतामात्रेण कुरु इति शिवम्"** और सारश्लोक में कहा है:–

विधत्ते कर्म यत्किंचिदक्षेच्छामात्रपूर्वकम्।
तेनैव शुभभाजः स्युस्तृप्ताः करणदेवताः।। – सारश्लोक 4

अर्थात् साधक अपना सभी लोकव्यवहार कर्तव्यभाव से करे, उसमें लिप्त न हो। आत्मेच्छानुसार जो कोई भी कर्म करे उसी से तृप्त हुई इन्द्रिय–देवियां कल्याण को प्राप्त हों।

भगवद्गीता के दूसरे अध्याय के अन्तिम पाँच श्लोकों की व्याख्या करते हुए अभिनवगुप्त इसी बात को स्पष्ट करते हैं कि योगी सभी लोकव्यवहार निभाता हुआ भी लोकोत्तर अर्थात् लोकसाधारण से निराला होता है। वह जबरदस्ती मन को विषयों से नहीं हटाता अपितु इन्द्रियों का स्वभाव जान कर तटस्थ भाव से सांसारिक भोग भोगता है। सत्तरवें श्लोक की व्याख्या में अभिनवगुप्त उसे स्थितप्रज्ञ बताते हैं जिसने मन से ही इन्द्रियों को वश में कर रखा है और जो विषयों का सेवन करता हुआ भी क्रोध आदि आवेगों की लपेट में नहीं आता। इकहत्तरवें श्लोक की व्याख्या वह इस प्रकार करते हैं कि ज्ञानी मोहित करने वाली माया रूपी रात्रि में तो चौकन्ना रहता है। इसकी ओर देखने पर भी वह उसके लिए रात है क्योंकि वह यही विचारता है कैसे इससे पीछा छुड़ाऊँ ? जबकि संसारी लोग माया के सुखतन्त्र

के आभास में ही भागते रहते हैं। जिस अविद्या में संसारी लोग प्रबुद्ध रहते हैं उस अविद्या में योगी अबुद्ध रहता है, जिस आत्मविद्या में सांसारिक जन अबुद्ध रहते हैं उसमें वह प्रबुद्ध होता है।

योगी कामपूर्ति के लिए दौड़ धूप नहीं करता प्रत्युत इन्द्रियों का स्वभाव जानकर ही विषयों को भोगता है। विषय उसके मन में घुस कर भी उसे आपे से बाहर नहीं कर पाते जैसे नदी का बहाव सागर में उफान नहीं लाता।[1] अन्त में सार श्लोक में अभिनवगुप्त मन की विचित्र गति की चर्चा करते हैं –

अंहो नु चेतसश्चित्रा गतिस्त्यागेन यत्किल।
आरोहत्येव विषयानाश्रयंस्तांस्तु सन्त्यजेत्।।
–सार श्लोक 2

इस मन की गति भी विचित्र है। विषयों का त्याग करने से वह विषयों का (मन ही मन) भोग कराता है। विषयों का सेवन करते हुए (उनका) त्याग कर देता है। यह अनुभव की बात है कि यदि कोई अपना परिवार, धन, सम्पत्ति आदि छोड़कर वन में जाता है तो मन बार–बार उन्हीं छोड़ी हुई चीजों की ओर जाता रहता है पर यदि अन्यत्व भाव से परिवार, धन, सम्पत्ति का भोग करता है तो मन उनसे विरत होता जाता है और लोभ मोह अहंकार आदि उसे विचलित नहीं करते। अतः संसार को मिथ्या मान कर उसे छोड़ने में नहीं अपितु समस्त जगत् को शिवमय मानते हुए कर्त्तव्यबुद्धि से कर्म करने में ही कल्याण है। कर्म सांसारिक भी करते हैं और ज्ञानी भी करते हैं। दोनों की कर्मों के प्रति अनुरक्ति एक समान ही होती है। क्रियाओं में भी कोई अन्तर नहीं दीखता। फिर भी ज्ञानियों के लिए वह कर्म मोक्ष ही दिलाता है। अभिनवगुप्त की यह उक्ति सत्रहवें अध्याय के अन्त में दिए श्लोक में मिलती है –

स एव कारकावेशः क्रिया सैवाविशेषिणी।
तथापि विज्ञानवतां मोक्षार्थे पर्यवस्यति।। – सारश्लोक 17

साधक को यह स्थिति या तो ज्ञानयोग से, जिसे ज्ञानोपाय या शाक्तोपाय भी कहते हैं से प्राप्त होती है या शाम्भवोपाय से, जिसे कर भी उसे आपे से बाहर नहीं कर पाते जैसे नदी का बहाव सागर अभ्यास करता है कि मैं शरीर नहीं हूं मैं तो शुद्धसंवित् हूं, मैं ही यह अनुपाय या आनन्दयोग भी कहते हैं से प्राप्त होती है। ज्ञानयोग में साधक शुद्ध विकल्पों के अभ्यास से अशुद्धविकल्पों को नष्ट कर देता है। अशुद्धविकल्प में प्राणी शरीर आदि को ही अपना आप समझ लेता है। संसार को अपने से भिन्न जानता है। अपने आप को अल्पज्ञ, अल्पशक्ति और अनीश्वर समझता है। शुद्धविकल्पों मैं ही सारा विश्व हूँ, मैं सारे विश्व में ओतप्रोत हूँ, यह सारा प्रपञ्च विस्तार मेरी यह शक्तियों की अभिव्यक्ति प्राप्त कर लेता है तो ज्ञानयोग से प्राप्त इन शुद्धविकल्पों के अभ्यास से अशुद्ध विकल्प नष्ट हो जाते हैं। जैसे परमेश्वर नामक परिपूर्ण शुद्ध असीम तत्त्व ही मेरा अपना स्वरूप है इस भावना का पुनः पुनः अभ्यास जप है जिस से शरीर को अपना आप समझना रूप अशुद्ध विकल्प नष्ट हो जाता है।

आनन्दयोग में अधिकारी साधक को शिवभाव का समावेश गुरु के अनुग्रह से शक्तिपात द्वारा ही हो जाता है। भगवद्गीतार्थसंग्रह के बारहवें अध्याय के अन्त में दिए सारश्लोक में इसी का उल्लेख है।

परमानन्दवैवश्यसञ्जातावेशसम्पदः।
स्वयं सर्वास्ववस्थासु ब्रह्मसत्ता ह्ययत्नतः।।

—सारश्लोक 12

अर्थात् जिस योगी को परमानन्द से बेबस होकर भावावेश का धन मिल गया हो उसे स्वयं सभी अवस्थाओं में रहते हुए ब्रह्म की सत्ता सहज ही प्राप्त हो जाती है। गुरु द्वारा इतनी सी बात समझा दी जाती है कि तुम शुद्ध संवित् हो, स्वयं अपने प्रकाश से प्रकाशमान हो। अतः तुम्हें प्रकाशित करने के लिए किसी उपाय की आवश्यकता नहीं है। अतः बिना किसी उपाय के ही तुम अपने भीतर अपनी

परमेश्वरता का स्वयं विमर्श करो। इतना सुनकर शिष्य गुरु के अनुग्रह से बिना किसी मन्त्र पूजा ध्यान चर्चा आदि के शिवभाव के समावेश की अनुभूति कर लेता है।

अन्य साधक आणवोपाय या क्रियायोग का आश्रय लेकर शिवभाव में पहुँचने का अभ्यास करते हैं । मालिनीविजयतन्त्र में कहा है–

उच्चारकरणध्यानवर्णस्थानप्रकल्पनैः।
यो भवेत् स समावेशः सम्यगाणव उच्यते।। –मा.वि.त. 2.21

भक्ति, जप, ध्यान इसी के अन्तर्गत हैं। भगवद्गीतार्थसंग्रह के छठे और सातवें अध्यायों के अन्त में दिए श्लोक इसी बात का प्रतिपादन करते हैं। अभिनवगुप्त कहते हैं –

भगवन्नामसम्प्राप्तिमात्रात्सर्वमवाप्यते।
फलिताः शालयः सम्यग्वृष्टिमात्रेऽवलोकिते।।
–सारश्लोक 6

अर्थात् भगवान् का नाम लेने मात्र से ही सभी कार्य वैसे ही सिद्ध हो जाते हैं जैसे मेंह बरसते ही धान की बालियाँ पक जाती हैं। भक्ति का महत्त्व बताते हुए वह कहते हैं –

स्फुटं भगवतो भक्तिराहिता कल्पमञ्जरी।
साधकेच्छासमुचितां येनाशां परिपूरयेत्।– सारश्लोक 7

अर्थात् भगवद्भक्ति स्पष्ट ही ऐसी कल्पलता है जिससे साधक की इच्छा के अनुकूल अभिलाषा की पूर्त्ति हो जाती है।

चौदहवें अध्याय के अन्त के सार श्लोक में भी भक्ति की महिमा का वर्णन करते हुए अभिनवगुप्त लिखते हैं –

लसद्भक्तिरसावेशहीनाहंकारविभ्रमः।
स्थितोऽपि गुणसंमर्दे गुणातीतः समो यतिः।।
–सारश्लोक 14

अर्थात् प्रकाशयुक्त भक्तिरस के आवेश से जिस का अहंकार भ्रम दूर हो गया है वह समभाव में स्थित यति गुणों के संघर्ष में रहते हुए भी गुणातीत होता है।

यहाँ अहन्ता और अहंकार के भेद को समझना आवश्यक है। काश्मीर शैवदर्शन में "अहं" शिव का शुद्ध असीम परिपूर्ण स्वरूप है। शिव जब अपनी इच्छा से 36 तत्त्वों के रूप में प्रतिभासित होते हैं तो उस प्रक्रिया में महत् से लेकर पृथ्वी पर्यन्त गुणमयी सृष्टि में सर्वप्रथम सत्त्वगुण प्रधान महत् तत्त्व प्रकट होता है जिसे बुद्धि तत्त्व भी कहते हैं। यह स्थूल सृष्टि में पुरुष के भीतर रह कर कार्य करता है अतः इसे अन्तःकरण कहते हैं । दूसरा अन्तःकरण अहङ्कार है जो रजोगुणप्रधान है। इसके प्रभाव से जीव बुद्धिदर्पण में पड़े हुए प्रतिबिम्बो के विषय में यह समझता है कि मैं इन्हें जानता हूं। बुद्धि, शरीर या प्राण की क्रियाओं के बारे में भी समझता है कि मैं करता हूं, देह के विषय में भी यह अभिमान करता है कि मैं हूं। अपने अहं को वास्तविक पारमार्थिक शुद्ध संवित् रूप में न मानकर प्राण देहादि को अहं समझ लेना कृत्रिम अहं या अहङ्कार है।

जहाँ तक गुणों का प्रश्न है, वे तो शिव की शक्तियाँ हैं जो जीवभाव में गुणरूप में प्रकट होती है। शिव की असीमित ज्ञानशक्ति संकुचित होकर जीवभाव में जीव का सत्त्वगुण कहलाती है। शिव की क्रियाशक्ति जीवभाव में जीव का रजोगुण कहलाती है और शिव की मायाशक्ति ही जीवभाव में जीव का तमोगुण कहलाती है। ये तीनों गुण लोक व्यवहार में पुरुष के सुख दुःख और मोह बन जाते हैं। इन तीनों गुणो के संघर्ष में फंसा हुआ जीव कभी सुखी कभी दुःखी कभी मोहग्रस्त होता है। जब प्रकाशयुक्त भक्ति रस का आवेश उसके अहङ्कार को दूर कर देता है तब समदृष्टि हुआ वह गुणातीत हो जाता है। भेद के महामोह को दूर कर के अपनी संवित्ति को ब्रह्ममयी बना कर साधक लोकव्यवहार में भी ईश्वर के समावेश से युक्त हो जाता है।

भगवद्गीता के अठारहवें अध्याय के अन्त में संजय की उक्ति पर टीका करते हुए आचार्य अभिनवगुप्त का मन्तव्य है कि अति स्फुट निर्विकल्प स्वरूप का अनुभव करा देने वाले भगवान् कृष्ण और अर्जुन के संवाद का स्मरण मात्र ही परब्रह्म को देने वाला है अर्थात् परब्रह्म की स्थिति को प्राप्त करा देता है।[13]

भगवद्गीतार्थसंग्रह के अन्तिम सारश्लोक में शैवदर्शन का सार इस प्रकार दे दिया गया है –

भङ्क्त्वा ज्ञानविमोहमन्थरमयीं सत्त्वादिभिन्नां धियं
प्राप्य स्वात्मविभूतसुन्दरतया विष्णुं विकल्पातिगम्।
यत्किचित् स्वरसोद्यदिन्द्रियनिजव्यापारमात्रस्थिते–
र्हेलातः कुरुते तदस्य सकलं संपद्यते शङ्करम्।।

–सारश्लोक 18

ज्ञान और अज्ञान से मन्द बनी हुई, सत्त्वगुण, रजोगुण, तमोगुण इन तीनों गुणों से भेदमयी हुई बुद्धि को हटाकर, स्वात्मानुभूति के सौन्दर्य (चमत्कार) से निर्विकल्प विष्णु को प्राप्तकर के साधक क्रीडा मान कर जो कुछ (लौकिक व्यवहार) करता है, अपने अपने विषय में प्रवृत्त इन्द्रियों को अपने अपने व्यापार मात्र में लगाने वाले उस साधक का वह सब (कार्य) शिवार्पित होता है, शिवमय हो जाता है तथा कल्याणकर अर्थात् मोक्ष दिलाने वाला होता है।

इस प्रकार आचार्य अभिनवगुप्त द्वारा भगवद्गीता पर लिखी गई टीका में काश्मीर शैवदर्शन के सिद्धान्तों की छाप स्पष्ट दिखाई देती है। इस दृष्टि से उनके स्वरचित अठारह सारश्लोक विशेष महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इनके माध्यम से आचार्यप्रवर ने निजी दृष्टि से गीता के अठारह अध्यायों का सार प्रस्तुत कर दिया है।

1. अक्षरं ब्रह्म परमं स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते।
भूतभावोद्भवकरो विसर्गः कर्मसंज्ञितः।
अधिभूतं क्षरो भावः पुरुषश्चाधिदैवतम्।
अधियज्ञोऽहमेवात्र देहे देहभृतां वर।। गीता 8–3,4
2. भगवद्गीतासंग्रह के ग्यारहवें अध्याय के अन्त में अभिनवगुप्तकृत सार, श्लोक 11
3. अविद्यमानान्यज्ञेयरमणीया येषां भक्तिः परिस्फुरति, तेषां "मां प्रपद्यते, वासुदेवः सर्वम्" इत्यादि पूर्वाभिहितोपदेशचमत्कारात् विश्वात्मकं वासुदेवतत्त्वमयत्नत एव बोधपदवीमवतरतीति शिवम्।

– भगवद्गीतासंग्रह 11.60 पर टीका

4. मायागृहीतसंकोचः शिवः पुंस्तत्त्वमुच्यते त. टीका., पृ. –
5. प्रकृतिं पुरुषं चैव विद्ध्यनादी उभावपि।
विकारांश्च गुणांश्चैव विद्धि प्रकृतिसंभवान्।। – गीता 13.20
पुरुषः प्रकृतिस्थोहि भुङ्क्ते प्रकृतिजान्गुणान्।
कारणं गुणसङ्गोऽस्य सदसद्योनिजन्मसु।। 22
उपद्रष्टानुमन्ता च भर्ता भोक्ता महेश्वरः।
परमात्मेति चाप्युक्तो देहेऽस्मिन्पुरुषः।। 23
6. इदं शरीरं कौन्तेय क्षेत्रमित्यभिधीयते।
एतद्यो वेद तं प्राहुः क्षेत्रज्ञ इति तद्विदः।। 13.2
क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्वक्षेत्रेषु भारत।
क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्ज्ञानं यत्तज्ज्ञानं मतं मम।। 13.3
संसारिणां शरीरं क्षेत्रं यत्र कर्मबीजप्ररोहः। अतएव तेषामात्मा आगन्तुककालुष्यरूषितः क्षेत्रज्ञ उच्यते। प्रबुद्धानां तदेव क्षेत्रम्। तांश्च प्रति परमात्मा वासुदेवः क्षेत्रज्ञः, एतत्क्षेत्रं यो वेद–वेदयति इत्यन्तर्भावितेऽप्यर्थे विदिः। तेन यत्प्रसादादचेतनमिदं चेतनीभावमायाति स एव क्षेत्रज्ञो नान्यः कश्चित्। विशेषस्तु परिमितव्याप्तिकं रूपमालम्ब्य आत्मेति मन्यते, अपरिच्छिन्नसर्वक्षेत्रव्याप्त्या परमात्मा भगवान्वासुदेवः। –अभिनवगुप्तकृतश्रीमद्भगवद्गीतार्थसंग्रहः, पृ. 325 श्लोक 2,3 अध्याय 13 पर व्याख्या।

7. संवेदनात्मनो भगवतः प्रकाशानन्दस्वातन्त्र्यपरमार्थस्वभावस्य स्वभावमात्राक्षिप्त समस्त सृष्टिस्थितिसंहृतिप्रबन्धस्य स्वस्वभावापन्न मनागप्ययपायो जातुचित्। ......तस्माच्चेतनः स्वतन्त्रः परमेश्वर एव तथा भाति, इति न तद्व्यतिरिक्तं क्रियातत्फलादिकमिति सिद्धान्तः।
— भगवद्गीतार्थसंग्रहः 5.14 पर टीका

8. नैसर्गिकः स्वभावः शिवनाथस्य स्वतन्त्रता परमा।
नापेक्षते यतोऽसौ किमपि परं पञ्चकृत्यसुविलासे।।
— स्वातन्त्र्यदर्पणः8.2

9. बलजिन्नाथ : काश्मीर शैवदर्शन, पृ.— 73

10. तथा सर्वकर्तृत्व—सर्वज्ञत्व—पूर्णत्व—नित्यत्व—व्यापकत्वशक्तयः संकोचं गृह्णाना यथाक्रमं कला—विद्या—राग—काल—नियतिरूपतया भान्ति।
— ई.प्र.ह्व., पृ॰ — 66

11. पापयोनयः — पशुपक्षिसरीसृपादयः। स्त्रियः इत्यज्ञाः।....... केचिदाक्षतेद्विजराजन्यप्रशंसापरमेतद् वाक्यं न तु स्त्र्यादिष्वपवर्गप्राप्तितात्पर्येण इति। ते हि भगवतः सर्वानुग्राहिकां शक्तिं मितविषयतया खंण्डयन्तः तथा परमेश्वरस्य परमकृपालुत्वमसहमानाः 'न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः' 'अपि चेत्सुदुराचारः' इत्यादीन्यन्यानि चैवंप्रकारस्फुटार्थप्रतिपादकानि वाक्यानि विरोधयन्तो ...... निरतिशयमुक्तिप्रपञ्चसाधिताद्वैतभगवत्तात्त्वे भेदलिङ्ग बलादेवानयन्तो....जात्यादिमहाग्रहाविष्टान्तःकरणाः मात्सर्यावहित्थलज्जाजिह्मीकृतावाङ्मुखादृष्टयः समग्रस्य जनस्यासत्प्रलापिन इति हास्यरसविषयभावमात्मन्यारोपयन्ति

12. योगी न कामार्थं बहिर्धावति अपित्विन्द्रियधर्मतया । तं विषया अनुप्रविशन्तो न तरङ्गयन्ति नदीवेगा इवोदधिम्। — 2.72 पर टीका, पृ.—77

13. अन्ते सुपरिस्फुटनिर्विकल्पानुभावरूपतामापाद्यमानं स्मरणमाश्रमेव परब्रह्मप्रदायकमित्युच्यते। एवं भगवदर्जुनसंवादमात्रस्मरणादेव तत्त्वाप्त्या श्रीविजयविभूतय इति शिवम्। — भगवद्गीतार्थसंग्रह, पृ. — 444

शैव सम्प्रदायों में
काश्मीरशैवसिद्धान्त के दार्शनिक पक्ष

विद्यावाचस्पति डॉ. उमारमण झा
एम.ए.,पीएच.डी., डी.लिट् (राष्ट्रपति सम्मानित)

भारतीय संस्कृति में परमात्मा का विशिष्ट स्थान है। परमात्मा एक ही है। परन्तु उनके अनेक रूप हमारे सामने आते हैं। ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी उसी परमात्मा के तीन रूप हैं। महेश या महेश्वर शिव का ही अपर नाम है। कालिदास ने रघुवंश में लिखा है कि "महेश्वरः त्र्यम्बक एव नापरः" अर्थात् महेश्वर (सर्वश्रेष्ठ ईश्वर) त्र्यम्बक (त्रिनेत्रधारी) शिव ही हैं।

भगवान महेश्वर ही संहार करते हैं। वैशेषिकदर्शन के अनुसार सृष्टि भी महेश्वर के ही अभिध्यान से होती है। पुराणों में ब्रह्मा, विष्णु और महेश ये तीन पूज्य देवता माने गये हैं। शिव संहार करने वाले देवता हैं। ये कैलाश पर निवास करते हैं। अतः उनका नाम कैलाशपति भी है। वैदिककाल के रुद्र ही पौराणिक काल के महादेव हैं। शिव के मस्तक पर गङ्गा है और उनके भाल पर चन्द्रमा विराजते हैं। उनके तीन नेत्र, गले में सर्प हैं, सारे शरीर में भस्म लगा हुआ है। ये व्याघ्रचर्म पहने हुए हैं। कभी कभी नरमुण्डमाल भी पहने रहते हैं। उनकी अर्द्धाङ्गिनी पत्नी पार्वती हैं। उनके पुत्र श्री गणेश और कार्तिकेय हैं। उनके गण भूतप्रेत हैं। शिवजी का अस्त्र त्रिशूल है। शिवजी का वाहन नन्दी नामक बैल है। शिवजी का त्रिशूल धनुषाकार है उसका नाम पिनाक है। अतः शिवजी का नाम पिनाकी भी है। हर शङ्कर शम्भु, पशुपति, शूली, महेश्वर, शर्व चन्द्रशेखर, गिरीश, मृड, मृत्युञ्जय, उग्र, कपर्दी, वामदेव त्रिलोचन, धूर्जटि आदि शिवजी के ही नाम हैं।

शिवजी के पास पाशुपत अस्त्र था जिसे अर्जुन ने कठोर तपस्या करके प्राप्त किया था। कामदेव को इन्होंने भस्म कर दिया

था। अतः कामदेव का नाम अनङ्ग पड़ गया। शिवजी की पहली पत्नी सती थी जिसने दक्ष के यज्ञकुण्ड में अपने को जला दिया था और बाद में शिवजी के गण वीरभद्र ने यज्ञध्वंस करके दक्ष का सिर काट डाला था। शिवपुराण के रूद्रखण्ड तथा सतीखण्ड में इस कथा का विशेष वर्णन है। समुद्रमन्थन के बाद विष का पान करने के लिए कोई तैयार नहीं था। संसार के कल्याण के लिए शिव ने विष का पान किया था और शिव का नाम नीलकण्ठ हो गया।

भगवान शिव ने परशुराम को अस्त्र विद्या की शिक्षा दी थी। शिव नाचते भी हैं। शिव का ताण्डवनृत्य प्रसिद्ध है। शिव का नृत्य कलापूर्ण और ताल लय से युक्त होता है। नृत्यकला का प्रारम्भ शिव से ही माना जाता है। शिव का माहात्म्य रामायण, महाभारत, तथा विभिन्न काव्यों में वर्णित है। शिवपुराण में शिव की अनेक कथाएँ हैं। पद्मपुराण में भी शिव के माहात्म्य से सम्बन्धित कथाएँ हैं। शिवजी अपने भक्तों पर बहुत जल्द ही प्रसन्न होते हैं अतः इनका नाम आशुतोष है। शिव क्रुद्ध होकर नाश भी करते हैं। ब्रह्मा जी को शिव ने शाप दिया था जिस कारण ब्रह्मा जी की पूजा नहीं होती है।

चन्द्रमा ने जब गुरु पत्नी तारा को लेकर उसे पत्नी बना लिया था तब शंकर ने चन्द्रमा के साथ भयंकर युद्ध किया था। उसी समय देवगण आकर चन्द्रमा को समझाने लगे और चन्द्रमा ने गुरुपत्नी को लौटा दिया था। पद्मपुराण के अनुसार ऋषियों के लिए सबसे अधिक पूज्यदेव कौन? इसके निर्णय के लिए सब ऋषि शिवजी के पास गये परन्तु शिवजी क्रीडामग्न थे अतः वे ऋषियों से भेंट न कर सके, इस पर भृगु ने क्रुद्ध होकर शिवजी को शाप दे दिया जिसके फलस्वरूप शिव की मूर्ति योनिलिङ्ग में बदल गयी और शिव का नैवेद्य भी कोई ग्रहण नहीं करता है।

भारतवर्ष में रामेश्वरम्, काञ्चीपुरम्, कालहस्ती, वाराणसी, केदारनाथ, अमरनाथ, देवधर, मल्लिकार्जुनपर्वत, उज्जैन, दारुकवन, गौतमीतट आदि स्थानों पर शिव के विशिष्ट मन्दिर हैं। नेपाल में पशुपतिनाथ का मन्दिर है। काशीविश्वनाथ का तो इतना महत्त्व है कि

"काशीमरणान्मोक्षः" कहा गया है। **"यस्य कुत्रापि गतिर्नास्ति तस्य वाराणसी गतिः"** अर्थात् जिस पापी को कहीं गति नहीं मिल सकती है उसको वाराणसी में गति मिलती है। शिव की महिमा अपरम्पार है।

"शिवस्य तत्त्वं शिव एव वेत्ति
नन्दी च विष्णुर्नगजा कुमारः।"

अर्थात् शिव के रहस्य को शिवजी ही जानते हैं। इसके अलावा नन्दी, विष्णु, पार्वती और कार्तिकेय शिव के रहस्य को जानते हैं। शिवचतुर्दशी व्रत प्रसिद्ध है। मार्गशीर्ष त्रयोदशी को एक भुक्त व्रत करके चतुर्दशी को निराहार व्रत एवं पूजा करनी चाहिये। हर महीने के दोनों पक्षों की चतुर्दशी तिथि को शिवचतुर्दशीव्रत मनाया जाता है। फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की शिवरात्रि विशेष पर्व है।

"चतुर्दश्यां तु कृष्णायां फाल्गुने शिवपूजनम्।
तानुपोष्य प्रयत्नेन विषयान् परिवर्जयेत्"।।

शिवरहस्य अर्थात् फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि शिवरात्रि होती है। उस दिन शिव के भक्त व्रत एवं उपवास करते हैं। उस दिन से सांसारिक विषयों के परित्याग से शिवसायुज्य प्राप्त होता है। भगवान शिव का पार्वती से विवाह इसी दिन हुआ था।

"शिवरात्रिव्रतं नाम सर्वपापप्रणाशनम्।
आचाण्डालमनुष्याणां भुक्तिमुक्तिप्रदायकं"।।

अर्थात् शिवरात्रि के व्रत करने से चाण्डाल से लेकर सामान्य मनुष्य भोग और मोक्ष प्राप्त करते हैं। स्कन्दपुराण, के अनुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र अछूत, स्त्री, पुरूष, बालयुवावृद्ध सभी शिवपूजन के अधिकारी हैं। इस दिन शिव के पूजन, जागरण और व्रत करने से पुनर्जन्म नहीं होता है। तान्त्रिक लोग भी शिवरात्रि की महिमा को स्वीकार करते हैं। गरीब से गरीब इस व्रत को कर सकते हैं। ईशानसंहिता के अनुसार ज्योतिर्लिङ्ग का प्रादुर्भाव फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को ही हुआ था। **"शिवलिङ्गतयोद्भूतः कोटिसूर्यसमप्रभः"**

कहा गया है। अर्थात् करोड़ों सूर्य के प्रकाश से युक्त शिवलिङ्ग का प्रादुर्भाव उसी दिन हुआ था।

भारतवर्ष में अनेक प्रकार के तन्त्र तथा अनेक सम्प्रदाय की चर्चा होती रही है। शाक्ततन्त्र, वैष्णवतन्त्र और शैवतन्त्र प्रमुख है। आगम शब्द की व्याख्या भी शिव के महत्त्व पर प्रकाश डालती है –

आगतं शिववक्त्रेभ्यो गतञ्च गिरिजानम्।
मतञ्च वैष्णवं प्रोक्तं तस्मादागम उच्यते।।

अर्थात् शिव के मुख से निकली हुई वाणी, गिरिजा के पास पहुँचती है और वह वैष्णवसम्मत भी है। इसलिए उसका नाम आगम पड़ा। शैवमत अनादिकाल से प्रचलित है। सर जोन मार्शल के अनुसार मोहन जोदड़ों के खनन में जो मूर्तियाँ निकली हैं। उनमें से कुछ निश्चय ही शिव की मूर्तियां है। ऋग्वेद में रुद्रदेव से प्रार्थना की गयी है कि वे पशु एवं ऋषिगणों का संहार न करें। **"सत्यं शिवं सुन्दरम्"** भी शिव की ओर संकेत करता है।

अक्षयकुमारदत्त "भारतीय उपासक सम्प्रदाय" में लिखते हैं कि मृच्छकटिक नाटक में उल्लिखित स्वर्णमुद्रा शिवरूपाङ्कितमुद्रा है। शक तथा हुण जाति के राजा लोग भी शिवमूर्ति तथा अर्द्धनारीश्वर मूर्ति अपनी–अपनी मुद्रा में चलाये हुए थे। महाभारत एवं पुराणों में शिव की बहुत चर्चा है। श्वेताश्वतर उपनिषद् में कहा गया है कि रूद्र ही सृष्टिकर्ता, पालनकर्ता और संहारकर्ता है। **"तमीश्वराणां परमं महेश्वरम्"** अर्थात् देवताओं में श्रेष्ठ महेश्वर शिव है।

कालिदास ने रघुवंश के प्रारम्भ में ही लिखा है – **"जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ।"** अर्थात् संसार के मातापिता पार्वती एवं शिव हैं। कुमार सम्भव में पार्वती शिव को प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या करती है। नैयायिक लोग ग्रन्थारम्भ में शिव की ही स्तुति करते हैं। शिव के विषय में अनेक ग्रन्थ एवं स्तोत्र लिखे गये हैं। काश्मीर शैवागम (प्रत्यभिज्ञाहृदय) में शिवतत्त्व को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। शैवतन्त्र के अनुसार महाप्रलय के समय केवल शिव ही रह

जाते हैं। शिव विश्वातीत एवं विश्वव्यापी हैं। वे त्रिकालज्ञ हैं। देवता लोग भी उनकी महिमा को नहीं जान पाते हैं। **"तदपि तव गुणानामीश पारं न याति"** कहा गया है। तैत्तिरीय आरण्यक में **सर्वो वै रुद्रः तस्मै रुद्राय नमोऽस्तु** कहा गया है। अर्थात् सब कुछ रुद्र ही है।

वामनपुराण के अनुसार शैव मत के चार समप्रदाय है। 1) शैव, 2) पाशुपत, 3) कालदमन, 4) कापालिक।

शङ्कराचार्य ने भी माहेश्वर सम्प्रदाय का उल्लेख किया है। श्रीकण्ठाचार्य ने वेद एवं शैवागम को समान महत्त्व दिया है। पाशुपत मत के प्रतिष्ठापक नकुलीश थे। भगवान शिव के अष्टादश अवतार में नकुलीश या लकुलीश प्रथम अवतार माने जाते हैं। शिव के अष्टादश अवतार इस प्रकार हैं – 1) लकुलीश, 2) कौशिक, 3)गार्ग्य, 4) मैत्र्य, 5) कोरूप 6) ईशान 7) पारगार्ग्य 8) कपिलाण्ड 9) मनुष्यक 10) अपर कुशिक 11) अत्रि 12) पिङ्गलाक्ष 13) पुष्पक 14) बृहदार्थ 15) अगस्ति 16) सनातन 17) राशीकर 18) विद्यागुरू। मथुरा के एक शिलालेख के अनुसार उदिताचार्य नामक एक पाशुपताचार्य ने कपिलेश्वर एवं उपसितेश्वर नामक दो शिवलिङ्गों की स्थापना की थी। लकुलीश का समय ख्रीस्त प्रथम शतक माना जाता है। न्यायदर्शन के उद्योतकर पाशुपताचार्य थे। उनका गणकारिकाग्रन्थ भी उपलब्ध है। कापालिक तथा कालामुख सम्प्रदाय का कोई साहित्य उपलब्ध नहीं होता है। यामुनाचार्य ने आगमप्रामाण्य ग्रन्थ में कापालिकों की चर्चा की है।

कालामुख सम्प्रदाय के अनुसार वे लोग कपालपात्र में भोजन करते हैं, चिता के भस्म से स्नान करते हैं, हाथ में लाठी रखते हैं और सुरासेवन करके सुरापात्र में ही देवताओं की पूजा करते हैं। दक्षिण भारतवर्ष में वीरशैवसम्प्रदाय का प्रादुर्भाव हुआ। वसव नामक संन्यासी ने इस सिद्धान्त को चलाया था। इस सम्प्रदाय में गुरु का आदेशपालन, शिवलिङ्गमूर्तिपूजा, भस्म धारण, रुद्राक्षधारण, गुरुचरणामृत का पान शिव के नैवेद्य को प्रसाद रूप में ग्रहण करना आवश्यक है। **ऊं नमः शिवाय** मन्त्र को जपना भी इस सम्प्रदाय में अनिवार्य है। शैव सिद्धान्त मत का प्रचार मद्रास प्रान्त में हुआ था। शैव सन्तों की

संख्या 84 मानी गयी है। शैव सिद्धान्त के अधिक ग्रन्थ तमिल भाषा में है।

काश्मीर शैव दर्शन में अभिनव गुप्त का तन्त्रालोक प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इसके अतिरिक्त भी अघोर सम्प्रदाय, गोरक्षसम्प्रदाय तथा अन्य सम्प्रदाय के उल्लेख मिलते हैं। महामृत्युञ्जय जप में **"त्र्यम्बकं यजामहे"** कह कर शिवजी का ही मन्त्र पढ़ा जाता है। अर्थात् शिवजी मृत्यु से बचा सकते हैं। शिव से आयु, आरोग्य, पुत्र, धनसम्पत्ति सर्वविध प्राप्त होते हैं। अल्पायु मार्कण्डेय ने शिव की आराधना करके दीर्घायु प्राप्त की थी। रावण ने शिवजी को अपनी तपस्या से प्रसन्न करके सभी ऐश्वर्य प्राप्त किया था। महर्षि कणाद ने शिवजी से वैशेषिक शास्त्र का ज्ञान प्राप्त किया था। इस प्रकार श्रीशङ्करजी की कृपा से दीर्घायु, ऐश्वर्य, पुत्रपौत्रादिसुख तथा मोक्ष की प्राप्ति सुलभ है। अभिनवगुप्त ने काश्मीर शैवदर्शन में शिवशक्ति की प्रधानता दी है। शैवसिद्धान्त में केवल शिव को ही न मानकर पति, पशु और पाश ये तीन शाश्वत, तत्त्व माने गये हैं। इन तीनों में पति शिव के पर्यायवाची हैं। शिव शाश्वत स्वतन्त्र, सर्वव्यापी, निष्कलङ्क तत्त्वातीत और शुद्धचेतना स्वरूप है।[1]

शिव आत्मा तथा माया से श्रेष्ठ हैं। अतः सर्वोत्तमतत्त्व शिव को ही माना गया है।[1] शिव अज, सनातन, अविनाशी, आदि सत् चित् आनन्दस्वरूप जगद्व्यापक अनन्तशक्ति सम्पन्न विश्वनिर्माता हैं। उसी अनिर्वचनीय शक्ति को हम शिव परमसत्, अनुत्तर, विश्वोत्तीर्ण, विश्वात्मक, परमानन्दमय प्रकाश घन तथा शिव आदि अनेक नामों से याद करते हैं।[2] परमार्थसार में कहा गया है –

परं परस्थं गहनादनादिम् एकं निविष्टं बहुधा गुहासु

सर्वालयं सर्वचराचरस्थं त्वामेव शम्भुं शरणं प्रपद्ये।[3]

शैव दर्शन में शिवशब्द से अभिप्राय है "संसार की सृष्टि, स्थिति और संहार के कर्ता एवं अनुग्रह और निग्रह के हेतुभूत (कारण स्वरूप) सच्चिदानन्दमय अनन्तशक्तिसमन्वित सत्ता विशेष से सम्पन्न परमोत्कृष्ट तत्त्व। अतः संसार में जो है अथवा होगा, सब शिव से

उद्भूत है, ईश्वर में स्थित है और ईश्वर[4] में ही विलीन होते हैं।

शिव स्वतन्त्रकर्त्ता – शिव सर्वव्यापक है। वह एक देश में स्थित नहीं है। जो वस्तु एक देश में होती है, अन्य देश में नहीं होती, उसी की उत्पत्ति और नाश होता है, उसका काल के हिसाब से भी अन्त होता है। सर्वव्यापक का कर्त्ता कोई नहीं हो सकता जो अनित्य होती है वही कर्ता से जन्य होती है, परन्तु शिव अनित्य नहीं है शिव परिणामी, अनादि तथा अनन्त है। अतः शिव ही स्वतन्त्र कर्ता है। जैसे घट कार्य होने से उत्पन्न होने वाला है।

अतः उपादान कारण मिट्टी तथा निमित्त कारण कर्ता कुम्हार है। ठीक उसी प्रकार यह संसार भी कार्य रूप है जिसका उपादान कारण प्रकृति और निमित्तकारण शिव है। अतः अभिनव के अनुसार शिव स्वतन्त्र कर्ता है। शिव वस्तुतः एक ही हैं परन्तु विभिन्न नामों से सम्बोधित किये जाते हैं। जैसे शङ्कर, परमेश्वर, परमार्थतत्त्व इत्यादि।

शिव की शक्ति – परम शिव की मुख्य रूप से पाँच शक्तियाँ मानी गयी हैं चित्शक्ति, आनन्द शक्ति, इच्छा शक्ति, ज्ञान शक्ति और क्रिया शक्ति। परम शिव अपने अभिन्न रूप में अवस्थित अपनी पाँचों शक्तियों से शिव, शक्ति, सदाशिव, ईश्वर और शुद्ध विद्या में प्रकट होते हैं।[6]

अभिनव गुप्त ने लिखा है कि शिव सदैव पाँच शक्तियों से युक्त है तथा उनमें चित् शक्ति की अत्यधिक महत्ता मानी गयी है उसको शिवतत्त्व नाम से भी सम्बोधित किया गया है।

आचार्य अभिनव गुप्त के अनुसार शिव भी सदैव स्वतन्त्र कर्ता है। जीवों को अज्ञ माना गया है। जीव अपने दुःख को स्वयं नियंत्रित नहीं कर सकता है। अतः शिव ही परमेश्वर हैं जो जीव को स्वर्ग अथवा नरक प्रदान करते हैं।[7]

शिव की सर्वज्ञता – शिव को सर्वदा सर्वज्ञता से युक्त माना गया है। इस सम्पूर्ण जगत में भोग्य, भोग तथा उनके उपादान साधनों का शिव ही कारण हैं। इसी कारण से शिव की सर्वज्ञता की सिद्धि होती है। शिव ही जगत के पदार्थों को उत्पन्न करने वाला है।

शिव पञ्चकृत्यकारी – आचार्य अभिनव गुप्त ने अपने विभिन्न ग्रन्थों में शिव को पञ्चकृत्यकारी माना है। शिव सदैव पञ्चकृत्य के विधाता है। परात्रिंशिका में कहा गया है कि सृष्टि, स्थिति, संहार, विलय और अनुग्रह विश्व की पाँच प्रक्रियाएँ हैं। इनका आधार शिव है।[8]

शिव में पाश आदि की सम्भावना नहीं होती है। शिव का शरीर अर्थात् अवयव मंत्र से ही बना हुआ है । शिव के शरीर के अवयव ईशान, तत्पुरूष, अघोर, वाम, मस्तकादि मंत्र से युक्त है। तन्त्रालोक के अनुसार शिव के पांच मुखों से अष्टादश तन्त्रों का आविर्भाव हुआ है।[9]

शिव का विमर्श स्वरूप :– अभिनव गुप्त के अनुसार शिव प्रकाश विमर्श रूप है। प्रकाश तथा विमर्श परस्पर सर्वथा भिन्न हैं। प्रकाश की प्रकाशता विमर्श ही है तथा विमर्श की विमर्शता प्रकाश ही है। अतः शिव प्रकाश रूप है तथा उसकी शक्ति विमर्श है। शिव और उसकी शक्ति का नित्य सामरस्य ही परमशिव है। अभिनव गुप्त इसी प्रकाश को एक एकभित्ति मानते हैं। जिसपर विश्व के समस्त पदार्थ प्रकाशित होते हैं।[10]

एतानि सर्वाणि तत्त्वानि सांख्ययोगस्य परिणामवादस्य प्रतीकानि सन्ति, परं सांख्ययोगस्य मतानुसारेण पदार्थद्वयं नित्यं प्रकृतिः पुरुषश्च। प्रकृतिरेका पुरुषश्च असंख्यकः। प्रकृतिर्जडरूपा वर्तते, परं स्व–स्वभावेन पुरुषाणां हिताय तस्यां क्षोभः उत्पन्नः भवति, येन तस्याः त्रयाणां गुणानां (सत्त्वरजस्तमोगुणानां) साम्यावस्था अदृश्या भवति गुणेषु च वैषम्यमुत्पन्नं भवति। गुणानां साम्यावस्थायां समग्रविश्वं प्रकृतौ विलीनं भवति, परं वैषम्यावस्थायां सृष्टिः भवति। अनेन ज्ञायते यत् सम्पूर्णं ब्रह्माण्डं मूलप्रकृतेः परिणामोऽस्ति।

मायादि–षट्कञ्चुकेषु आवृता संकुचिता संविदेव 'पुरुषतत्त्वमिति कथ्यते। शून्यम् अस्य अपरं नाम। जीव–अणु–पशु–नर–माया–प्रमाता पुंस्त्वादीनि अस्यैव नामानि सन्ति। माया प्रमातुः सामान्य आकारः 'इदम्' प्रकृतितत्त्वं मन्यते। उक्तञ्च ईश्वर–प्रत्यभिज्ञाविमर्शिनीग्रन्थे–

"कलोद्वलितमेतच्च चित्तत्वं कर्तृतामयम्।
अचिद्रूपस्य शून्यादेर्मितं गुणतया स्थितम्।।"

–(ई०प्र०–२–२–११)

पुरुषतत्त्वमतीव संकुचितम् 'अहम्' इत्यस्य नामैव केवलम्। अस्य प्रपञ्चस्यावस्थायां पुरुषः कुत्रचिद् शून्यं, कुत्रचिद् स्थूलशरीरञ्च स्वकीयं सर्वं स्वीकरोति, अनेन तस्य 'अहम्' इत्यस्य ज्ञानं भवति। उक्तञ्च–

"चित्तत्वं मायया हित्वा भिन्न एवावभाति यः।
देहबुद्धावथ प्राणे कल्पिते नभसीव वा।
प्रमातृत्वेनाहमिति विमर्शोऽन्यव्यपोहनात्।
विकल्प एव स परप्रतियोग्यवभासजः।।ई॰प्र॰१–६–४, ५

उपर्युक्तविवेचनया ज्ञायते यद् 'इदम्' प्रकृतितत्त्वस्य सामान्यस्वरूपमस्ति, इदं व्यापकमस्ति, परं 'अहम्' अतीव संकुचित–पुरुषतत्त्वस्य स्वरूपमस्ति, इयमेव संकुचितावस्था। येन प्रकारेण मयूरपत्राणां विचित्रवर्णाः, तस्याण्डे एकस्वरूपेण वर्णेन वा एकस्मिन् रसभावे एव विद्यमानाः भवन्ति, तेनैव प्रकारेण समग्रविश्वम् 'इदम्' इति स्वरूपे विद्यमानमस्ति।

शैवागमे निहितप्रकृति–पुरुषयोः विवेचना वर्तमानयुगे व्यक्तित्वनिर्धारणे आधारभूता मन्यते। यतो हि व्यक्तित्वस्य निर्माणे प्रकृति–पुरुषयोः महती भूमिका भवति, इति मनोवैज्ञानिकाः स्वीकुर्वन्ति। सिग्मण्ड फ्रायड्महोदयस्य 'मनोविश्लेषणवादः' अस्य प्रमुखमुदाहरणम्। तर्हि किं मनोविश्लेषणवादस्योपरि शैवागमस्य प्रभावोऽस्ति? अस्ति चेत् कथम्? 'पराहम् (Super Ego)' इत्यस्य वर्णनं शैवागमे प्राप्यते न वा? इत्यादयः प्रश्नाः प्रायशः सर्वेषां मनसि आगच्छन्ति। एतेषां प्रश्नानां समाधानं स्वयं सिग्मण्डफ्रायड्महोदयस्य मनोविश्लेषणवादे निहितमस्ति। 'पराहम् (Super Ego)' इत्यस्य विषये फ्रायड्महोदयेनोक्तम्–

"पराहम् (Super Ego), अहम् (Ego) इत्यस्य सः पक्षोऽस्ति, यः आत्मनिरीक्षणस्य प्रक्रियां सम्भावयति, यत् सामान्यरूपेण चेतना कथ्यते।"

फ्रायड्महोदयेन चेतन–अचेतन–अर्द्धचेतनावस्थानां वर्णनं स्वकीयसिद्धान्ते कृतमस्ति। ईदृशं वर्णनं शैवागमेऽपि प्राप्यते, अनेन

ज्ञायते यत् फ्रायड्महोदयस्योपरि भारतीयदर्शनस्य, विशेषतः शैवदर्शनस्य प्रभावः अनुभूयते। फ्रायड्महोदयस्याभिमतमस्ति यद् मनुष्यस्य व्यवहारस्योपरि चेतनतापेक्षया अचेतनतायाः प्रभावः अधिको भवति। 'इदम् (ID)' अचेतनमनः वर्तते, अस्मिन् मूलप्रवृत्तयः, नैसर्गिक्य इच्छाश्च निवसन्ति। इमाः शीघ्रं सन्तोषमिच्छन्ति। 'अहम् (Ego)' आंशिकरूपेण चेतनाचेतनावस्थायां कार्यं करोति, अस्मिन् इच्छाशक्तिः, बुद्धिः तर्कश्च निवसन्ति। 'पराहम् (Super Ego)' सामाजिकमान्यताभिः, संस्कारैः आदर्शैश्च निर्मीयते।

निष्कर्षरूपेण इदम् (ID)" पाशविकेच्छानाम्, अहम् (Ego) वास्तविकेच्छानां, पराहम् (Super Ego) सामाजिकनियन्त्रणस्य प्रतिनिधित्वं कुर्वन्ति। येषु जनेषु इदंपराहंमध्ये सामञ्जस्यं भवति, ते व्यक्तिगतसामाजिकक्षेत्रेषु च समायोजनकरणे समर्थाः भवन्ति इति फ्रायड्महोदयस्य मनोविश्लेषणवादसिद्धान्तः। शैवागमेऽपि उल्लिखितमस्ति यद् गुणानां साम्यावस्थायां समग्रविश्वं प्रकृतौ विलीनं भवति, परं वैषम्यावस्थायां सृष्टिः भवति अर्थात् प्रपञ्चः उद्भवति। अनेन ज्ञायते यद् मनोविश्लेषणवादः प्रकृति–पुरुषयोरेव परिणामः इति।

शैवागम में शाक्तदर्शन

डॉ॰ पीताम्बर मिश्र
अंश॰ का॰ असि॰ प्रोफेसर
श्री रणवीर परिसर, जम्मू
दर्शन विभाग

"शिवाकारे मञ्चे परमशिव पर्यङ्क निलयाम्।
भजन्ति त्वांधन्याः कतिचन चिदानन्दलहरीम्।।
(सौन्दर्यलहरी, 8)

शैवदर्शन के मूल ग्रन्थ हैं शैवागम जिनमें शिवसंहिता, अहिर्बुन्ध्य–संहिता आदि प्रसिद्ध हैं। इनके अनुन्तर आगम और यामल ग्रन्थ हैं, जो सभी संस्कृत में है। इनके अतिरिक्त शैवमत का जो गढ़ तमिल देश में है वहां की परम्परा में तमिल भाषा में शैव ग्रन्थ प्राप्त हैं। ८४ सन्तों की बात वहाँ मिलती है, जिनमें चार आचार्यों – अप्पार, ज्ञानसम्बन्ध, सुन्दरमूर्ति तथा माणिक्क वाचक का नाम प्रसिद्ध है। इन सब ने इस मत का प्रवर्त्तन किया। इस प्रकार उत्तरी भारत में जहाँ संस्कृत के आगम–ग्रन्थ शैवमत की मूल भित्ति हैं, वहाँ भारत में उक्त आचार्यों की तामिल रचनाएं ही शैवमत की आधार हैं। इन्हें दक्षिण में लोग दक्षिणी आगमों के समान ही अत्यन्त अभ्यर्हित मानते हैं। वास्तव में शैवमत अभी दक्षिण में ही जीवित है। इन ग्रन्थों को दक्षिण में "शैव सिद्धान्त" या "शैवागम" भी कहते हैं। वहां प्रसिद्ध है कि शिव ने अपने पाँच मुखों में २८ तन्त्रों का आविर्भाव किया। उनकी संख्या निम्नलिखित है–

1) सद्योजात मुख से – कामिक, योगज, चिन्त्य, करण, अजित(५)
2) वामदेव मुख से – दीप्त, सूक्ष्म, सहस्र, अंशुमान्, सुप्रभेद(५)
3) अधोर मुख से – विजय, विश्वास, स्वायम्भुव, अनल, वीर(५)
4) तत्पुरुष मुख से – रौरव, मुकुट, विमल, चन्द्रजान, बिम्ब (५)
5) ईशान मुख से – प्रोदगीत, ललित, सिद्ध, सन्तान, सर्वोत्तर, परमेश्वर, किरण और वातुल (८)

कोई भी धार्मिक या भक्तिपरक सिद्धान्त दर्शनिक दृढ़ता के अभाव में परिपक्व नहीं कहा जा सकता। यही कारण है कि पाञ्चरात्र द्वारा प्रवृत्त भक्ति की अपेक्षा शङ्कराचार्य द्वारा प्रवृत्त अद्वैतपरक ब्रह्मज्ञान का सिद्धान्त अधिक प्रसिद्ध हुआ था। किन्तु यह तथ्य भी स्वीकार्य है कि कोई भी सिद्धान्त, चाहे उसका कितना भी ह्रास क्यों न हो पूर्णरूप से लुप्त नहीं होता। यही कारण है कि आज भी भारतवर्ष में अनेक धार्मिक एवं दार्शनिक सिद्धान्त, जैसे जैन–बौद्ध आदि न्यूनाधिक रूप में वर्तमान हैं। तात्पर्य यह है कि शङ्कराचार्य के ब्रह्मज्ञान प्रतिपादक युग में भी भक्ति की विचारधारा पूर्णतया समाप्त नहीं हुई, प्रत्युत स्वयं शङ्कराचार्य की सौन्दर्यलहरी एवं अनेक स्तोत्रों में भक्ति भावना का स्पष्ट चित्र मिलता है। फिर मधुसूदन सरस्वती ने तो भक्तिविशिष्ट अद्वैतवाद का प्रतिपादन ही किया था। इसमें यह स्पष्ट हो जाता है कि धर्मदर्शन के क्षेत्र में क्रिया–प्रतिक्रिया एवं पूर्वापर सम्बन्ध स्वाभाविक रूप से चलता रहता है। परिणामतः प्रारम्भिक पाञ्चरात्र वैष्णव भक्ति की प्रक्रिया यदि शङ्कराचार्य द्वारा प्रतिपादित अद्वैतवाद था, तो अद्वैतपरक विचारधारा की प्रतिक्रिया रामानुज आदि वैष्णव आचार्यों के विशिष्टाद्वैतवाद आदि सिद्धान्त थे। यहां, पूर्वापरसम्बन्ध की दृष्टि से यह तथ्य भी अवलोकनीय है कि जिस प्रकार शाङ्करदर्शन में भी सगुण ब्रह्मपरक भक्ति के सूत्र वर्तमान थे, उसी प्रकार रामानुज आदि वैष्णव आचार्यों के दर्शन में भी ब्रह्मपरक विचारधारा अत्यन्त स्पष्ट रूप से वर्तमान थी। यही तथ्य शैवशाक्त दर्शन के सम्बन्ध में भी चरितार्थ होता है। शैवदर्शन उस वैष्णवदर्शन की प्रतिक्रिया कहा जा सकता है, जिसके अन्तर्गत प्रेम एवं शृंगार की प्रतिमूर्ति राधा भक्तों की आराध्य बन गई थी, एवं श्रीकृष्ण की अपेक्षा प्रेमस्वरूपिणी राधा की भक्ति श्री कृष्ण का भी अतिक्रमण कर गई थी। ऐसी स्थिति में लोकमङ्गलविधायी महादेव के प्रति शिवाकांक्षी समाज की आस्था एवं श्रद्धा होना स्वाभाविक था। किन्तु पूर्वापर सम्बन्ध यहां भी बना रहा। जैसा कि

कहा जा चुका है श्रीकृष्ण ने अपने शरीर से राधा की उत्पत्ति की थी। अतः मूलतः राधा एवं श्रीकृष्ण एक ही है।[1] इसी प्रकार शैवदर्शन की विचारधारा के अन्तर्गत अर्धनारीश्वर विचार भी शिव एवं शक्ति के ऐक्य का प्रतिपादन करता है। सौन्दर्यलहरी का प्रथम पद्य, शिवः शक्त्या युक्तो" भी उक्त विचारधारा का ही समर्थन करता है।

यों शिवपत्नी पार्वती भी शक्तिस्वरूपिणी ही है, किन्तु वैष्णव मत की राधा की अपेक्षा पार्वती माता का स्वरूप अधिक है। जिस प्रकार सीता एवं राधा के स्वरूप में महान् अन्तर है, उसी प्रकार राधा एवं पार्वती के स्वरूप में भी अन्तर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। किन्तु इससे यह पूर्णतया स्पष्ट है शैवमत वैष्णवदर्शन की प्रतिक्रिया का फलीभूत सिद्धान्त था। अशिव मानव की अन्तः प्रकृति एवं ब्रह्म प्रकृति के ही स्वरूप हैं। जिस प्रकार अन्तः प्रकृति में मानव अशिव भावनाओं विचारों एवं अन्तः घटनाओं से खीझ कर शिवङ्कर भावनाओं एवं विचारों एवं अन्तघटनाओं के प्रति सकाम रहता है, उसी प्रकार ब्राह्य प्रकृति के अन्तर्गत भी प्रकृति के भयावह झंझाती रौद्र स्वरूप को देखकर, उसके मन में प्रकृति के शिवङ्कर स्वरूप की देखने की अभिलाषा बलवती होती है। मेरे विचार से रौद्र शैवदर्शन का यही प्राकृतिक बीज है। ऋग्वेद में प्रकृति के मनोहर रूप का वर्णन यदि उषस् एवं सूर्य के रूप में दर्शनीय है[2], तो उसको भयङ्कर रूप रूद्र एवं उसके भरवत पुत्रों के बीहड़ तूफानों में अवलोकनीय है। इस प्रकार ऋग्वेद में रुद्र के भयङ्कर एवं अप्रिय रूप का वर्णन अनेक स्थलों पर मिलता है।[3] इसलिए उससे द्विपदों एवं चतुष्पदों की रक्षा की प्रार्थना ऋग्वेद में की गई है।[4] ऋग्वेद

---

1) भारतीय दर्शन की चिन्तनधारा – 12 अध्याय

2) ऋग्वेद, 1–115–2, 3–58–2, 6–39–2

3) ऋग्वेद, 1/114/10

4) ऋग्वेद, 1/114/2

के रुद्र, पशुपति एवं औषध–विज्ञानी है। ऋग्वेद में रुद्र का वर्णन सर्वोच्च शक्ति के रूप में भी मिलता है।

शतरुद्रीय के अन्तर्गत रुद्र का विकास और भी विकसित रूप में मिलता है, जहाँ वे सर्वकल्याणकारी एवं "औषधानां पतिः" हैं, अर्थात् सबको आरोग्य प्रदान करने वाले हैं।[1] शतरुद्रीय में शिव के कपर्दी, शर्व एवं भव आदि अनेक नामों का उल्लेख है। रुद्र का एक नाम शम्भु भी है, जो उनके कल्याणकारी स्वरूप को चित्रित करता है। उस प्रकार शतरुद्रीय के रुद्र का स्वरूप सर्वहितकारी शिव का स्वरूप है। अथर्ववेद में भव एवं शर्व, शतरुद्रीय के समान एक न होकर पृथक हैं।[2] ये दोनों द्विपदों एवं चतुष्पदों पर शासन करते हैं।[3] शर्व धनुर्धारी हैं, तो भव राजा हैं। अथर्ववेद के भव मर्त्यलोक एवं स्वर्ग लोक के ईश हैं। अथर्ववेद के रुद्र नक्षत्रों एवं चन्द्रमा के नियमनकर्ता भी कहे गए हैं। अथर्ववेद के अनुसार देवताओं की पूर्वी क्षेत्र के मध्य लोकों में बाह्यों का रक्षक, शर्व को दक्षिणी क्षेत्र का रक्षक, पशुपति को पश्चिमी क्षेत्र का रक्षक, उग्र की उत्तरी क्षेत्र का रक्षक, रुद्र को अधोलोक का रक्षक, महादेव को ऊर्ध्वलोक का रक्षक एवं ईशान को समस्त मध्यलोकों का रक्षक बनाया था।[4] वास्तव में एक ही परमशिव के अनेक रूप हैं। वेद के अनुसार शिव के प्रमुख आठ नाम हैं– रुद्र, शर्व, उग्र, अशनि, भव, पशुपति, महादेव एवं ईशान। इनमें अशनि को छोड़कर इतर सात नाम अथर्ववेद में वर्णित हैं, किन्तु अशनि का उल्लेख शतपथ ब्राह्मण और कौशीतकि ब्राह्मण में मिलता है।[5] इस प्रकार यह कहना होगा कि यजुर्वेद एवं अथर्ववेद तक आते–आते यह

---

1) तै.स. ४/५/२
2) तै.स. ४/५/२
3) अथर्ववेद – ४/२८/१
4) अथर्ववेद – १५–५, १–७
5) शतपथ ब्राह्मण ६,१,३,६, कौशीतर्क ब्राह्मण ६/१/८

कहना होगा कि यजुर्वेद एक परम देव अर्थात् महादेव के रूप में हो गया था। जैसा कि अभी दृष्टिपथ में आएगा। श्वेताश्वतर के ईश्वरवाद एवं ब्रह्मवाद के मूल में शिवतत्त्व सम्बन्धी उपर्युक्त विचारधारा ही वर्तमान था।

गृह्यसूत्रों में शिव का एक भीषण स्वरूप मिलता है, और वह यह कि उन्हें शूलगव यज्ञ में वृषभ की बलि देकर प्रसन्न किया जाता है।[1] यह यज्ञ ग्राम से बाहर किया जाता है। इसका प्रधान उद्देश्य पशुओं के रोग निवारण के लिए किया जाता है। रुद्र को यथा पेट के अन्दर की खाल की आहुति भी हो जाती थी। शिव ही नहीं, शिव की पत्नी भवानी के लिए भी आहुति होने का विधान था–"भवस्य देवस्य पत्न्यै स्वाहा।" इस प्रकार यह तथ्य सुस्पष्ट है कि मनुष्य किसी भी विपन्न दशा में रुद्र शिव को प्रसन्न करने का प्रयत्न करता था। यही शिव आगे चलकर सर्वव्यापी तत्व के रूप में विकसित हुए यह उल्लेखनीय है कि शिव जैसी सर्वव्यापकता एकमात्र वैदिक देव विष्णु में ही थी। यहां वैष्णवधर्म एवं रुद्र शिव के सम्बन्ध में यह तथ्य विशेष रूप से अवलोकनीय है कि जहां वैष्णव धर्म का आधार प्रेम, भक्ति एवं भगवत्कृपा है, वहां रुद्र शैव धर्म के मूल में भय का भाव छिपा है। जैसा कि अपर सङ्केत किया गया है, रूद्र शिव का उपासक अनेक विपत्तियों से भयभीत होकर रुद्र–शिव को प्रसन्न करने का प्रयत्न करता है, यज्ञादि करता है। सूत्र रूप में यदि वैष्णव धर्म में भगवान् प्रेम एवं भक्ति के आधार हैं तो रुद्र–शैव धर्म के अनुसार मनुष्य शिव के रुद्र स्वरूप से भयभीत होता है। किन्तु शिव के पूर्ण विकास का स्वरूप शिव का अर्थात् मङ्गलविधायी है।

श्वेताश्वतर उपनिषद् में महेश्वर मायी रूप में वर्णित किया गया है। यथा – "मायिनं तु महेश्वरम्"।[2] शिव का यह स्वरूप संहिताओं

---

1) आ. गृ – ४/८, पा. गृ – ३/१५, हि. गृ– १/५,१६

2) श्वेत. ३–४/२०

में प्राप्त नहीं था। शिव को यह स्वरूप समस्त दार्शनिक केन्द्र विन्दु का आधार है। श्वेताश्वतर के अन्तर्गत शिव को सर्वानन शिरोग्रीव सर्वभूत गुहाशय एवं सर्वव्यापी कहा गया है।[1] इससे भी शिव का सर्वोच्च देव रूप होना सिद्ध होता है। किन्तु प्राचीन उपनिषदों में शिव का सर्वोच्च देव रूप होना सिद्ध होता है। किन्तु प्राचीन उपनिषदों में शिव को पशुपति आदि रूप अनुपलब्ध हैं। यहां यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि केनोपनिषद् के अन्तर्गत उमा का नामोल्लेख मिलता है।[2] किन्तु उन्हें हैमवती अर्थात् हिमालय की पुत्री कहा गया है, शिव की पत्नी नहीं। शिव की पत्नी के रूप में उमा का वर्णन उत्तरकालिक एवं पौराणिक देन है। अथर्वशीर्षोपनिषद् में जो उत्तरकालिक है रुद्र शिव का वर्णन ब्रह्म स्वरूप में मिलता है।[3] अथर्वशीर्षोपनिषद् के अनुसार शिव को रुद्र इसलिए कहा गय है, क्योंकि वे स्रष्टा एवं संहर्त्ता हैं। अथर्वशीर्षोपनिषद् में पाशुपत सिद्धान्त के अन्तर्गत सांसारिक बन्धन से मोक्ष की बात भी कही गयी है। इस उपनिषद् में 'पशुपाश विमोक्षण' का वर्णन सांसारिक बन्धन से मुक्ति के सिद्धान्त की ही पुष्टि करता है। इस प्रकार अथर्वशीर्षोपनिषद् के अन्तर्गत भगवान् रुद्र शिव का स्वरूप ब्रह्म तत्त्व के रूप में विकसित मिलता है। पुराणों में तो शिव का वर्णन अनेक रूपों में मिलता है। शिवपुराण तो सम्यक्तया शिव से ही सम्बन्धित है। वामनपुराण के अन्तर्गत शैवों के चार सम्प्रदायों शैव, पाशुपत, कालदमन एवं कापालिक का उल्लेख मिलता है। महाभारत के अन्तर्गत शैवभक्तों एवं लिङ्गपूजा का निरूपण वामनपुराण में मिलता है।[4] इसके अतिरिक्त अर्जुन शिव से पाशुपतास्त्र प्राप्त करते हैं। शिव विराट वेष धारण करते हैं। भारवि

---

1) श्वेताश्वतर – ३/११
2) केनोपनिषद् ३/१२
3) अ. शी. ३–३३
4) वामनपुराण ६/८६–८१

के किरातार्जुनीय महाकाव्य का भी यही आधार है। सौपिक पूर्व में अश्वत्थामा के भी शिव से खड्ग प्राप्त करने का वर्णन मिलता है। महाभारत में उपमन्यु, जो शिव के परम भक्त हैं, कहते हैं कि केवल शिवलिङ्ग की ही उपासना की जाती है, किसी अन्य लिङ्ग की नहीं। उपनिषदों में लिङ्ग पूजा का स्पष्ट वर्णन नहीं मिलता। किन्तु भण्डारकर ने श्वेताश्वतर उपनिषद् के निम्नलिखित तन्त्रों के आधार पर शिवलिङ्ग एवं योनि का सम्बन्ध जोड़ने की चेष्टा की है, जो समुचित नहीं प्रतीत होता।

According to Vaisnavisma Saivisma -

"I do not however deny the possibility that when the 5 kv in iv-2 speaks of the god Isana as presiding over every yoni, and in v-2, of the lord as presiding one are forms and yonis, an allumion to the phynicatfoet of the Linga yoni consected together may home bel > must as ty ??? the philosophical dectrine of the gods prending one every creative earse.[1]

श्वेताश्वतर उपनिषद् में कहा गया है–

"यो यो नित्यमधितिष्ठत्येको यस्मिन्निह सर्वं विचैति सर्वम्।

तमीशानं वरदं देवमीड्यं निचाक्षयेमां, शान्तिमत्यन्तमेति।।"[2]

निश्चय ही, उपयुक्त मन्त्रों में योनि का अर्थ कारण है, भौतिक शरीरस्थ योनि नहीं। अतः इसे शिवलिङ्ग से सम्बद्ध करना उचित नहीं है।

अतः यह स्पष्ट है कि रूद्र शिव सभी समाज के आराध्यदेव थे। वे किसी सम्प्रदाय विशेष के देव नहीं थे। रूद्र शिव का महत्त्व विष्णु

1) Vaisnavism and Saivisma, F.N. P. 114
2) श्वेताश्वतर उपनिषद् 4/11

से पूर्वकाल का था। जैसा कि ऊपर देखा गया है, गृह्यसूत्रों में भी जो रुद्र शिव का वर्णन मिलता है, वह भी साम्प्रदायिकता से दूर है। पतञ्जलि के समय में भी शिव, स्कन्द एवं विशाख की प्रतिमाएँ मिलती है, वे भी सार्वमान्य के लिए ही थी, किसी सम्प्रदाय विशेष के लिए नहीं। इस प्रकार रुद्र शिव का उक्त स्वरूप किसी प्रकार भी साम्प्रदायिक न होकर सर्वमान्य का आराध्य रूप था।

शैव सम्प्रदायों की उत्पत्ति एवं विस्तारित सन्दर्भ विस्तृत रूप में किया गया है कि, शिव सम्प्रदाय के अनुयायी शिव को भगवान् या भागवत मानने के कारण शिव भागवत कहलाते थे। महाभारत के नारायणीय भाग में पाशुपत सम्प्रदाय का उल्लेख मिलता है।[1] इसके अतिरिक्त शिव–श्रीकण्ठ को पाशुपत सम्प्रदाय के सिद्धान्तों का आविष्कारक कहा गया है। वायुपुराण एवं लिङ्गपुराण के अनुसार महेश्वर ब्रह्मदेव से कहते हैं कि अट्ठाईसवें (28) कलियुग में कृष्णद्वैपायनव्यास के समय जब वासुदेव के पुत्र होंगे तो वे एक मूल शरीर में प्रवेश करके लकुलीश के नाम से ब्रह्मचारी के रूप में अवतरित होंगे।[2] लकुलीश के चार शिष्य होंगे – कुशिक, गर्ग, मित्र तथा कौरूष्य। ऐसा कहा गया है कि ये पाशुपत भस्म धारण करके रुद्रलोक को जायेंगे।

पाशुपत सम्प्रदाय के विकास के सम्बन्ध में कुछ एक शिलालेख भी अवलोकनीय हैं। एक शिलालेख एक लिङ्ग उदयपुर से उत्तर की ओर 14 कि.मि. के समीप नाथ मन्दिर में उत्कीर्ण है। इसमें लिखा है कि शिव मृगुकच्छ ग्राम में एक ऐसे पुरुष के रूप में अवतरित हुए जिसके हाथ में लकुल अर्थात् गदा है। एक अन्य शिलालेख के अनुसार शिव, भट्टारक, लकुलीश के रूप में अवतरित हुए, जिसके

---

1) शान्तिपर्व ३४६, ५, १४
2) वायुपुराण, अध्याय – २३
लिङ्गपुराण, अध्याय – २४

हाथ में लकुल अर्थात् गदा है। एक अन्य शिलालेख के अनुसार शिव, भट्टारक लकुलीश के चार शिष्य थे – कुशिक, गार्ग्य, कौरूष्य एवं मैवेया ये चार शिष्य पाशुपत धर्म के चार सम्प्रदायों के जन्मदाता हुए। मैसूर के हैमवती में प्राप्त 843 ई. के एक शिलालेख के अनुसार लकुलीश ने अपने नाम एवं सिद्धान्तों की रक्षा के लिए, मुनिनाथ, चिल्लुक के रूप में पुनः जन्म ग्रहण किया था।[1] माधवाचार्य ने सर्वदर्शन संग्रह के अन्तर्गत पाशुपत सिद्धान्त का वर्णन किया है। उन्होंने इसे नकुलीश पाशुपत कहा है। माधव के अनुसार ऐसा प्रतीता होता है कि लकुलिन् या लकुली नाम का कोई व्यक्ति विशेष था, जो लकुट या लगुड़ धारण करता था। षड्दर्शन समुच्चय के लेखक हरिभद्र सूरि ने गौतम एवं कणाद को शैवधर्म का अनुयायी कहा है। ह्वेनसाङ्ग ने अपने ग्रन्थ में बारह वार पाशुपत का उल्लेख किया है। बाणभट्ट ने कादम्बरी में रक्तवस्त्रधारी पाशुपतों का उल्लेख किया है। भवभूति ने भी मालतीमाधव के तृतीय अङ्क में मालती के सम्बन्ध में कहा है कि वह अपनी मां के साथ भगवान् शङ्कर के मन्दिर में जाती है। माधवाचार्य के द्वारा लिखे गये सर्वदर्शन संग्रह में भी–

तासामहं वरा शक्तिः सर्वानुग्राहिका शिवा।
धर्मानुवर्तनादेव पाश इत्युपचर्यते।।

मल का अर्थ रोधशक्ति है, यह शिव शक्ति (वस्तु को अपनी सामर्थ्य, जैसे अग्नि में दहन शक्ति, जल में शैत्योत्पादनशक्ति आदि) पाश में अधिष्ठित होकर पुरूष (आत्मा) के स्वरूप को छिपा देती है, इसिलिए इसे औपचारिक (आलंकारिक) विधि से पाश मानते हैं कहा गया है–"इनमें से सर्वश्रेष्ठ शक्ति हूँ और सबों पर दया करने वाली शिवा (कल्याणमयी) हूं। धर्म (आश्रय की वस्तुओं के धर्म) के अनुसार चलने

1- **Journal, B.B.R.A.S. Vol, XXII, PP.151 & 153**

2) सर्वदर्शन संग्रह – अध्याय – 6

3) मालती माधव – अङ्क – 3

के कारण इसे पाश कहते हैं, ज्ञान और क्रिया की शक्तियों को ढक देने की सामर्थ्य ही रोधशक्ति है जो मल में स्थित है।

उपयुक्त तथ्यों से यह स्पष्ट है कि रुद्र शिव का सिद्धान्त एक सामान्य, देव शिव सिद्धान्त के रूप में विकसित हुआ था। इस सम्बन्ध में यह भी उल्लेखनीय है कि कालिदास, सुबन्धु, बाणभट्ट, श्रीहर्ष, महानारायण, भवभूति एवं अनेक अन्य कवि एवं नाटककार सामान्य शिव का ही मङ्गलाचरण करते हैं, किसी सम्प्रदाय विशेष के शिव का नहीं। दशवीं शताब्दी तक शिव का एक सामान्य देव के रूप में विकास हुआ था, जो सामान्य रूप से सब के वन्द्य थे।

"शैवदर्शन का ईश्वराद्वयवाद

रूद्रनारायण नरसिंह मिश्र
शिक्षाचार्य (M.Ed.)

शैव तन्त्र साधना का प्रमुख तत्त्व है। वैदिक काल से लेकर आज तक के साहित्य में शिव तत्त्व की साधना के अनेक रूप मिलते हैं। यद्यपि भारतीय दर्शन के समालोचक विद्वानों ने शैव तन्त्र का मूल उद्गम महाभारत से ही माना है, परन्तु इस समालोचक के दृष्टिकोण से शिव तत्त्व का मूल स्रोत हमें किसी न किसी रूप में ऋग्वेद में ही मिलना प्रारम्भ हो जाता है। ऋग्वेद में रुद्र के स्वरूप का उल्लेख अनेक स्थलों पर मिलता है।[1] ऋग्वेद के अन्तर्गत ही रुद्र शिव को सर्वोच्च शक्ति का रूप दिया जा चुका था। यजुर्वेद का शतरुद्रीय अध्याय तो शिवाराधना के लिए प्रसिद्ध है। इस अध्याय के अन्तर्गत एक रुद्र के स्थान पर अनेक रुद्रों की चर्चा मिलती है। इसके अतिरिक्त रुद्र के लिए पशुपति, कपर्दी, शर्व, शम्भु और शिव आदि शब्दों का प्रयोग भी किया गया है। अथर्ववेद के अन्तर्गत रुद्र के स्वरूप का वर्णन और उच्चतर स्थिति के रूप में किया गया है। अथर्ववेद में भी रुद्र के अनेक नामों की चर्चा है, परन्तु वहां रुद्र के पृथक्–पृथक् नामों के अनुसार पृथक्–पृथक् देवताओं की कल्पना भी की गई है। उदाहरण के लिए रुद्र के नामों में से भव और शर्व को अथर्ववेद में पृथक्–पृथक् देवताओं के रूप में चित्रित किया गया है और इन्हें द्विपदों एवं चतुष्पदों का शासक कहा गया है।[2] शतपथ–ब्राह्मण एवं कौषीतकि ब्राह्मण में रुद्र को उमस का पुत्र बतलाया गया है।[3] उक्त ब्राह्मणग्रन्थों में प्रजापति द्वारा दिए गए रुद्र के अष्ट

---

1) ऋग्वेद – ७/४६/३, १/४३/४, २/३३/४
2) अथर्ववेद ४/१८/१
3) शतपथ – ब्राह्मण ६/१/३/७
कौषीतकि ब्राह्मण ६/१/६

नामधेयों–रुद्र, शर्व, उग्र, अशनि, भव, पशुपति, महादेव और ईशान नामों की चर्चा भी मिलती है। इनमें रुद्र, शिव, उग्र और अशनि संहार शक्ति के सूचक है और भव, पशुपति महादेव और ईशान आरम्भक शक्ति के गृह्य सूत्रों में रुद्र का उल्लेख भयानक देव के रूप में मिलता है। उपनिषदों में भी रुद्र शिव के स्वरूप का वर्णन विविध रूप से मिलता है। श्वेताश्वतरोपनिषद् के अन्तर्गत महेश्वर को मायी कहा गया है।[4] केनोपनिषद् में शिव की पत्नी के रूप में उमा की चर्चा मिलती है।[5] उत्तरकालिक उपनिषद् अथर्वशीर्ष में रुद्र का वर्णन विस्तृत रूप से किया गया है, अथर्वशीर्षोपनिषद् में रुद्र का ब्रह्म रूप में भी वर्णन मिलता है।[6] वैदिक साहित्य के अतिरिक्त पुराणों में शिव वर्णन के अनेक रूप उपलब्ध होते हैं। महाभारत के भीष्म पर्व के अन्तर्गत अर्जुन के पाशुपतास्त्र मांगने और उसके प्राप्त करने का वर्णन किया गया है। अनुशासन पर्व में कृष्ण के द्वारा महादेव के माहात्म्य का वर्णन भी मिलता है।

वामनपुराण के अन्तर्गत शैव, पाशुपत, कालदमन तथा कापालिक के भेद से चार सम्प्रदायों का उल्लेख मिलता है।[7] शङ्कराचार्य ने अपने ब्रह्मसूत्र भाष्य में माहेश्वरों के मत का उल्लेख किया है।[8] कारुणिक सिद्धान्ती के ही स्थान पर शाङ्कर भाष्य के टीकाकारों के कारुक सिद्धान्ती नामक सम्प्रदाय का भी संकेत किया है। रामानुज तथा केशव काश्मीरी ने कारुक सिद्धान्ती के स्थान पर कालदमन नामक सिद्धान्त का उल्लेख किया है।[9] इस प्रकार पाशुपत, शैव, कालदमन

---

4) श्वे. ३– ४/१०
5) केनोपनिषद् ३/१२
6) अथर्वशीर्षोपनिषद् – ३३
7) वामन पुराण ६/८६/८६
8) ब्र. सू. शा. भा. २/२/३७
9) वही P – १७२

और कापालिक, शैवों के चार विशेष सम्प्रदाय हैं। इन सम्प्रदायों के अतिरिक्त वीरशैव मत एवं काश्मीर शैव मत के नाम से दो और उत्तरकालिक सम्प्रदाय मिलते हैं। वीरशैव मत का प्रचार दक्षिण भारत में हुआ था और काश्मीर शैवमत का प्रचार प्रसार उत्तर भारत में किया गया था।

उपर्युक्त षट् सम्प्रदायों में से पाशुपत एवं शैव सम्प्रदाय द्वैतवाद के समर्थक हैं। उक्त दोनों सम्प्रदायों के अन्तर्गत जीव अर्थात् पशु एवं शिव दोनों की पृथक् सत्ता स्वीकार की गई है। इन सम्प्रदायों में प्रधान को जगत् का उपादान कारण सिद्ध किया गया है। परन्तु यहाँ यह उल्लेखनीय है कि उत्तर कालिक शैव सिद्धान्त द्वैतवादी न होकर विशिष्टाद्वैतवाद का समर्थक प्रतीत होता है। वायवीय संहिता आदि उत्तरकालिक शैव सम्प्रदाय के ग्रन्थों के अनुसार शिव को उस शक्ति से सम्पन्न कहा गया है, जिसमें जीव और जगत् के सूत्र तत्त्व वर्तमान हैं। इसके अतिरिक्त कापालिक एवं कालामुख सम्प्रदाय भी द्वैतानुसर्ता ही हैं। अद्वैतवेदान्त के प्रस्थापक शङ्कराचार्य और कापालिक का विरोध तो प्रसिद्ध ही है। जहां तक कालामुख सम्प्रदाय का प्रश्न है। यह भी कापालिक सम्प्रदाय ही उत्कृष्ट रूप है। जहां तक वीरशैव सम्प्रदाय के दार्शनिक सिद्धान्त की समस्या है, इस सिद्धान्त के अन्तर्गत शिव को स्थल कहा गया है। यह स्थल भी अद्वैतवादियों के ब्रह्म की तरह सत्, चित् एवं आनन्द स्वरूप है। परन्तु दोनों सिद्धान्तों में यह विशेष अन्तर है कि वीरशैवसिद्धान्त के अनुरूप 'स्थल' अपनी सूक्ष्म शक्ति के द्वारा लिंगस्थल एवं अङ्गस्थल रूपों में विभक्त हो जाता है। अतः वीरशैव सम्प्रदाय का दार्शनिक सिद्धान्त अद्वैतवाद के समीप न होकर रामानुजाचार्य के विशिष्ट द्वैतवाद सिद्धान्त के समीप हैं। परन्तु विशिष्टाद्वैतवाद एवं वीरशैव सम्प्रदाय के दार्शनिक सिद्धान्त में भी सूक्ष्म भेद विचारणीय है कि विशिष्टाद्वैतवाद मत में ब्रह्म के चिदचिद्विशिष्ट होने के कारण उसमें जीव एवं जगत् के मूल तत्त्व स्थित है, जबकि वीरशैव सिद्धान्त के अन्तर्गत यह शिव की शक्ति ही

है, जिसके द्वारा वह सृष्टि करता है। पाशुपतादि पाँच सम्प्रदायों के दार्शनिक सिद्धान्तों के अतिरिक्त काश्मीरी शैवदर्शन के अन्तर्गत अद्वैतवाद का बहुत कुछ समर्थन मिलता है। यह सिद्ध है।

प्रायशः काश्मीर के शैवदर्शन के मूल समालोचकों ने स्पन्द दर्शन एवं प्रत्यभिज्ञादर्शन के सिद्धान्तों का अलग–अलग विवेचन न करके दोनों सिद्धान्तों को मिला दिया है। स्वयं माधवाचार्य सर्वदर्शन संग्रह के अन्तर्गत विवेचित शैवदर्शन को स्पन्ददर्शन का ही रूप माना है। वह प्रत्यभिज्ञादर्शन को स्पष्ट करते हुए शिवसूत्र –"चैतन्यमात्मा तथा वसुगुप्त की एक कारिका को उद्धृत किया है। शैवदर्शन के विवेचन के समय में स्पन्ददर्शन के प्रवर्त्तक आचार्य वसुगुप्त अथवा उनके किसी ग्रन्थ का उल्लेख तक नहीं किया है। निष्कर्ष रूप में यह विवेचित होता है कि शैवदर्शन को स्पन्ददर्शन का मौलिक एवं सही सैद्धान्तिक रूप नहीं कहना चाहिए। फिर भी माधवाचार्य के शैवदर्शन एवं वसुगुप्त के स्पन्ददर्शन में भेद भी पाया जाता है। शैवदर्शन में शिव उपादानकारण नहीं, निमित्तकारण है। परन्तु स्पन्ददर्शन में परमेश्वर शिवसंकल्प मात्र से ही सृष्टि की उत्पत्ति होती है। स्पन्दशास्त्र के अनुसार ध्यान के द्वारा साधक को पहले भैरव या महेश्वर का चित्त दर्शन होता है और समस्त मलों की निवृत्ति होती है; जिसमें परमेश्वर का साक्षात्कार होता है; इसके विपरीत प्रत्यभिज्ञाशास्त्र के अन्तर्गत जीव का अपने को ईश्वर रूप जानना ही परमेश्वर के साक्षात्कार का साधन है।[10] प्रत्यभिज्ञाशास्त्र के प्रतिपादक आचार्य सोमानन्दनाथ का मत यह है कि एक बार प्रत्यक्षादि प्रमाण अथवा गुरु वाक्य यद्वा दृढ़ युक्तियों से सर्वभावस्थ शिवत्व का ज्ञान होने पर फिर अन्य साधनों अथवा भावना का प्रयोजन नहीं है। जैसे कि सुवर्णादि का यथार्थ ज्ञान होने पर उसके साधन कसौटी आदि से प्रयोजन नहीं होता।

---

1) वहीं Vol IV P _ १८७

स्पन्दशास्त्र एवं प्रत्यभिज्ञाशास्त्र दोनों के भेद से यह स्पष्ट प्रतीत होता है, उक्त दोनों शैवदर्शन पद्धतियों के अन्तर्गत अद्वैतवाद की ही पुष्टि मिलती है। दोनों ही दर्शन पद्धतियों में जीव एवं परमात्मा के ऐक्य की बात मिलता है। दार्शनिक विचारों से यह प्रतीत होता है कि जीव परमशिव रूप होते हुए भी अज्ञानवश अपने स्वरूप को भूले रहता है। सृष्टि, परमेश्वर की इच्छा शक्ति का फल है, यह सिद्धान्त भी दोनों ही पद्धतियों में मान्य है। अतः यह सिद्ध है कि स्पन्दवादी एवं प्रत्यभिज्ञावादी दोनों ही ईश्वराद्वयवाद के समर्थक हैं।

काश्मीर शैव दर्शन के अनुसार जीव की अवधारणा

–मोहन लाल
शोधछात्र (पी.एचडी)
संस्कृत विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू

काश्मीर शैवदर्शन मतानुसार जब परमशिव परिशुद्ध चैतन्य सूक्ष्म एवं स्थूल तथा पञ्चकोश से परिवेष्टित हो जाता है, तब उसे जीव कहा जाता है। यद्यपि इसका परमार्थ स्वभाव पूर्ण स्वातन्त्र्य है, तथापि माया शक्ति के कारण यह स्वयं को आणव, मायीय एवं कार्ममलों के पाशों में बँधा हुआ समझने लगता है।[1] परमेश्वर के स्वातन्त्र्य से समुद्भूत ये मलत्रय वस्तुतः एक दूसरे में कार्यकारणभाव से सम्बद्ध हैं। जीव इन तीनों मलों से युक्त होने पर भी संसार बीज कार्ममल के प्राधान्य वाले होते हैं तथा "सकल" प्रमाता कहलाते हैं।[2] इसके पशु नाम की यही सार्थकता है। वास्तव में तो यह अनन्त व असीमित है, सर्वज्ञता और सर्वकर्तृता से नित्य सम्पन्न है, किन्तु अज्ञान (स्वरूप के अपूर्ण ज्ञान) के कारण स्वयं को यह घटाकाश की भाँति संकुचित शक्ति वाला समझने लगता है। देशकाल की सीमाओं से परे होते हुए भी यह स्वयं को इनकी सीमाओं से बँधा हुआ समझने लगता है।

जीव (पशु) की भेद बुद्धि का कारण इसका अज्ञान है, जो विश्व परमार्थतया उससे भिन्न नहीं है, इसके साथ यह भेद का व्यवहार करने लगता है तथा भिन्न ही कर्मफल की इच्छा करता है।

इसी भेद व्यवहार के कारण इसे पुनः स्वर्ग–नरकादि का भागी बनना पड़ता है। अर्थात् जब तक जीव को अपने शिवभाव के स्वातन्त्र्य का बोध नहीं होता, तब तक वह अनेकानेक पशु योनियों में संचरण करता हुआ अपने कर्मों के अनुसार सुख–दुःख आदि को भोगता रहता है।[3] जब माया इसके सम्यक् स्वरूप का गोपन कर देती है, तब यह समझने लगता है कि कर्म इसे बाँध रहे हैं। काल इसे संकुचित बना रहा है और बाल्य–यौवनादि शरीर और बुद्धि की विभिन्न अवस्थाओं में यही संसरण कर रहा है। इस प्रकार परमार्थतः

संसरणशील न होने पर भी यह स्वयं को संसरणशील और मलों से घिरा हुआ मानने लगता है। इस प्रकार शिव दशा (पति दशा) की सामर्थ्य वाली शक्तियाँ – ज्ञान, क्रिया और माया, भेद की पशुदशा (जीव) में क्रमशः सत्त्व, रजस् और तमस् रूप गुणों का रूप ग्रहण कर लेती हैं।[4] इसके अतिरिक्त माया एवं उसके पञ्च कञ्चुक एवं तीन ग्रन्थियाँ, ये पाश कहे जाते हैं और इनके द्वारा पाशित शिव (पति) ही जीव, पशु, अणु, पुरुष आदि विविध नामों से अभिहित किया जाता है।[5] इस प्रकार यथार्थ में जीव शिव ही होता है।[6] केवल संकोच के कारण ही वह पूर्णत्व से अणुत्व को प्राप्त हो जाता है। जीव का शरीर पञ्च महाभूतों का बना होता है। इसे स्थूल शरीर भी कहते हैं। मृत्यु के समय जीव सूक्ष्मशरीर में रहता हुआ स्थूलशरीर को छोड़ता है तथा परमशिव में लीन हो जाता है। शिव दशा में तो चैतन्य को ही आत्मा कहा गया है[7], जिसमें ज्ञान और क्रिया का पूर्ण स्वातन्त्र्य होता है। किन्तु जीव में चित्त (अन्तःकरण) को आत्मा मान लिया जाता है।[8] चित्त का अर्थ है अन्तःकरण, मन, बुद्धि और अहंकार। अतः जीव और शिव दोनों विश्व शरीर हैं, दोनों में भिन्नता केवल इतनी ही है कि शिव की विश्व असंकुचित है, जबकि जीव का विश्व संकुचित रूप है। इस प्रकार शिव ही अपने आपको अल्पज्ञ और अल्पकर्त्ता जीव के रूप में प्रकट कर देता है।[9] अतः देह (शरीर) के साथ तादात्म्य स्थापित कर लेने पर यह पशु बन जाता है। पञ्चकृत्य के अज्ञान के कारण अपनी ही शक्तियों से मोहित हो जाना ही पशु अथवा जीव है।

जीव, मन और शरीर का पुतलामात्र नहीं है। जीव शिवरूप ही होता है और शिव ही जीव से कर्म करवाता है। इसका अभिप्राय यह कदापि नहीं है कि शिव हाथ पकड़कर जीव से कार्य करवाता है, अपितु शिव कर्म करने के लिए जीव को अभिप्रेरित करता है। अतः वास्तविक कर्त्ता शिव ही है; किन्तु कर्म करने का दायित्व जीव पर है, शिव पर नहीं। शिव ने जीव को उचित–अनुचित का निर्णय करने के लिए बुद्धि प्रदान की है।

पारमार्थिक दृष्टिकोण से जीव तथा शिव एक ही हैं। शिव जब

कञ्चुकों सहित माया को स्वीकार कर लेता है, तब उसका सार्वभौम, ज्ञान और ऐश्वर्य संकुचित हो जाता है और वह पुरूष अथवा जीव बन जाता है। जीव से तात्पर्य केवल मानवीय व्यक्ति से नहीं है, अपितु प्रत्येक संकुचित वेदनशील प्राणी से है। परमशिव ही संकोच को धारण कर संकुचित प्रमाता अर्थात् जीव और संकुचित विश्व बन जाता है।[10] अतः जीव और शिव अभेद हैं। केवल अज्ञान (बन्धन) के कारण दोनों पृथक्–पृथक् दिखाई देते हैं। परमशिव अपनी स्वतन्त्रेच्छा से ही अपने वास्तविक स्वरूप का गोपन कर अर्थात् सर्वकर्तृत्व के स्थान पर किञ्चित्कर्तृत्व के संकोच को धारण करते हुए जीव कहलाते हैं। वास्तव में जीव तथा शिव का अलग–अलग दिखाई देना माया का प्रभाव होता है, यथार्थ मे तो जीव परमशिव ही होता है।[11] शिव जब अपने यथार्थ स्वरूप को भूलकर अपने आपको जीव समझने लगता है, तो उसकी पांच सर्वोच्च मूल शक्तियां चित्, आनन्द, इच्छा, ज्ञान और क्रिया के स्थान पर कला, विद्या, राग, काल और नियति आदि गुणों को ग्रहण कर लेती हैं। इसके फलस्वरूप परमशिव को अपने स्वातन्त्र्य का बोध नहीं होता और वह अनेकानेक जीव योनियों में संचरण करता हुआ कर्मों के अनुसार सुख–दुःख आदि को भोगता रहता है।[12] अतः समस्त क्रियाओं के कर्त्ता स्वयं शिव ही होते हैं, परन्तु संकोच की प्रगति के प्रभाव से जीवरूप में प्रकट होकर उन्हे अपनी सर्वकर्तृता भूल जाती है। अर्थात् अपनी शक्ति विकास में तो वह शिव ही होता है परन्तु मल माया से उसे शक्तिवश सर्वज्ञत्वादि शक्तियों को परिच्छिन्न कर अल्पज्ञत्वादि से बद्ध कर शक्ति दरिद्र बना देते हैं।[13] इस प्रकार शिव ही अपने आपको अल्पज्ञ और अल्पकर्त्ता जीव के रूप में प्रकट कर देता है।[14] अतः देह के साथ तादात्म्य स्थापित कर लेने पर शिव ही जीव बन जाता है।

जिस प्रकार शिव विश्व के प्राकट्य में पंचकृत्य करते हैं वैसे ही जीवरूपी संकुचित दशा में भी वह (शिव) पंचकृत्य करते हैं।[15] स्वच्छन्द तंत्र के अनुसार शिव ही सृष्टि संहार विलय, स्थिति और अनुग्रह करने वाले हैं।[16] जिस प्रकार भगवान् अशुद्ध अध्वा में विस्तार क्रम से अपने स्वरूप का विकास रूप सृष्टि इत्यादि करते हैं, वैसे ही

संकुचित चित्शक्ति से संसार दशा में भी वह पंचकृत्य करते हैं। इस प्रकार व्यवहार दशा में भी प्रभु देह इत्यादि में प्रवेश कर अपने भीतर प्रकाशमान अर्थ समूह को अपनी इच्छा से बाहर व्यक्त करते हैं।[17]

इस तरह परमशिव का जीव दशा में पञ्च कृत्यों का कार्य प्रकाशन, अस्वादन, आत्मबोध, बीजावस्थापन और विलापन भेद से भी निरन्तर चलता रहता है।[18]

पञ्चकृत्य–

***सृष्टि*–** परमशिव जब बहिर्मुखीभाव के अवसर पर नील इत्यादि विषयों को नियत देश, काल इत्यादि में आभासित करते हैं, तब नियत देश, काल इत्यादि में जो आभासित हो रहा है यह उनकी सृष्टिक्रिया है।

***संहार*–** विषयों का अन्य देश और काल में आभासित होना उनकी संहार क्रिया है।

***स्थिति*–** नील इत्यादि के आभास का बना रहना उनकी स्थितिक्रिया हैं।

***विलय*–** भेद से आभास होना उनकी विलय क्रिया है।

***अनुग्रह*–** विषयों का चित्प्रकाश के तादात्म्य से प्रकाशित होना अनुग्रह क्रिया है।

महार्थदृष्टि से नेत्रेन्द्रिय इत्यादि देवियों के प्रसरण क्रम से अर्थात् भिन्न–भिन्न इन्द्रियों के कार्य के द्वारा जो कुछ प्रकाशित होता है वह सृष्टि है। इसी को 'आभासन' या 'प्रकाशन' कहते हैं। सृष्टि हो जाने पर अर्थात् किसी पदार्थ के प्रकाशित हो जाने पर बिना आँख बन्द किए हुए कुछ काल तक जब जीव उसमें आस्वादन का आनन्द लेता है वह स्थिति है। विमर्शन जिसकी दूसरी संज्ञा चमत्कार है– को समझ, उस पदार्थ का संहार अर्थात् पदार्थ का ज्ञान या प्रमेय को संहार कहते हैं। जब शंका इत्यादि के संस्कार खड़े हो जाते हैं, तो वह बीजरूप में संसार का कारण होता है। यह बीजावस्थापना विलय

है। यदि अनुभूत विषय का चित् से तादात्म्य हो जाता है तो अनुग्रह की दशा है।

वस्तुतः यह सृष्टि प्रक्रिया प्रतिक्षण जन–जन के मस्तिष्क में पृथग्रूपेण चला करती है। इसलिए इस विश्व की व्यक्तिगत अनुभूति को "प्रातिस्विक" कहते हैं जिसका अर्थ होता है "प्रत्येक व्यक्ति की अपनी", किन्तु इस प्रकार की पञ्चविधकृत्यकारिता का ज्ञान सबको नहीं हो पाता अर्थात् पञ्चकृत्य कर्त्तृत्व सबके हृदय में सदैव विद्यमान रहते हुए भी सद्गुरु के उपदेश के बिना प्रकाशित नहीं होता है।

सद्गुरु के उपदेश के बिना जिसको उक्त पञ्चकृत्य के कर्त्तृत्व का परिज्ञान नहीं होता, वह अपनी शक्तियों द्वारा ही विमोह में पड़ जाता है, क्योंकि उन शक्तियों का स्वरूप उसको स्पष्ट नहीं होता। इस तरह संसारी होने का अभिप्राय है – उक्त परिज्ञान के अभाव में अपनी ही शक्तियों द्वारा मोह में पड़ जाना।[19] कहने का अभिप्राय यह है कि संसारी अवस्था में भी अपनी शक्तियों या अपने वास्तविक स्वरूप का ज्ञान उसे ही रहता है, जिस पर गुरु चरणों की कृपा हो जाती है।

इस प्रकार जीवदशा में भी परमशिव का पञ्चकृत्यों का कार्य – प्रकाशन, आस्वादन, आत्मबोध, बीजावस्थापन और विलयन भेद से सतत चलता रहता है। यह जीवरूपता (पशुभाव) चित्स्वरूपवत् शक्ति संकोच के कारण मल (अज्ञान) से आवृत होने के कारण होती है।[20] जो अपने वास्तविक स्वरूप का अज्ञान ही होता है।[21] अज्ञानवश ही लोग शंका में पड़ जाते हैं और यही सृष्टि एवं संहार का भूत है।[22] यद्यपि परमेश्वर अपने स्वातन्त्र्य से ही जब अभेदव्याप्ति को छोड़कर भेदव्याप्ति का समाश्रयण करता है, तो उसकी इच्छादि शक्तियाँ संकुचित हो जाती हैं और वह आणव, कार्म और मायीय मल से आवृत होकर संसारी हो जाता है। किन्तु उस जीवदशा में भी उसमें अभिमान रहता है। उस स्थिति में भी वह उसी प्रकार पञ्चकृत्य करता रहता है, जिस प्रकार वह शिवदशा में करता है। अतः परमशिव मायाशक्ति के आवरण से जब अपने आपको भूल जाता है तो वह

संसारी अर्थात् जीव बन जाता है। अर्थात् शिव ही बन्ध की स्थिति में मोह में फंसकर जीव बन जाता है। इस प्रकार मोक्ष की दशा में जीवात्मा आनन्दस्वरूप स्वयं शिव हो जाता है। इस स्थिति में भेद ज्ञान अभेद ज्ञान में परिणत हो जाता है अर्थात् 'अहं' और 'इदं' का भेद ज्ञान "सब मैं ही हूँ" में परिणत हो जाता है। अतः जीव शिव से भिन्न नहीं है[23] बल्कि शिव ही है, दोनों में भिन्नता का मूल कारण अज्ञान (बन्ध) है।

सन्दर्भ

1. मायीयस्य कार्ममलं तस्य चाणवं कारणमिति भावः।।– शि॰ सू॰ वि॰ पृ॰ 12
2. देवादीनां च सर्वेषां भविनां त्रिविधं मलम्।
   तत्रापि कार्ममेवैकं मुख्यं संसारकारणम्।। – ई॰ प्र॰ का॰ 3/2/10
3. परिमितात्मा स स्वात्मैश्वर्यमपि प्रत्यभिज्ञातुमपटुः संचरति विचित्रयोनिषु।
   – ष॰ त्रिं॰ तं॰ सं॰ वि॰, पृ॰ 5
4. स्वांगरूपेषु भावेषु पत्युर्ज्ञानं क्रिया च या।
   माया तृतीये ते एव पशोः सत्त्वं रजस्तमः।। – ई॰ प्र॰ का॰ 4/1/4
5. इदमेव च पञ्चविंशं पुंस्तत्त्वमित्युयते, यतः श्री पूर्णशास्त्रेषु
   पुमानिति, अणुरिति, पुद्गलमिति चोक्तम्। – तं॰ आ॰ वि॰, आ॰ 6, पृ॰ 165
6. सर्वो ग्राहको विश्वशरीरः शिवभट्टारक एव।। – प्र॰ ह॰, पृ॰ 70
7. चैतन्यमात्मा।। – शि॰ सू॰, 1/1
8. आत्मा चित्तम्।। – शि॰ सू॰ 3/1
9. पर एव प्रकाशः स्वस्वातन्त्र्यात् स्वं रूपं गोपयित्वा यदा
   संकुचितात्मतामवभासयति तदा सकल एवायं भेदव्यवहारः समुल्लसेत्।
   – तं॰ आ॰ टी॰ भा॰ 6, पृ॰ 156
10. चिति संकोचात्मा चेतनोऽपि संकुचित – विश्वमयः।। – प्र॰ ह॰ सू॰ 4
11. सर्वो ग्राहको विश्वशरीरः शिवभट्टारक एव। – प्र॰ ह॰ पृ॰ 70
12. परिमितात्मा स स्वात्मैश्वर्यमपि प्रत्यभिज्ञातुमपटुः संचरति विचित्रयोनिषु।
    – ष॰ त्रिं॰ तं॰ सं॰ वि॰, पृ॰ 5

तथाविधश्च अयं शक्तिदरिद्रः संसारी उच्यते।
स्वशक्तिविकासे तु शिव एव।। – ई॰ भा॰, आ॰ 3/2/10

14. पर एव प्रकाशः स्वस्वातन्त्र्यात्। स्वं रूपं गोपयित्वा यदा संकुचितात्मतामवभासयति तदा सकल एवायं भेदव्यवहारः **समुल्लसेत्।**
तं॰आ॰टी॰आ॰6,पृ॰56

15. तथापि तद्वत् पञ्च कृत्यानि करोति। – प्र॰ हृ॰ सू॰ 10

16. सृष्टिसंहारकर्तारं विलयस्थितिकारकम्।
अनुग्रहकरं देवं प्रणतार्तिविनाशनम्।। – स्व॰ तं॰ 1/3

17. तदेवं व्यवहारेऽपि प्रभुर्देहादिमाविशन्।
भान्तमेवान्तरर्थोघमिच्छया भासयेद्बहिः।। – ई॰ प्र॰ 6/7

18. आभासन–रक्ति–विमर्शन–बीजावस्थापना–विलापनतस्तानि।प्र॰हृ॰,पृ॰ 11

19. ईदृशं च पञ्चविधकृत्यकारित्वं सर्वस्य सदा सन्निहितमपि सद्गुरूपदेशं विना न प्रकाशत इति सद्गुरुसपर्यैव एतत्प्रथार्थमनुसर्तव्या। – प्र॰ हृ॰ टी॰, 55

20. चिद्वत्तच्छक्तिसंकोचात् मलावृतः ससारी।। – प्र॰ हृ॰ सू॰ 9

2 तदपरिज्ञानेऽस्तशक्तिभिर्व्यामोहितता संसारित्वम्।– प्र॰ हृ॰ सू॰ 12

22. अज्ञानाच्छङ्कते लोकस्ततः सृष्टिश्च संहृतिः।। – वी॰ भट्ट॰ पृ॰ 57

23. तस्मादनेकभावाभिः शक्तिभिस्तदभेदतः।
एक एव स्थितः शाक्तः शिव एव तथा।। – शि॰ दृ॰, 4/5

काश्मीर शैव दर्शन के अनुसार जगत्

–सुनील दत्त
शोधछात्र, संस्कृत विभाग
काश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर

प्रत्यभिज्ञाशास्त्र के अनुसार जगत् का मूल चिदात्मा अर्थात् सच्चिदानन्द पूर्णाहन्तारूप, स्वात्मारूप, अद्वितीय और परिपूर्ण स्वातन्त्र्यरूप परमशिव ही है। इस दर्शन के अनुसार एक पारमार्थिक सत्ता वाले परमशिव की अपनी अभिन्नरूपा स्वातन्त्र्यशक्ति अपनी महिमा से स्वयं को आधार बनाकर किसी दूसरे साधन की अपेक्षा के बिना ही अपनी स्वतंत्र इच्छा से आत्मभित्ति पर अर्थात् अपनी चिद्रूपता के अन्तर्गत ही अभेदरूप विश्व को उन्मीलित करती है।[1] यह चितिशक्ति ही बिना किसी की अपेक्षा से शिव से लेकर पृथिवी पर्यन्त तत्त्वों तथा शिव से लेकर सकल प्रमाताओं पर्यन्त समस्त जड़–चेतन, प्रमाता–प्रमाण, प्रमेय रूप विश्व प्रपञ्च को अभिव्यक्त करती है। यह परमशिव की स्वतंत्र चिति ही विश्व ही सिद्धि का हेतु है।[2] प्रत्यभिज्ञा शास्त्र अनुसार विश्व का अर्थ – नील इत्यादि बाह्य पदार्थ एवं सुख इत्यादि आन्तरिक संवेदन है। यह जगत् परस्पर अनुरूप ग्राह्य (प्रमेय) और ग्राहक (प्रमाता) के भेद से नाना प्रकार का है।[3] वह शिव से लेकर पृथिवी तक अभेदरूप से ही प्रकाशित होता रहता है।

ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी के अनुसार परमेश्वर की इच्छाशक्ति ही उसकी स्वातंत्र्य शक्ति कहलाती है; जिसमें ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति सदैव अभेदरूपता में स्फुरित होती है।[4] "शिवदृष्टि" में कहा गया है कि आत्मा अपनी स्वतंत्र इच्छा से ही शिव से लेकर पृथिवी पर्यन्त सर्वत्र अभेदभाव से स्फुरित है।[5] शिव से लेकर पृथिवी तक छत्तीस तत्त्वों में अभेदरूपता से स्फुरित आत्मा का इच्छा–प्रसार ही उसका विश्वात्मकरूप है। शैवागम में इसकी संज्ञा विमर्श है, क्योंकि विमर्श

परमशिव की शक्ति है और उसकी शक्ति का स्फार ही यह नानारूपात्मक विश्व है। इसी हेतु शिवसूत्रों में विश्व को परमशिव (आत्मा) का शक्तिसंघात बताया गया है।[7] परमेश्वर का शक्ति – स्फार होने के कारण नानारूपों में दृष्टिगोचर होने वाले सभी पदार्थ प्रकाशरूप ही हैं और परमेश्वर से अभिन्न हैं।[8] इस प्रकार एकमात्र परमशिव ही नाना प्रकार की विचित्रताओं के साथ विश्वभाव से स्फुरित हो रहा है। वह सर्वआकृतिस्वरूप है और उससे भिन्न किसी भी पदार्थ की सत्ता नहीं। शैवी परिभाषा में शिव और शिव का जगत् रूप में प्रकाशन ही शिव की कर्तृता और कार्यता है। जगत् का यह कार्यभाव भी अर्थात् संसार में पाया जाने वाला घट, पट आदि वस्तुओं का समूह भी इसी शिव प्रकाश के अधीन है जो मूल में मौलिक प्रकाश है। यदि मूल ही प्रकाश नहीं होता तो जगत् भी प्रकाशमान नहीं होता। जैसे बीज और वृक्ष में कोई अन्तर नहीं। एक (बीज) संहारदशा है और दूसरा (वृक्ष) विकास दशा है। इसी प्रकार शिवरूप कर्ता का यह जगत् कार्य है।

इस प्रकार प्रत्यभिज्ञाशास्त्र के अनुसार विश्व में जो कुछ भी है, सब परमेश्वर या परमशिव ही है। अर्थात् परमार्थतत्त्व शिव है। एक मिट्टी के कण से लेकर जगत् में जितने भी पदार्थ विद्यमान हैं, उन सभी का अस्तित्व भी परमेश्वर के कारण ही है। जगत् परमार्थ रिक्त अभिव्यक्ति रहित नहीं है। उसमें भूत, वर्तमान, भविष्यत् सब बीज–रूपेण विद्यमान है। यदि परमार्थ या महेश्वर में प्रकट होने की क्षमता न होती, तब उसे चित् या संवित् नहीं कहा जा सकता था, ऐसी स्थिति में वह (परमशिव) जड़ पदार्थ के समान हो जाता।[9] अर्थात् जगत् शिव की ही अभिव्यक्ति मात्र है। किन्तु मन जिसका मुख्य गुण विकल्प करना है, एक बाधक के रूप में काम करता है और अपने अन्तः स्थित परमार्थ स्वरूप का साक्षात्कार नहीं होने देता है। अर्थात् मन ही माया के वशीभूत होकर जगत् की सत्यता स्वीकार नहीं करता है तथा शिव एवं जगत् को भिन्न–भिन्न मान बैठता है। शिव

ही प्रकाश एवं विमर्श अथवा विश्वोत्तीर्ण और विश्वमय रूप है एवं समस्त विश्व (जगत्) उसकी ही शक्ति का प्रसार है।[10] अर्थात् शिव ही अनुभवकर्ता भी है और अनुभूत पदार्थ भी है।[11] भेद केवल इतना ही है कि विश्वोत्तीर्ण दशा में इसकी अभिव्यक्ति स्पष्ट होती है, जबकि विश्वमय दशा में इसकी स्फुट अभिव्यक्ति नहीं होती है। अर्थात् विश्वोत्तीर्ण दशा में समस्त विश्व उस परमशिव में ही अदृश्य रूप से समाहित रहता है किन्तु विश्वमय दशा में वह असंख्य रूपों में प्रकट हो उठता है, दिखाई पड़ता है। इस प्रकार जगत् परमशिव की शक्ति का उन्मेष या प्रसार के अतिरिक्त और कुछ नहीं है।

जिस प्रकार परमशिव का समस्त विश्व शरीर रूप ही है, उसी प्रकार वह चेतन भी (जीव) जिसमें चिति संकुचित हो गई है, संकुचित रूप में विश्वमय ही है।[12] अर्थात् जैसे समष्टिचेतन अथवा परमशिव से शिव अभिन्न है अथवा उसका शरीर रूप ही है, उसी प्रकार व्यष्टिचेतन अर्थात् व्यक्ति या जीव भी विश्वमय ही है। अन्तर केवल इतना ही है कि व्यष्टिचेतन में 'चिति' संकुचित रहती है। इसलिए उसका विश्व भी संकुचित रहता है। व्यक्तिचेतन का जगत् पांच–छः फीट वाला शरीर है। जिस प्रकार वट वृक्ष अपने बीज में शक्तिरूप में विद्यमान रहता है, उसी प्रकार यह चराचर विश्व शक्तिरूप में परमशिव के हृदय में (विमर्श) में विद्यमान रहता है।[13]

शिवदृष्टि के अनुसार यह जगत् जड़ चेतनमय है। शिव जो कि इस जगत् का कारण है, योगीजन के समान जब जैसी आवश्यकता होती है, तब वैसा ही स्थूल या सूक्ष्म हो जाता है।[14] जिस प्रकार योगी, उसी प्रकार परमशिव भी इच्छामात्र से समस्त भाव जगत् एंवं अनेक पशुरूप जीव के रूप में उल्लासित होता है। यह भाव विकारमय जगत् उसका दुग्धदधिवत् विकार नहीं है। क्योंकि यह उसकी इच्छामात्र है, जिसके द्वारा इष्टकार्य रूप जगत् प्रकट होता है।[15] जिस प्रकार योगी अपनी इच्छाशक्ति के द्वारा हाथी–घोड़ा रथ पदाति के समूहरूप सेना को प्रकट करता है और उस सेना का उस

योगी के भेद नहीं रहता, उसी प्रकार परमशिव का उत्कृष्ट अर्थात् देव, मनुष्य और निकृष्ट अर्थात् तिर्यक् योनिसमूहरूप भावजगत् से कोई भेद नहीं है। अथवा समुद्र और उसकी लहरों के समान अभेद समझना चाहिए। जैसे जल जब लहर के रूप में परिवर्तित हो जाता है, तब उसे जल नहीं कहते बल्कि लहर कहते हैं, किन्तु लहर की स्थिति में भी जल नष्ट नहीं होता। वह निश्चल रहने पर तो जल रहता ही है, लहर रूप में भी वह जल ही है। उसी प्रकार भाव जगत् के प्रकट होने पर भी परमशिव की सत्ता जल के समान अक्षुण्ण है।

चिदात्मा परमेश्वर की असंख्य शक्तियाँ हैं।[16] लेकिन उनकी पाँच शक्तियां ही मुख्य मानी गई हैं।[17] जगत् की उन्मेष–दृष्टि (आभास–दृष्टि) से परमेश्वर की वे पाँचों शक्तियां क्रमशः चित्, आनन्द, इच्छा, ज्ञान और क्रिया कहलाती है। काश्मीर शैव दर्शनके प्रसिद्ध आचार्य श्रीमद् अभिनवगुप्त ने अपने तंत्रसार ग्रन्थ में इस शक्तिपंचक की परिभाषा करते हुए चिदात्मा की प्रकाशरूपता को शिव की चित् शक्ति कहा है।[18] यह प्रकाशरूप परमशिव की शुद्ध संविद्‌रूपता है। पर–निरपेक्ष आत्म–पूर्णता की प्रतीति **शिव का** आनन्द है।[19] अभिनवगुप्त अनुसार अन्यनिरपेक्षता परमार्थतः **आनन्द** है।[20] इस प्रकार परमेश्वर का विश्व–चिकीर्षारूप परामर्श (इच्छात्मक विमर्श) उसकी इच्छा शक्ति है।[21] इस इच्छामात्र से ही चिद्रूप परमेश्वर विभिन्न ज्ञातृ–ज्ञान–ज्ञेय रूपों में आत्म–अवभासन की इच्छा करता है। वस्तुतः विश्वात्मकभाव में परमेश्वर की उल्लसित होने की अभिलाषा रूपता ही उसकी इच्छाशक्ति है। यह इच्छाशक्ति विकसित होकर जब विश्वरूप कार्य के प्रकाशन की शक्ति बनती है, तब इसे ज्ञानशक्ति संज्ञा से अभिहित किया जाता है।[22] इस प्रकार ज्ञातृ–ज्ञेयरूपों का अवभासन कर जो शक्ति ज्ञान कराती है, उसे ज्ञानशक्ति कहा जाता है।[23] परमेश्वर अपने स्वप्रकाशरूप स्वरूप में जिस शक्ति के द्वारा विश्वात्मकभाव से नाना पदार्थों का भेद–अवभासन करता है उस 'भासना' को शास्त्रों में क्रियाशक्ति कहा गया है।[24] यह समस्त विश्वस्फार क्रियाशक्ति

का ही स्वरूप है।[25] इस प्रकार पाँच शक्तियों से शक्तिमान् होने पर भी विश्व–आभास में उसकी तीन ही शक्तियाँ प्रमुख हैं। वे तीनों शक्तियाँ इच्छा, ज्ञान, क्रिया हैं।[26] चित्शक्ति (प्रकाश) और आनन्दशक्ति (विमर्श) तो उसके पूर्ण स्वरूप की दो संज्ञायें हैं।

शिवदृष्टि अनुसार परमशिव की स्वरूपता अथवा जगद्रूपता सभी अवस्थाओं में इच्छा, ज्ञान और क्रिया ये तीनों शक्तियाँ शाश्वत् वर्तमान रहती हैं।[27] शिव की शान्तावस्था में भी शिवत्व रहता है और स्थूलजगत् के रूप में उनके उल्लसित होने पर भी शिवत्व वर्तमान रहता है। इच्छा, ज्ञान और क्रिया रूप शक्तित्रय से रहित शिव की कल्पना असम्भव है। इस भावमय जग़त् में अनेक प्रकार का वैचित्र्य दिखाई देता है। यह जो वैचित्र्य हमें दिखाई देता है, यह भी शिव का ही स्वरूप है।[28] उस एक शिव की भावमय जगत् की विचित्रता की अपेक्षा से जगत् भी विचित्र है, अर्थात् शिव ही स्वयं अनेक रूपों में भासित होता है। वस्तुतः सब एक शिवात्मक है।[29] खेटपाल गुरु ने कहा है – इस पदार्थ समूह में जो कोई शक्ति छिपी है, वह सब परमशिव की ही है, क्योंकि शक्ति और शक्तिमान् में अभेद सर्वत्र कहा गया है। "केवल एक रूद्र ही है और दूसरा कुछ नहीं"[30] इत्यादि वचन वेदों में भी मिलते हैं। इस प्रकार पुरुष सूक्त में कहा गया है – "यह पुरुष ही है।[31]" इसी प्रकार शिवमहिम्नस्तोत्र[32] में शिव की आठ मूर्तियों वाला कहकर स्तुति की गई है और पार्थिव जड़ता को भी शिव माना है।

इस प्रकार उपर्युक्त प्रकार के अनुसार परमशिव स्वतन्त्र है; वह अपरिमित है। इसलिए उसकी इच्छा भी अपरिमित होने के कारण विकल्पशून्य है।[33] वह परमशिव स्वयं विश्व के रूप में अपना प्रसार कर अपने स्वरूपवैभव का आनन्द ठीक उसी प्रकार लेता है जैसे कोई सुन्दरी अपने स्वरूप को अलंकृत कर अपने सौंदर्य पर स्वयं आनन्दविभोर हो उठती है।

सन्दर्भ

1. स्वेच्छया स्वभित्तौ विश्वमुन्मीलयति।। – प्र॰ हृ॰ पृ॰ 2
2. चितिः स्वतन्त्रा विश्वसिद्धिहेतुः।। – प्र॰ हृ॰ पृ॰ 1
3. तन्नाना अनुरूपग्राह्यग्राहकभेदात्।। – प्र॰ हृ॰ सू॰ 3
4. विमर्श एव देवस्य शुद्धे ज्ञानक्रिये यतः। – ई॰ प्र॰ वि॰ भा॰ 1–1/8/11
5. आत्मैव सर्वभावेषु स्फुरन्निर्वृतचिद्वपुः।
   अनिरुद्धेच्छाप्रसरः प्रसरद्दृक्क्रियः शिवः।। – शि॰ दृ॰ 1/2
6. स्वयंप्रकाशरूपः परमेश्वरः पारमेश्वर्या शक्त्या।
   शिवादि–धरण्यन्तजगदात्मना स्फुरति प्रकाशते च।।–परा॰प्रा॰ पृ 3
7. स्वशक्तिप्रचयोऽस्य विश्वम्।। – शि॰ सू॰ 3/30
8. प्रकाशो नाम यश्चायं सर्वत्रैव प्रकाशते।।–तं॰ आ॰ भा॰–1, अ॰ 1/54
9. अस्यास्यदेकरूपेण वपुषा चेन्महेश्वरः।
   महेश्वरत्वं संवित्त्वं तदत्यक्षद् घटादिवत्।। –तं॰आ॰, 3, श्लो॰ 100
10. विश्वात्म विश्वोत्तीर्णं च स्वतन्त्रं दिव्यमक्षरम्।
    अहमित्युत्तमं तत्त्वं समाविश्य बिभेति कः।।– वि॰ भै॰ वि॰ पृ॰ 90
11. भोक्तैव भोग्यभावेन सदा सर्वत्र संस्थितः।– शि॰ दृ॰, 3/2
12. चिति संकोचात्मा चेतनोऽपि संकुचितविश्वमयः।– प्र॰ हृ॰, सू॰ 4
13. यथा न्यग्रोधबीजस्थः शक्तिरूपो महाद्रुमः।
    तथा हृदयबीजस्थं विश्वमेतच्चराचरम्।।– परा॰ त्रिं॰, श्लो॰ 30
14. चिदात्मनो हि स्थूलस्य सूक्ष्मस्यास्य विकारिता। – शि॰दृ॰,3/83
15. इच्छया सर्वभावत्वमनेकात्मत्वमेव च।
    नात्र स्वात्मविकारेण यन्नयेद् भावमण्डलम्।।
    तदिच्छासामनन्तर्ये तथा भूतात्मता यतः।
    यथा न योगिनोऽस्तीह नानासैन्यशरीरकैः।। –शि॰दृ॰,3/34,36
16. शक्तयश्च अस्य असंख्येयाः।। – तं॰ सा॰, आ॰ 04, पृ॰ 28
17. तत्र परमेश्वरः पंचभिः शक्तिभिः निर्भरः। – तां॰ सा॰, आ॰ 8

18. प्रकाशरूपता चिच्छक्तिः। – तं॰ सा॰, पृ॰ 61
19. स एव परानपेक्षः पूर्णत्वादानन्दरूपो। शि॰ दृ॰ वृ॰, पृ॰
20. अन्यनिरपेक्षतैव परमार्थतः आनन्दः।–ई॰ प्र॰ वि॰ आ॰ भा॰1, पृ॰ 207
21. परामर्शो हि चिकीर्षारूपेच्छा। – ई॰ प्र॰ वि॰ आ॰ 2, पृ॰ 181
22. परतस्तस्मिन् विश्वलक्षणे कार्ये यज्ज्ञानं, तत्प्रकाशनशक्तिरूपता सा ज्ञानशक्तिः। – शि॰ दृ॰ वृ॰, पृ॰ 18
23. एवमेतदिति ज्ञेयं नान्यथेति सुनिश्चितम्।
ज्ञापयन्ती जगत्यत्र ज्ञानशक्तिर्निगद्यते।। मा॰ वि॰ तं॰,अधि॰ 3, 6/7
24. भासना च क्रियाशक्तिरिति शास्त्रेषु कथ्यते।
यथा विचित्रतत्त्वादिकलना प्रविभास्यते।। – मा॰ वि॰ वा॰ 1/90
25. क्रियाशक्तेरेव अयं सर्वो विस्फारः। – ई॰ प्र॰ वि॰ आ॰ 2, पृ॰ 42
26. एवं मुख्याभिः शक्तिभिः युक्तोऽपि वस्तुत इच्छाज्ञानक्रिया शक्तियुक्तः अनवच्छिन्नः प्रकाशो निजानन्दविश्रान्तः शिवरूपः। तं॰,पृ॰ 6
27. यावता सर्वरूपाणां तत्स्वरूपस्वरूपिता।
शक्तित्रयस्वरूपत्वं सर्वं यस्यास्त्यवस्थितम।।– शि॰ दृ॰ 3/53
28. शिवस्य तत्स्वरूपत्वं वैचित्र्यं यत् परस्परम्।।– शि॰ दृ॰ 3/60
29. सर्वं शिवात्मकम्।। – शि॰ दृ॰ 3/61
30. एको रुद्रोऽवतस्थे न वै द्वितीयो कश्चन।
31. पुरुष एवेदं सर्वं यद् भूतं यच्च भाव्यम्। –ऋग्॰ म॰ अ॰
32. त्वमर्कस्त्वं सोमस्त्वमसि पवनस्त्वं हुतवह
स्त्वमापस्त्वं व्योम त्वमु धरणिरात्मा त्वमिति च।।
परिच्छिन्नामेव त्वयि परिणतां बिभ्रति गिरं
न विद्मस्तत्तत्त्वं वयमिह तु यत्त्वं न भवसि।। –शिव महिम्न॰, 26
33. सरन्त्येव स्वभावेन तत्सरत्प्रकृतिः शिवः।
ईश्वरस्य स्वतन्त्रस्य केनेच्छा वा विकल्प्यते।। – शि॰ दृ॰ 3/94

नीलमतपुराणस्य ऐतिहासिकं सांस्कृतिकं च महत्त्वम्

प्रो॰ वेद कुमारी घइ

नीलमतं कश्मीरदेशस्य प्राचीनतमं पुराणं विद्यते। संस्कृतभाषया निबद्धस्य अस्य उपपुराणस्य दृश्यते अत्यधिकम् ऐतिहासिकं सांस्कृतिकं च महत्त्वम्। कश्मीरस्य पुरातनानां चतुर्णां नृपाणां नामानि मया नीलमताद् गृहीतानि इति स्वीकृतं राजतंरगिणीकारेण महाकविकल्हणेन। राजतरंगिण्या रचना पञ्चाशदुत्तरैकादशशततमे वर्षे सम्पूर्णा अभूत्। अतः द्वादशशताब्द्याः प्रागेव नीलमतस्य गणना प्राचीनेषु इतिहासग्रन्थेषु समवर्तत इति स्पष्टं प्रतीयते। अस्मिन् पुराणे कल्केः अवतारस्य, श्रीकृष्णप्रसङ्गे राधायाः, पूजाप्रसङ्गे तुलसीपादपस्य च चर्चा न विद्यते। अवतार–शब्दस्य स्थाने प्रादुर्भाव–शब्दस्य प्रयोगः लभ्यते। इदं सर्वम् अन्यानि च प्रमाणानि अस्य पुराणस्य ईस्वीयः कालः, पञ्चमशताब्दीतः सप्तमशताब्दी इति द्योतयन्ति। वायुमार्कण्डेयगरुडादिपुराणानामिव अस्य पुराणस्य नाम नीलमतम् इति अस्य सम्बन्धं नीलमुनिना सह प्रकटयति। अन्यपुराणानां वर्णनशैलीव अस्य पुराणस्य वर्णनशैली प्राचीना कथान्तर्गतकथायुक्ता च अस्ति। कतिपयतीर्थमाहात्म्यानि यथा कपटेश्वरमाहात्म्यं वितस्तामाहात्म्यम् प्रमुखकथायां ग्रथितानि सन्ति।

नीलमतपुराणं कश्मीरस्य गोनन्ददामोदरयशोवतीगोनन्दद्वितीय नृपचतुष्टयस्य सम्बन्धं महाभारतकालेन सार्धं प्रकटयति। तस्मिन् युद्धे पाण्डवानां कौरवाणां वा साहाय्यार्थं नानादेशीया नृपाः समागताः परं तत्र काश्मीरकः राजा किमर्थं न आहूत इति पृष्टः जनमेजयेन, वैशम्पायनः प्रत्युत्तरम् अदात् – महाभारतयुद्धात् पूर्वं जरासंधस्य युद्धं यादवैः सह अभवत्। जरासंधेन स्वसाहाय्यार्थं काश्मीरकः राजा गोनन्दः आहूतः यः तस्मिन् युद्धे बलरामेण हतः। तस्य पुत्रः दामोदरः माधवं योद्धुमागतः माधवेन हतः। कश्मीरदेशस्य गौरवं विचार्य वासुदेवेन दामोदरस्य गर्भवती पत्नी कश्मीरराज्यसिंहासने प्रतिष्ठापिता। सा स्वशिशुं गोनन्दाद्वितीयमजनयत् बालभावात् सः शिशुः महाभारतयुद्धे पाण्डवैः कौरवैः वा न आहूतः। अस्मिन् प्रसङ्गे एव वैशम्पायनः कश्मीरदेशस्य

गौरवं वर्णयति यथा –

यैव देवी उमा सैव कश्मीरा नृपसत्तम।
आसीत् सरः पूर्णजलं सुरम्यं सुमनोहरम्।।
कल्पारम्भप्रभृति यत् पुरा मन्वन्तराणि षट्।
अस्मिन् मन्वन्तरे जातं विषयं सुमनोहरम्।।
शालिमालाकुलं स्फीतं सत्फलाद्यैः समन्वितम्।
स्वाध्यायध्याननिरतैर्यज्ञशीलैर्जनैर्युतम्।।
तपस्विभिर्धर्मपरैर्वेदवेदाङ्गपारगैः।
क्षत्रियैः सुमहाभागैः सर्वशस्त्रास्त्रपारगैः।।
वैश्यैर्वृत्तिपरैः शूद्रैर्द्विजातिपरिचारकैः।
देवतायतनोपेतं सर्वतीर्थमयं शुभम्।।
पृथिव्यां यानि तीर्थानि तानि तत्र नराधिप।
ऋष्याश्रमसुसंबाधं शीतातपसुखं शुभम्।।
अधृष्यं परराष्ट्राणां तद्भयानामकोविदम्।
गोऽश्वनागादिबहुलं दुर्भिक्षातङ्कवर्जितम्।।

एवमेव बहुभिः पद्यैः कश्मीरमण्डलस्य शोभनं वर्णनं नीलमत–पुराणे उपलभ्यते।

कश्मीर–भूमण्डलस्य जन्म कथम् अभूत् इत्यस्मिन् विषये भूगर्भीयरहस्यानाम् उद्घाटनं कथारूपे नीलमते क्रियते। जनमेजयः एतद्विषयकं प्रश्नं वैशम्पायनं पृच्छति। वैशम्पायनः सूचयति यत् पूर्वस्मिन् काले काश्मीरकः राजा गोनन्दः इमम् प्रश्नं तीर्थयात्राप्रसङ्गेन कश्मीरमण्डलम् आगतं बृहदश्वम् अप्राक्षीत्। बृहदश्ववर्णित कथानुसारं प्रलयकाले सर्वस्मिन् लोके विनष्टे सति महादेवो स्वयंप्रभुः आपो भूत्वा समन्ततः अतिष्ठत्। सती देवी च नौरूपम् अधारयत्। मनुः सर्वबीजानि तस्यां नावि अस्थापयत्। मत्स्यरूपधरो विष्णुः शृङ्गे कृत्वा तां नावं नौबन्धशिखरे अबध्नात्। कृततुल्ये काले व्यतीते मनुः प्रजासर्गमकरोत्। सतीदेवी भूमिर्जाता तत्र च षड्योजनायतं त्रियोजनविस्तृतं रम्यं सतीसरः जातम्। कालानन्तरं सरसि समुत्पन्नः संग्रहसुतः जलोद्भवः

नाम राक्षसः तस्य सरसः समीपे स्थितेषु प्रदेशेषु जनसंहारं कर्तुमारेभे दार्वाभिसारगान्धारजुहुण्डरादिप्रदेशा जनशून्याः कृताः। तीर्थयात्राप्रसङ्गेन कश्मीरम् आगतः कश्यपमुनिः नीलनागात् सर्वं वृत्तान्तं ज्ञात्वा देवान् जलोद्भवनाशाय प्रार्थयामास। सर्वे देवाः सतीसरसः तीरंगताः। जलोद्भवः जलेऽवध्यः आसीत् अतः जललीनः संजातः विदार्य सरसः तोयं बहिश्चकार। शिवः चन्द्रदिवाकरौ करद्वयेन गृहीत्वा अन्धकारं दूरीकृतवान्। विष्णुः अपरं शरीरं गृहीत्वा दैत्यस्य शिरः चिच्छेद। कश्यपमुनिः ऐच्छत् यत् तत्र नागाः मानवैः सह वसेयुः परं नागानाम् अनिच्छां ज्ञात्वा सः तान् शप्तवान् – पिशाचैः सह वसतेति। पुनः पार्थिवः स अकथयत् षण्मासान् यावत् पिशाचैः सार्धं षण्मासान् यावत् च मानवैः सार्धं वसतेति। शापस्तु चतुर्युगावधिः आसीत्। चतुर्युगानन्तरं मानवाः तत्र नित्यं वसतिं चक्रुः नीलनागश्च तेभ्यः तत्र वसत्यर्थम् आचारान् जगाद। नीलोपदेशेऽस्मिन् कश्मीरदेशे प्रचलितानां प्राचीनोत्सवव्रतपूजादीनां वर्णनम् उपलभ्यते। नागदेवतानां पूजाया विधानं तत्र बहुशः कृतम्। मत्स्यकूर्महंसहयग्रीवनरसिंह–वामनरामकृष्णावताराणां वर्णनमुपलभ्यते। शिवगणेशस्कन्दशाखविशाख–नैमेशानां पूजायाः चर्चा विद्यते। लक्ष्मी–उमा–अदिति– शचीदितिदेवीना मुल्लेखाः प्राप्यन्ते। कौमुदी, आश्वयुजी सुखसुप्तिकाः देवोत्थानं, नवसंवत्सरमहोत्सवः, नवहिमपातोत्सवः अष्टमीत्रयं, पिशाचचतुर्दशी, मदनत्रयोदशी, शिवरात्रिः, श्रावणी महानवमी बुद्धजन्ममहोत्सवः, एतादृशाः अनेके उत्सवाः वर्णिताः सन्ति। वैशाखे मासि शुक्ल पक्षे दिनत्रयं यावत् बुद्धजन्ममहोत्सवः सम्मान्यते स्म। तस्मिन् बुद्धार्चास्नापनं, शाक्यविहाराणां चैत्यानां च सुधावलेपनं, चित्रांकनं चीवराहारपुस्तकैः बौद्धभिक्षूणां पूजनं च कश्मीरे बुद्धं प्रति जनानाम् आदरभावं प्रकटयन्ति। विभिन्नदेवानां पूजा कश्मीरभूमौ धार्मिकसमन्वयस्य भावनां सूचयति। न केवलं कश्मीरधराया पुष्पसौन्दर्यं हरितक्षेत्राणि हिमाच्छादितानि गिरिशिखराणि क्रीडोद्यानानि सरित्सरांसि च वर्णितानि परं क्षेत्रेषु कृषिकार्यसंलग्ना कृषकाः उद्यानेषु इरामञ्जरीपूजनरताः युवानः युवतयश्च, महीमानोत्सवे जलक्रीडामग्नाः कुमार्यः, देवान् नैकविधिभिः अर्चयन्तः भक्तजना इमे सर्वे कश्मीरस्य सांस्कृतिकं जीवनं प्रकटयन्ति।

धार्मिकसामाजिकोत्सवेषु नृत्यसंगीतनाट्याभिनयानां कार्यक्रमाः अतीव लोकप्रियाः आसन्। वीणावेणुपटहशंखादिवाद्यानां प्रेक्षादानस्य रङ्गजीविनां च उल्लेखाः प्राचीनकश्मीरस्य सामाजिकजीवने मोदानन्दस्य प्राधान्यं द्योतयन्ति। अन्यपुराणापेक्षया नीलमतपुराणं स्त्रीणां स्वातन्त्र्यम् आदरञ्च भृशं दर्शयति। नीलमतपुराणे वर्णितस्य कश्मीरस्य नारी अवगुण्ठनावृता असूर्यम्पश्या नहि वर्तते। तस्याः कार्यक्षेत्रं गृहप्राङ्गणे पाकशालायां स्वगृहप्रवेशद्वारान्तर्गतमेव नहि विद्यते। कृष्यारम्भमहोत्सवे सा स्वपतिबान्धवै सह क्षेत्रं गत्वा बीजारोपणकाले संगीतनृत्यादिषु सहभागिनी भवति।

हलेन वाहयेद् भूमिं पूर्वं प्राक् प्रवणां शुभाम्।
स्वलङ्कृतेन भोक्तव्यं क्षेत्रमध्ये तथा द्विज।।
सुहृद्भार्यादिकैः सार्धं वाद्यशब्दैर्मनोहरैः।
उत्सवं चैव कर्तव्यं गीतनृत्यसमाकुलम्।।

वेदड माठी सभ्या नीलमतपुराण ५६७ – ५६८

कौमुदीमहोत्सवावसरे वह्नेः पार्श्वमेव संगीतयुतं रात्रिजागरणं भवति। तत्र सर्वैः सह पत्नी अपि उपस्थिता।

सार्धं भृत्यैस्तथा मित्रैर्दारैत्यादिभिस्तथा
वस्तव्या निशा सैव वह्नेः पार्श्वरतैर्नरैः
शंखवादरवोन्मिश्रैर्गीतवाद्यैश्च नित्यशः।
नेया भवति राजेन्द्र तथा प्रेक्षणकैः शुभैः।। तत्रैव ३९८–३९९।

श्रावण्यां कुमारीभिः जलक्रीडा कर्तव्या इत्यपि वर्ण्यते–
क्रीडितव्यं विशेषेण कुमारीभिस्तथा जले। तत्रैव १४१

महीमानोत्सवे प्रहृष्टाः भूषणैर्भूषिता नार्यः नरैः सह क्रीडन्ति।
भूषणैर्भूषिताभिश्च क्रीडितव्यं नरैः सह तत्रैव ५४४

एवमेव बहूनि उदाहरणानि तत्र लभ्यन्ते। राज्यसिंहासनेऽपि तासाम् अधिकारः आसीत्। कश्मीरप्रदेशस्य जना भारतदेशस्य अन्यप्रदेशानां प्रसिद्धनि तीर्थस्थानानि अजानन्। भारतस्य अन्यभागैः सह तेषां सम्बन्धः दृढः आसीत् इत्यपि नीलमतपुराणं सूचयति एव। एवं नीलमतपुराणस्य अद्वितीयम् ऐतिहासिकं सांस्कृतिकं महत्त्वम् वक्तुं पार्यते।

भाषा विज्ञान के आदि आचार्य महर्षि पाणिनि

प्रो॰ सतपाल श्रीवत्स

आज विश्व के अधिकतर भाषा शास्त्री एक मत से इस तथ्य को स्वीकार करने लगे हैं कि महर्षि पाणिनि विश्व के पहले भाषा शास्त्री थे। यद्यपि ग्रीक में थ्रैक्स, डिस्कोलस, हरोडियन आदि वैयाकरणों ने योरोप में भाषा–विज्ञान के अध्ययन का सूत्रपात तो कर दिया था, परन्तु महर्षि पाणिनि ने भाषा के वैज्ञानिक अध्ययन का जैसा प्रवर्तन किया था उसकी तुलना में उनका काम कई दृष्टियों से त्रुटि पूर्ण है। योरोप के उन वैयाकरणों की रचनाओं पर धर्म, दर्शन तर्क शास्त्र की अपेक्षा कृत अधिक छाप है जबकि सम्बन्धी नियमों में भाषा विज्ञान के मूल सिद्धान्त ही अनुस्यूत हैं। इसीलिए शिकागो, अमेरिका के प्रसिद्ध भाषा शास्त्री लिओ ब्लूम फील्ड 1933 ई॰ में अपनी महत्त्वपूर्ण रचना 'लेंग्वेज' में यह लिखने के लिए विवश हो जाते हैं – This grammar (Paninian grammar) which dates from somewhere round 350 to 250 B.C. is one of the greatest monuments of human intelligence. It describes, with the mimitest detail, every inflection, derivation and composition and every syntactic usage of its author's speech. No other language to this day, has been so perfectly described. It may have been due in part to this excellent condition that sanskrit became, in time, the official and literary language of all of Brahmin India....... Some knowledge of Sanskrit and the Hindu grammar had reached Europe, through missionaries in the Sixteenth Century, Englishmen in India transmitted more exact reports round the beginning of the nineteenth century, the knowledge of Sanskrit became part of the equipment of European scholars. The Indian grammer presented to European eyes, for the first time, a complete and accurate description of a language, based not upon theory but upon observation.

Moreover the discovery of Sanskrit disclosed the possibility of a comparative study of languages.[1]

इधर डॉ॰ वासुदेव शरणअग्रवाल अपनी रचना India known of Panini (जिसका उन्होंने बाद में स्वयं 'पाणिनिकालीन भारतवर्ष' शीर्षक से हिन्दी में भी अनुवाद किया था, में यह सिद्ध करते हैं कि पाणिनि के व्याकरण सूत्रों में धर्म, दर्शन, इतिहास, भूगोल, मानवविज्ञान और भाषा विज्ञान आदि सभी पहलुओं पर प्रकाश डाला गया है।

समय प्रवाह से जब वैदिक भाषा जन साधारण के लिए ज्यों–ज्यों दुरूह एवं कठिन प्रतीत होने लगी त्यों–त्यों ही यह बात भी अनिवार्य प्रतीत होने लगी कि उसे सुगमरूप देने के ढंग एवं उपय ढूंढे जाएं। उसी खोज के परिणामस्वरूप पस्पाठ एवं गण–पाठ पद्धतिओं का प्रवर्तन आरम्भ हुआ। पद–पाठ पद्धति में सन्धि–विच्छेद, पद–विश्लेषण आदि आवश्यक हैं, भाषा विज्ञान में भी ये अनिवार्य तत्व हैं। अतः यदि यह कहा जाए कि भारतीय पद–पाठ पद्धति भाषा विज्ञान का विशुद्ध रूप से प्रारम्भिक रूप है तो अत्युक्ति नहीं होगी। बाद में जब वैदिक आर्यों के साथ कई अन्य जातियाँ भी आकर घुल–मिल गईं तो उनकी भाषाओं का भी वैदिक भाषा के साथ आदान–प्रदान हुआ। फलतः लौकिक भाषा का नया रूप विकसित हुआ। कई विद्वानों के अनुसार यही भाषा प्राकत–भाषा का रूप था। (प्रकृतं यत् तत् प्राकृतम्) परन्तु कई विद्वान् उस रूप को वैदिक और लौकिक संस्कृत का मध्यवर्ती रूप मानते हैं। इसी लोक–भाषा को पाणिनि ने परिष्कृत करके संस्कृत रूप दिया था। संस्कृत भाषा का शब्दार्थ ही इस बात का ज्वलन्त प्रमाण है कि यह एक संवारी हुई तथा परिष्कृत भाषा है। परन्तु यहां फिर एक आशंका उत्पन्न होती है कि पाणिनि से पहले

---

1) Languages , M/S Motilal, Banarsidass Delhi, (reprint) 1935 P II

भी लोकिक संस्कृत में वाल्मीकि रामायण और महाभारत जैसी महत्वपूर्ण (19 कालजयी रचनाएं सृजित हो चुकीं थीं। चाहे इन दोनों की भाषा में पाणिनि–व्याकरण की दृष्टि में कई त्रुटियां पाई जाती हैं तो भी इनके संस्कृत रूप को स्वीकार करने के विषय में किसी को भी कोई आपत्ति नहीं है।

ऐसी स्थिति में यह बात सामने आती है कि पाणिनि से पहले जो आपिशालि, गार्ग्य, सेनक, स्फोटायन, गालव, भारद्वाज, औदुम्बदायण, काशकृत्स्न, शाकटायन, काश्यप, चाक्रवर्मण और शाकल्य आदि ८५ वैयाकरण हो चुके थे।[1] परन्तु न जाने पाणिनि ने केवल १० प्रसिद्ध वैयाकरणों का ही अपनी अष्टाध्यायी में क्यों उल्लेख किया है ? निश्चय ही पाणिनि से पूर्ववर्ती उन वैयाकरणों का लोकभाषा को संस्कृत रूप देने में महत्वपूर्ण योदान रहा होगा। ऐसा विद्वानों का विचार है। खेद है कि इन वैयाकरणों की कृतियां अब उपलब्ध नहीं है, हां कहीं–कहीं ऐन्द्र व्याकरण का उल्लेख आवश्य आता है। ऐसा ब्रह्मदेव और देवेन्द्र का मत है।

चीनी यात्री ह्वेनसांग तथा तिब्बती इतिहासकार तारानाथ के अनुसार कातन्त्र व्याकरण की रचना ऐन्द्र व्याकरण के आधार पर हुई थी। तैत्तिरीय संहिता में उल्लेख आता है कि संस्कृत व्याकरणों में ऐन्द्रव्याकरण का सर्वप्रमुख स्थान है। डॉ॰ वर्नेल भी इसी मत के समर्थक हैं। आधुनिक इतिहासकारों का मत है कि ऐन्द्र व्याकरण और पाणिनि के मध्य कम से कम दो सम्प्रदायों का व्यवधान अवश्य रहा होगा।

पाणिनि ने अपनी समकालीन लौकिक भाषा को संस्कृत रूप देने के लिए जो व्याकरण सम्बन्धी नियम बनाए वें अन्तिम, सर्वमान्य तथा

---

1. संस्कृत व्याकरण शास्त्र का इतिहास, युधिष्ठर मीमांसक पृ॰ ६३

सर्वथा वैज्ञानिक हैं। महर्षि ने सूत्र शैली में अष्टाध्यायी की रचना करके गागर में सागर भर दिया है। इसकी टक्कर की रचना संसार की किसी भी भाषा में उपलब्ध नहीं है। यही कारण है कि इसका संस्कृत का अरवी, चीनी, लैटिन, ग्रीक तथा जर्मन जैसी विश्व की प्रमुखतथा प्राचीन संस्कृति से समृद्ध यहीं संस्कृत तदुपरान्त भारत में साहित्यक अभिव्यक्ति की तथा प्रशासन की भाषा बनी। संस्कृत–साहित्य तथा संस्कृत नाटक साहित्य के इतिहास के पहले लेखक प्रो॰ ए॰ बी॰ कीथ का कहना है कि पाणिनि के कुछ सूत्रों में संस्कृत के लिए भाषा–संज्ञा देनी इस बात का प्रमाण है कि यह भाषा कभी आवश्यक ही बोल–चाल की भाषा रही होगी। वह कहते हैं "Panini has rules which are meaningless for anything but a vernacular, apart from the fact that the term Bhasa which he applies to the speech has the natural sense of a spoken language."[1]

बाद में जब यह भाषा बोल–चाल की भाषा नहीं रही तो भी यह भाषा अनेक प्रादेशिक, बोलियों, भाषाशास्त्रिओं तथा इतिहास वेदों के लिए निरन्तर प्रेरणा–स्रोत बनी गई। होते–होते यह भाषा हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की प्रमुख संवाहिका बन गई। जैसा कि अमेरिका के भाषा वैज्ञानिकों के अनुसार पहले भी कहा जा चुका है कि पाणिनि व्याकरण की तुलना में ग्रीक तथा लैटिन् वैयाकरणों का काम तो सर्वथा नगण्य तथा बेबुनियाद है। अमेरिका के भाषा शास्त्रिओं का यह भी कहना है कि पाणिनि ने जिस संस्कृत भाषा के व्याकरण की रचना की वह उस युग की अवश्य एक जीवन्त तथा लोकप्रचलित भाषा रही होगी, इसीलिए इसमें अनेक लौकिक तथा देशज शब्दों का समावेश है। ऐसे शब्दों को पाणिनि ने निपात आदि

1. History of Sanskrit Literature P -8

प्रकृतिओं से संवारा है।[1] (गुदुलु, आलिगु, नवाकु, वटाकु, शिग्रु इत्यादि)

महर्षि पाणिनि ने समस्त संस्कृत–वाङ्मय को दृष्ट, प्रोक्त, उपज्ञात, कृत और व्याख्यात इन पांच भागों में विभक्त करके नियमबद्ध किया है।

सन् १७७७ में मिश्र देश में सिकन्दरिया नगर के निवासी फ्रेडरिक औगुस्ट वुल्फ नामक विद्वान् ने भाषा विज्ञान के क्षेत्र में सर्व प्रथम कार्य आरम्भ किया था। आगे चलकर इसी से ऐतिहासिक भाषा विज्ञान पर दो योरप में तेज गति से कार्य आरम्भ हो गया था। वुल्फ महोदय ने प्राचीन तथा लुप्तप्राय शिला लेखों को आधार बनाकर अपने काम को आगे बढ़ाया था। अब यहां उपस्थित विद्वान् अनुमान लगा सकते हैं कि महर्षि पाणिनि ने तो उस समय से दो सहस्रवर्ष से भी पहले ही भाषा विज्ञान के अध्ययन का सूत्रपात कर दिया था।

पाणिनि द्वारा स्थापित भाषा तथा व्याकरण सम्बन्धी सूक्ष्म अनुशीलनात्मक तथा विश्लेषणात्मक मौलिक परिणामों के आधार पर इस बात का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है कि उनमें कितनी उत्कृष्ट प्रातिभ शक्ति थी, जिसने भाषा वैज्ञानिक नियमों से उपकृत किया है। यही कारण है कि आधुनिक भाषाशास्त्री इस तथ्य को सर्व सम्मति से स्वीकार करते हैं कि भाषाओं के वैज्ञानिक पद्धति से अध्ययन तथा अनुशीलन के लिए जिस प्रक्रिया की आवश्यकता होती है उसका प्रवर्त्तन सहस्त्रों वर्ष पहले पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी में करके एक अनुकरणीय कार्य किया है। यही कारण है कि संसार भर के भाषावैज्ञानिक उनके सामने नतमस्तक हैं।

---

1. क) नित्यं पणः परिमाणे: ३/३/६६
   ख) तेन रक्तं रागात्। लाक्षा रोचनाट्ठक् ६/२/१,२
   ग) विभाषा भाषायाम् ६/१/१८१
   घ) उदकच विपाशः ४/२/७४

पाणिनि का समय और जन्मस्थान –

पाणिनि के स्थिति काल के विषय में पर्याप्त मत–भेद हैं। भारतीय तथा पश्चिमी विद्वानों ने इस विषय में अपने–अपने मत व्यक्त किए हैं। गोल्डस्टूकर और डॉ॰ वेलवेकर का मत है कि पाणिनि सातवीं शताब्दी ई॰ पू॰ में हुए थे। प्रो॰ मैक्समूलर ने इन्हें ३५० ई॰ पू॰ से पहले माना है। डॉ॰ रामकृष्ण भण्डारकर तथा डॉ॰ उदयनारायण तिवारी भी इसी मत के समर्थक हैं।[1] डॉ॰ वासुदेव शरण अग्रवाल पाणिनि का समय ई॰ पू॰ ५००–७०० के मध्य मानते हैं।[2] प्रो॰ देवदत्त भण्डारकर के एक मत के अनुसार पाणिनि का समय सातवीं शताब्दी ई॰ पू॰ होना चाहिए।[3] जबकि उनके दूसरे मत के अनुसार पाणिनि का समय छठी शताब्दी ई॰ पू॰ का मध्य भाग रहा होगा।[4] इन सभी मतों का खण्डन करते हुए डॉ॰ ए॰ बी॰ कीथ महर्षि का समय ३५० ई॰ पू॰ के लगभग मानते हैं।[5]

संस्कृत व्याकरण शास्त्र का इतिहास नामक बृहद् ग्रन्थ के निर्माता श्री युधिष्ठिर मीमांसक पाणिनि का समय बहुत पीछे ले जाकर २४५७ ई॰ पू॰ के लगभग सिद्ध. करते हैं।[6]

इन विद्वानों के अतिरिक्त डॉ॰ ग्रियर्सन, प्रो॰ मैकडानल, प्रो॰ वेवर आदि विद्वानों ने भी पाणिनि के स्थिति काल के विषय में अपने–अपने ढंग से मत प्रगट किए हैं जो आपस में बिल्कुल मेल नहीं खाते हैं अतः डॉ॰ अग्रवाल जैसे विद्वानों ने उनका जोरदार खण्डन किया है। परन्तु क्योंकि पाणिनि ५०० और ७०० ई॰ पू॰ का मध्यभाग मानने वालों का मत अधिक–संख्यक विद्वानों का है, अतः इसी को मान्य समझना चाहिए ।

---

1. भण्डार कर इन्स्टीच्यूट पत्रिका ११/८३
2. पाणिनि कालीन भारत पृ॰ ४७०
3. का भाई केल व्याख्यान पृ॰ २४१
4. प्राचीन भारत मुद्राशास्त्र १६२१ पृ॰ ४ई
5. History of Sanskrit Literature P - 426
6. सं॰ व्या॰ शा॰ का इतिहास पृ॰ १६८

जन्म स्थान और शिक्षा –

पाणिनि का जन्म शालातुर (अटक नगर के समीप, जो अब पाकस्तान में है) नामक नगर में हुआ था, इनकी शिक्षा उस समय के प्रसिद्ध तक्षशिला नामक विश्वविद्यालय में हुई थी। इनकी माता का नाम दाशी और पिता का नाम पणिन् था। प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्यूनसांग (सातवीं शताब्दी) ने पाणिनि के उत्तम जन्मस्थान में इनकी एक प्रस्तर–प्रतिमा भी देखी थी। जो सम्भवतः स्थानीय लोगों के द्वारा इनकी स्मृति में स्थापित की होगी। कथा सरित् सागर के चतुर्थ तरंग में वर्णित एक कथा का हवाला देते हुए डॉ॰ बाबू राम सक्सेना कहते हैं कि पाणिनि उपवर्ष के शिष्य थे। कात्यायन, व्याड़ि शौनक, इन्द्रदत्त और पिङ्गल इनके समकालीन थे।[1] पञ्चतन्त्र के इस श्लोक के अनुसार इनकी मृत्यु एक व्याघ्र द्वारा की गई थी – **सिंहो व्याकरणस्य कर्तुरहरत् प्राणान् प्रियान् पाणिनेः**[2]।

कहा जाता है कि यह प्रारम्भ में अपने छात्र जीवन में इतने बुद्धिमान् नहीं थे। परिणामतः किसी प्रेरणा से इन्होंने भगवान् शंकर की आराधना आरम्भ की। अन्ततः भगवान ने इनकी कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर इनके समीप आकर अपना डमरु–वादन किया, जिसकी ध्वनि से अ, इ, उ, ण् आदि १४ सूत्र उद्‌भूत हुए, जिन्हें आज हम माहेश्वरसूत्र के नाम से जानते हैं। परन्तु इस मत के विपरीत कई विद्वानों का मनना है कि उनके माहेश्वर नामक अथवा महेश्वर स्वरूप गुरू थे जिन्होंने पाणिनि को व्याकरण की दीक्षा देने के लिए इन चौदह सूत्रों की रचना की होगी। तदुपरान्त पाणिनि ने इन्हीं को आधार मानकर अपने महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ–रत्न अष्टाध्यायी की रचना की थी। इस कृति के आठ अध्याय हैं और प्रत्येक अध्याय चार–चार पदों में विभाजित हैं। अष्टाध्यायी में कुल ४००० सूत्र हैं। इनमें से ५ को

---

1. डॉ॰ बाबू राम सक्सेना, संस्कृत व्याकरण प्रवेशिका प॰ २६
2. पञ्चतन्त्र, मित्रसम्प्राप्ति व्याख्याकार जीवानन्द श्लोक ३६

छोड़कर शेष सभी अपने मूलरूप में सुरक्षित हैं। इसके प्रथम अध्याय में व्याकरण शास्त्र सम्बन्धी संज्ञाएं तथा परिभाषाएं हैं। दूसरे तथा तीसरे अध्याय में समासों तथा कारकों का विस्तृत विवेचन किया गया है। चौथे तथा पांचवें अध्याय में तद्धित प्रकरण है। छठे तथा सातवें अध्यायों में तिङ् तथा सुप् प्रत्ययों से सम्बन्ध रखने वाले सूत्र हैं, जिनके द्वारा इनकी प्रक्रिया का विस्तृत विवेचन किया गया है। आठवें अध्याय में सन्धियों तथा उनके भेदों–उपभेदों का विवेचन मिलता है।

पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी की रचना सूत्र–शैली के माध्यम से सम्भवतः इसलिए की होगी क्योंकि उस समय लेखन–सामग्री का अभाव था तथा वैदिक विषयों को कण्ठस्थ करने की प्रथा उस समय भी चली आ रही थी। इस सूत्र शैली की पश्चिमी विद्वानों ने Wonderful algebric brevity अर्थात् इस में बीजगणित के समान अद्भुत संक्षेपीकरण है।

सूत्रशैली के माध्यम से अष्टाध्यायी की रचना करने के लिए महर्षि ने मुख्यतः इन साधनों का आश्रय लिया है – 1) प्रत्याहार 2) अनुबन्ध 3) अनुवत्ति 4) षड्लिङ्ग विभाजन 5) गणविभाजन 6) संज्ञाएं 7) स्थान–स्थान पर सूत्रों के लागू होने वाले स्थानों के लिए पूर्वत्रासिद्धम्(८/२/१) जैसी परिभाषाओं की स्थापना (८) सन्धि–प्रक्रिया तथा (६) समास–विभाजन। इनके अतिरिक्त महर्षि की निपातन प्रक्रिया भी अद्भुत है। पाणिनि ने अष्टाध्यायी में निहित नियमों द्वारा अपनी समकालीन भाषा के समग्र शब्द–भण्डार की व्युत्पत्ति तथा सिद्धि करके भाषा को स्तरीयरूप दिया है। संस्कृत भाषा के या यूं कह कि अपनी समकालीन भाषा, जिसे उन्होंने अपने अध्ययन की सुगमता के लिए उदीच्य, प्राच्य और पाश्चात्त्य रूप में विभाजित करके अपने अनुशीलन की प्रक्रिया अपनाई थी, का नई सूक्ष्मता से विवेचन किया है। अष्टाध्यायी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें कोई भी शब्द निरर्थक नहीं आया है। प्रत्येक शब्द को व्याकरण

की कसौटी पर परखा तथा सिद्ध किया गया है। इसीलिए महाभाष्यकार महर्षि पतञ्जलि इस विषय में उचित ही कहते हैं – **"सामर्थ्ययोगान्नहि किंचिदस्मिन् पश्यामि शास्त्रे यदनर्थकं स्यात् ।**[1]

चीनी यात्री ह्यूनसांग का इस विषय में तथ्य पूर्ण कथन है – महर्षि पाणिनि ने इस अष्टाध्यायी में प्राचीन तथा नवीन सम्पूर्ण ज्ञान का बड़ा वैज्ञानिक विवेचन प्रस्तुत करने का बड़ा सराहनीय कार्य किया है। इससे शब्द और अर्थ की कोई भी बात छूटने नहीं पाई है।[2] इसके उत्कृष्ट गुणों के कारण ही विश्व भर के भाषा शास्त्री इसे भाषा विज्ञान के प्रामाणिक विवेचन का मानदण्ड मानते हैं। संक्षेप में यह ग्रन्थ भाषाशास्त्रिओं के लिए एक महत्त्वपूर्ण एवं अनिवार्य प्रेरणास्रोत बना हुआ है। महर्षि पाणिनि ने इसकी रचना करके जो कीर्तिमान स्थापित किया है ह एक प्रकाश–स्तम्भ बनकर युगों–युगों के लिए विद्वानों तथा भाषा–शास्त्राओं का पथ–प्रदर्शन करता रहेगा। यहां यदि हम योरोप के प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान प्रो॰ मैक्स मूलर का मत भी उद्धृत करें तो और भी उपयुक्त होगा – वह कहते हैं – **"There is no grammar in any language that could via with the wonderful mechanism of his right books of grammatical rules."**

विश्व की किसी भी भाषा में ऐसा व्याकरण नहीं है जो अष्टाध्यायी में समाहित सूत्रों की तुलना करने में समर्थ हो सके।

अष्टाध्यायी के माध्यम से पाणिनि की भाषा–विज्ञान के क्षेत्र में जो मौलिक तथा महत्त्वपूर्ण देन है, उसका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है–

1) १४ माहेश्वर सूत्र समग्र अष्टाध्यायी के मूलभूत आधार हैं।
2) पद–संस्कार सन्दर्भ में शब्दों का प्रकृति और प्रत्यय के रूप में

1. महाभाष्यम् ६/२/७७
2. ह्यूनसांग

विश्लेषण।

3) शब्द का सुबन्त, तिङन्त और अव्ययों में विभाजन। शब्द का इस प्रकार से तीन श्रेणियों में विभाजन संसार की भाषाओं में सर्वोत्तम माना जाता है। इसी विभाजन के आधार पर पाणिनि ने निरुक्तकार यास्क के नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात इन चार भेदों का खण्डन किया है। पश्चिमी भाषा–शास्त्रिओं ने शब्द के भले ही आठ भेद किए हैं, परन्तु उनका विभाजन तो पाणिनि कृत–शब्द –विभाजन के समान वैज्ञानिक नहीं है।

4) वाक्य का महत्त्व सर्व प्रथम पाणिनि ने ही अष्टाध्यायी के माध्यम से इस तथ्य को भाषा शास्त्रिओं के समक्ष प्रस्तुत किया है कि भाषा का चरम बिन्दु वाक्य है न कि शब्द।

5) पाणिनि ने ही सर्वप्रथम नाम–धातु का सिद्धान्त विद्वानों के सामने प्रस्तुत किया है।

6) वैदिक संस्कृत से लौकिक संस्कृत का भेद भी पाणिनि ने ही इस रचना के माध्यम से स्पष्ट किया है।

7) प्रत्येक संस्कृत शब्द का व्युत्पत्ति पूर्वक विश्लेषण भी भाषा के क्षेत्र में सर्वप्रथम पाणिनि की ही देन है।

8) पाणिनि ने अपनी सूत्र पद्धति के द्वारा व्याकरण जैसे शुष्क विषय को भी रुचिकर बना दिया है। सूत्र विन्यास एक ऐसी अद्‌भुत शैली है कि भाषा और (व्याकरण का विशाल स्वरूप इसमें समाकर गागर में सागर मुहावरे को चरितार्थ करता है।

9) प्रत्याहार – निर्माण पद्धति का आविष्कार, सुबन्त, तिङन्त, तद्धित, कृदन्त, गुण, बृद्धि, दीर्घ (सन्धियां) सम्प्रसारण, आगम, आदेश, अनुबन्ध (मित्, नित्, चित् आदि) यण्, लुक्, श्लु, टि, घु (संज्ञाएं) आदि पद्धतिओं द्वारा भाषा का अध्ययन करना पाणिनि की प्रखर मेघा की सर्वथा मौलिक उद्‌भावना है।

10) पाणिनि ने व्याकरण के नियमों एवं सिद्धान्तों के द्वारा संस्कृत भाषा का ऐसा स्तर निर्धारित किया जो सदा के लिए पक्का हो गया।

11) उन्होंने एकाक्षर धातुओं की सहायता से समस्त शब्द – भण्डार को योजनाबद्ध कर दिया है। इसके साथ ही उपसर्ग तथा प्रत्यय जोड़कर हजारों शब्दों का सृजन किया जा सकता है, उपसर्गों तथा प्रत्ययों की सहायता से बहुधा अर्थ भी बदल जाते हैं। इसीलिए कहा गया है –"उपसर्गेण धात्वर्थो–बलादन्यत्र नीयते"। पाणिनि द्वारा वाक्य को ही भाषा की इकाई स्वीकार करने के संदर्भ में यही कारण प्रतीत होता है। यही कारण है कि परवर्ती भाषा शास्त्रिओं ने इस मत का सर्वसम्मति से स्वागत किया है।

12) अष्टाध्यायी में पाणिनि ने ध्वनि–विज्ञान की दृष्टि से प्रयत्न–स्थान तथा ध्वनियों का जो वर्गी–करण किया है, वह भी भाषा विज्ञान के क्षेत्र में अपने ढंग का अनूठा है। इसी प्रकार स्वरों के विषय में सूक्ष्म विचार भी बड़ा विचित्र है। पश्चिमी विद्वानों ने भी इसे यथावत् स्वीकार कर लिया है।

अष्टाध्यायी की उपर्युक्त विशेषताओं के कारण ही देशी तथा विदेशी विद्वानों ने इसकी भूरि–भूरि प्रशंसा की है। संस्कृत इंग्लिश शब्द कोश के संपादक योरोपीय विद्वान् सर मोनियर विलियम ने तो यहां तक कह दिया था कि अष्टाध्यायी जैसी रचना पुनः विश्व की किसी भी भाषा में की जानी अति असम्भव है। इसी प्रकार ज्यों–ज्यों पश्चिमी भाषा वैज्ञानिकों को अष्टाध्यायी के बारे में जानकारी होती गई वे इसकी प्रशंसा के गीत गाते गए।

अष्टाध्यायी के अतिरिक्त पाणिनि ने उणादि सूत्र, धातु पाठ, गणपाठ, लिङ्गानुशासन, पाणिनि शिक्षा, जाम्बवती विजय (महाकाव्य), द्विरूपकोश (इसकी हस्तलिखित पाण्डुलिपि की एकप्रति इण्डिया आफिस–पुस्तकालय, लन्दन में विद्यमान है) आदि पुस्तकों की रचना भी थी, जिनमें से अब जाम्बवती विजय उपलब्ध नहीं है।

उपर्युक्त सर्वेक्षण के आधार पर यह तथ्य सर्वथा स्पष्ट हो जाता है कि पाणिनि ने संस्कृत भाषा पर अपनी स्थायी एंव गहन छाप छोड़कर

रक्खी है। यही कारण है कि परवर्ती वैयाकरण पाणिनि की नकल करने में भी सफल नहीं हो सके। प्रतीत होता है कि जिस प्रकार वर्तमान युग की भाषाओं में स्थानीय विशेषताओं तथा प्रभावों तथा राष्ट्रीय एवं सामाजिक आदि स्तरों के आधार पर अल्प या अधिक भेद अवश्य है ठीक इसी प्रकार पाणिनि कालीन भाषाओं, लौकिक तथा वैदिक संस्कृत का रहा होगा। पाणिनि काल में गुरुकुलों तथा ऋषि – आश्रमों में जिस शिष्ट उदीच्य भाषा का प्रचलन था वही वर्तमान पश्चिमी पञ्जाबी (लहन्दा) का प्राराम्भिक रूप था। वस्तुतः वहीं भाषा पाणिनि के अध्ययन और उनके व्याकरण का आधार बनी थी। इस विषय में गोल्ड–स्टूकर, डॉ॰ कीथ, लीविश आदि योरोपीय तथा डॉ॰ वासुदेव शरण, अग्रवाल, सुनोति कुमार चाटुर्ज्या, डॉ॰ बाबू राम सक्सेना आदि भारतीय विद्वान् भी इस विषय में लगभग एकमत ही हैं। इन सभी विद्वानों का यह विचार है कि यदि पाणिनि कालीन भाषा को बोलचाल की भाषा स्वीकार न किया जाए तो उनके कितने ही सूत्र बेकार हो जाते हैं क्योंकि पाणिनि ने उनका निर्माण केवल जनसाधारण की भाषा को ही ध्यान में रखकर किया था। उन सूत्रों में से विशेष रूप से उल्लेखनीय है – ३/२/२४, ३/२/५५, ५/२/२, ५/५/३१, ५/४/५८ और ३/२/१०८

कुछ खोजों के आधार पर यह भी स्वीकार किया गया है कि महर्षि पाणिनि पारसीकों, ग्रीकों तथा भवनों से अवश्य परिचित प्रो॰ ब्लूम फील्ड को यहां पुनः उद्धृत किया जाता है, जो कहते हैं – "वास्तव में वह भारत देश ही का जहां ऐसे ज्ञान का उद्गम हुआ जो योरोप के लोगों में भाषा सम्बन्धी विचारधारा में क्रान्तिकारी परिवर्तन उपस्थित करने में समर्थ सिद्ध हुआ। जिस प्रकार आज हमारे देश के विभिन्न वर्गों की भाषाओं में अन्तर है ठीक उसी प्रकार प्राचीन भारत में हिन्दुओं की भाषाओं में अन्तर रहा होगा।

प्रसिद्ध भाषाशास्त्री बैजामिन ने १९४० ई॰ में एक लेख में लिखा था

– "जहां तक हमें ज्ञात है, आज के रूप में ही ईसा से कई शताब्दियाँ पूर्व पाणिनि ने इस विज्ञान का शिलान्यास किया था पाणिनि ने उस युग में ही वह ज्ञान प्राप्त कर लिया था जो हमें आज उपलब्ध है। संस्कृत भाषा के वर्णन अथवा इसे विषय–बद्ध करने के लिए पाणिनि के सूत्र बीज–गणित के जटिल नियमों के समान हैं। ग्रीक लोगों ने वस्तुतः इस ज्ञान की अधोगति कर रखी थी। इनकी कृतियों से ज्ञात होता है कि वैज्ञानिक विचारकों के रूप में हिन्दुओं के मुकाबले में ये (ग्रीक लोग) कितने अधिक निम्न स्तर के थे। उनकी शान्तिपूर्ण विचार धारा का प्रभाव प्रायः दो सहस्रवर्षों तक चलता रहा। वास्तव में उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ से ही जब से पश्चिम ने पाणिनि को प्राप्त किया है तभी से वैज्ञानिक भाषाशाला का प्रारम्भ होता है।

उपर्युक्त संक्षिप्त सर्वेक्षण से यह तथ्य स्वतः स्पष्ट हो जाता है कि पाणिनि वास्तव में ही भाषा विज्ञान के आदि आचार्य थे।

—

FLANDER'S INTERACTION ANALYSIS TECHNIQUE

Prof. B.N.Ballia

University of Jammu, Jammu

The teaching-learning situations in the class-room involve interaction between the teacher and the students. The success of a teacher may be judged through the degree of effectiveness of his teaching which may be objectively assessed through his class-room behavior or interaction. Thus, a systematic or objective analysis of the a teacher's class-room interaction may provide a reliable assessment of what goes on inside the class-room in terms of teaching and learning.

Meaning of class-room interaction analysis :

Class-room interaction analysis refers to a technique consisting of objective and systematic observation of the class-room events for the study of the teacher's class-room behavior and the process of interaction going inside the class-room.

Thakur's view: According to Dr. S.K. Thakur, class-room interaction analysis "may be defined as an instrument which is designed to record categories of verbal interaction during or from, recorded teaching learning sessions. It is a technique for capturing qualitative and quantitative dimensions of teacher's verbal behavior in the class-room."

Ruhela's view: Dr. Satya Pal Ruhela, in his book 'Educational Technology' writes that class interaction analysis may be conveniently divided into two parts:-

(i) verbal interaction

(ii) non-verbal interaction.

Investigators studied:

(1) Teacher- pupil interaction

(2) Pupil-pupil interaction

(3) Interaction with various materials, and the focus mainly on:

* Affective elements
* Cognitive elements
* Psychomotor elements
* Activity
* Content
* Physical environment
* Sociological structure

Basic Theoretical Assumptions of Interaction Analysis:

(i) Predominance of verbal behavior

(ii) Higher reliability of verbal behavior

(iii) Consistency of verbal statements

(iv) Teacher's influence

(v) Relation between students and teacher

(vi) Relation between social climate and productivity

(vii) Relation between class-room climate and learning

(viii) Use of observational technique

(ix) Role of feedback

(x) Expression through verbal statement.

Categories

Teacher talk		**Categories**
	Indirect Influence	1. Accept feeling
		2. Praises or encourages
		3. Accept ideas
		4. Asks questions
	Direct Influence	5. Lectures
		6. Gives directions
		7. Criticizes
Student talk		8. Pupil's response
		9. Student talk Initiation
		10. Silence or confusion

Characteristics (Advantages) of Flander's Verbal Interaction Analysis:

1. Scientific technique
2. Systematic recording
3. Analysis of class-room behavior
4. Representative of class-room behavior.
5. Observation technique for class-room behavior
6. Measuring instrument for class-room teaching
7. Evaluative device
8. Feedback device
9. Supplementary device
10. Useful for theory of teaching.

Procedure of Flander's Interaction Analysis:

(1) ***Encoding process***

- Code Number
- Place of sitting
- Recording the category number
- Instant recording
- Recording in uncertainty
- Not to shift into opposite classification
- No biases
- Recording categories after three seconds

(2) ***Decoding process***

- Construction of an interaction matrix

Precaution in the use of Flander's Interaction Analysis:

(1) Trained observers
(2) Avoiding value judgements
(3) Two observers
(4) Inspecting the matrix table
(5) Comparison between matrices
(6) Class-room recording
(7) Number of observations
(8) Indicating sequence of events
(9) Underlining code number

Limitations of Flander's System of Interaction Analysis:

(1) Not useful for non-verbal behavior
(2) Narrow structure of teaching behavior
(3) No balance in categories
(4) No information about content
(5) No place for pupil-pupil interaction
(6) No place for recording reactions
(7) No value judgements
(8) No classification of certain behaviors

(9) Not economical

(10) Non-availability of trained observers

Flander's Interaction Analysis System

Provides the consulting teacher (1) the ability to draw conclusions about the verbal classroom climate and (2) the ability to make inferences about the communication strategies fostered in the classroom.

Teacher/Student/ OtherBehaviors Observed			Tallies Notes	Anecdotal
Teacher Talk	Indirect Influence	1. ***Accepts Feeling:*** Accepting and clarifying the feeling tone of students in a non-threatening manner. Feelings may be positive or negative. Predicting or recalling feelings is included.		
		2.***Praises or Encourages:*** Praising or encouraging student action or behavior. Jokes that release tension, but not at the expense of another individual, nodding head, saying "um hm?" or "go on" are included.		
		3.***Accepts or Uses ideas:*** Clarifying, building or developing ideas suggested by a student. As more of the teacher's own ideas come into play, shift to category 5.		
		4.Asks Questions: Asking a question about content or procedure with the intent that a student answer.		
	Direct Influence	**5.Lecturers:** Giving facts or opinions about content or procedures; expressing the teacher's own ideas, asking rhetorical questions.		
		6.Gives Directions: Giving directions, commands, or orders with which a student is expected to comply.		
		7.Criticizes or Justifies Authority: Making statements intended to change student behavior from unacceptable to acceptable pattern; bawling out someone; stating why the teacher is doing what he/she is doing; extreme self-reference.		

Student Talk	**8.Responds:** Talk by students in response to teacher. Teacher initiates the contact or solicits student statement.		
	9.Initiates: Talk by students, which they initiate. If "calling on" students in only to indicate who may talk next, observer must decide whether student wanted to talk. If so, use this category.		
silence	**10.Silence or Confusion:** Pauses, short periods of silence, and periods of confusion in which communication cannot be understood by the observer.		

Summary of categories for Flander's Interaction Analysis as adapted by S.J. Matthews, June 1995. Original source : Hopkins, W.S., & Moore, K.D. (1993). Clinical supervision: A practical guide to student teacher supervision. Madison, WI : Brown & Benchmark Publishers.

Unit Number		...tudents's response ...creates the contact ...statement.
		...k by students, which they ...students in reply to ...Teacher, whenever must ...I wanted to talk. If ...quiry.
		Confusion: Pauses, short ...and periods of confu... ...communication cannot be un... ...observer.

...s for Flander's interaction analysis adapted
...(Original source): Flanders, N.A., Analyzing
...interaction: A practical guide to students in the
...W. Brown & Benchmark Publishers.

योऽनूचानः स नो महान्

राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

मुख्य भवन

पुस्तकालय भवन



पुरुष छात्रावास

महिला छात्रावास

RASHTRIYA SANSKRIT SANSTHAN

Deemed University under MHRD. Govt of India

SHRI RANBIR CAMPUS

Kot-Bhalwal-181 122 Jammu (J&K) State